लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 103, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 7 जुलाई 2024

www.amritvichar.com



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बढ़ती आबादी हांफते संसाधन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

**आज का मौसम**

30.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होगी।

सूर्योदय 05 : 22
सूर्यास्त 07 : 15



सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस...16

## एक नजर

### कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की पवित्र धरा ने एक और वीर सपूत को देश की सेवा में खो दिया। राइफलमैन कुलभूषण मांटा, जिनकी बहादुरी और साहस की कहानी सुनते ही हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, उन्हें मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी मां दुर्मा देवी और धर्मपत्नी नीतू कुमारी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में ग्रहण किया।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शनिवार को 15 जुलाई तक बढ़ा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर उन्हें विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी।

### डीयू ने अंकपत्र, डिग्री में सुधार शुल्क दोगुना किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने अपने डिग्री प्रमाणपत्र या अंकपत्र में कोई सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क दोगुना कर दिया है। स्नातक के दिन से छह साल के भीतर अंकपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये और छह साल से अधिक की अवधि के लिए 1,000 से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है। छह साल के भीतर अपने डिग्री प्रमाणपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 से बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया गया है। छह साल से अधिक के लिए शुल्क 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया गया है।

### नहीं हुआ मोहर्रम का चांद यौम-ए-आशूर 17 को

**लखनऊ।** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि 6 जुलाई को मोहर्रम का चांद नहीं हुआ, इसलिए 7 जुलाई को जिलहिज्जा की 30 तारीख होगी और 8 जुलाई को पहली मोहर्रम होगी। 17 जुलाई को यौम-ए-आशूर मनाया जाएगा। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि कि पहली मोहर्रम 8 जुलाई को और यौम-ए-आशूर 17 मोहर्रम को होगा।

# पटना में दर्ज हुआ भोले बाबा पर केस

## राजनीतिक आकाओं से जुड़े हैं साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के तार, जांच करेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाथरस भगदड़ प्रकरण में पुलिस अब आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की जांच में जुट गई है। पुलिस को कुछ सुराग मिले हैं जो भोले बाबा के राजनीतिक संबंधों की ओर इशारा कर रहे हैं। संदेह है कि कहीं भगदड़ किसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा तो नहीं थी।

इस बीच, पटना कोर्ट में भोले बाबा के खिलाफ पहला केस दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने आवेदन करते हुए भोले बाबा को मुख्य आरोपी बनाया है और कानूनी कार्यवाई की मांग की है। हाथरस के पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल के एक बयान में यह तथ्य सामने आया कि भोले बाबा का मुख्य सेवादार और मामले में मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने हाल में कुछ नेताओं से संपर्क किया था। इससे घटना के इर्द-गिर्द संभावित राजनीतिक साजिश को भी बल मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मधुकर, भोले बाबा के लिए धन जुटाता था। पुलिस मधुकर को रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए छह जुलाई को न्यायालय में याचिका दाखिल करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपी मधुकर से जुड़े वित्तीय लेनदेन और कॉल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। भगदड़ की शुरुआती जांच में पता चला कि प्रशासन ने 80 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की अनुमति दी थी, लेकिन मधुकर ने वहां पर ढाई लाख लोग जुटाए। बता दें कि हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे।

**डीजीपी ने बनाई फैक्ट्स फाइंडिंग टीम :** हाथरस हादसे के बाद भोले बाबा पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने एक फैक्ट्स फाइंडिंग टीम बनाई है। खास तौर से मैनपुरी, एटा, कासगंज, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, फिरोजबाद, इटावा और आगरा के पुलिस अधीक्षक और पुलिस आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने जिलों में सेवादारों से बात करें। बातचीत के साथ बाबा के काम काज, उनके आश्रम, फंडिंग और उनके मददगारों के बारे में भी जानकारी लेकर अवगत कराएं।

### हमें विश्वास, उपद्रवकारियों को बख्शा नहीं जाएगा : भोले बाबा

हाथरस हादसे में आरोपी भोले बाबा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर कहा कि वह दो जुलाई की घटना से बहुत ही व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमें इस दुख की घड़ी से उबरने की शक्ति दें। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी शासन और प्रशासन पर भरोसा बनाए रखें। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवकारी हैं, उनको बख्शा नहीं जाएगा। अधिवक्ता एपी सिंह के माध्यम से उन्होंने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे शोक संतप्त परिवारों और घायलों के साथ खड़े रहें और जीवन भर उनकी मदद करें।

### हाथरस पहुंचा आयोग घटनास्थल का निरीक्षण

हाथरस में घटनास्थल पर एसआईटी के बाद शनिवार को न्यायिक जांच आयोग की तीन सदस्यीय टीम जांच करने पुलिस लाइन पहुंची। टीम ने प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद टीम फुलरई मुगलगढ़ी स्थित घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने सिकंदराराऊ ट्रॉमा सेंटर को भी देखा। आयोग की टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव और पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह थे।

### ब्लॉक में बतौर तकनीकी सहायक तैनात था मधुकर



पुलिस की गिरफ्त में आया मुख्य आरोपी मधुकर एटा जिले के ब्लॉक शीतलपुर में बतौर तकनीकी सहायक (मनरेगा) के रूप में तैनात था, जिसे अब हटा दिया गया है। मधुकर वहां अनुबंध पर 20 ग्राम पंचायतों का कार्य देख रहा था। खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि मधुकर का मुख्य आरोपी के रूप में नाम सामने आने के बाद सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मधुकर की पत्नी भी पंचायत सहायक है, दोनो एक साथ हाथरस के सिकंदराराऊ कस्बे में रहते थे। मधुकर ने ग्राम प्रधान का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गया। मधुकर ने अपने गांव के भी 30 लोगों को सत्संग से जोड़ा था, लेकिन वह सुरक्षित हैं।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

हाथरस भगदड़ मामले के मुख्य आरोपी मधुकर को जिला न्यायालय ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक भोले बाबा को समन भेजा जाएगा।

### राजस्थान में पेपर लीक करने वाले अपराधी के घर रुकता था भोले बाबा

- जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था

भोले बाबा राजस्थान के एक कुख्यात पेपर लीक माफिया का भी परिचित है। पुलिस विभाग में तैनात एक एडीजी ने बताया कि भोले बाबा जब भी राजस्थान जाता था कि तो दौसा जिले में हर्षवर्धन मीणा के घर पर रुकता था। मीणा राजस्थान-2020 जूनियर इंजीनियर परीक्षा (जेईएन) भर्ती पेपर लीक का मुख्य आरोपी है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में मीणा के घर पर छापा मारा गया था, लेकिन हमारे पहुंचने से पहले ही बाबा वहां से भाग निकला। हालांकि बाबा का पेपर लीक मामले से कोई संबंध नहीं निकला। उन्होंने कहा कि उसके घर के सामने आज भी बाबा के पोस्टर बैनर लगे हुए हैं। विगत 15 वर्षों में मीणा ने 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवाई है। 20 लोग तो उसके परिवार के ही हैं।

## वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 को पेश करेंगी बजट



- संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। रीजीजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की अनुशंसा पर बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई से 12 अगस्त, 2024 तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में कहा था कि बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

## सुधारवादी नेता पेजेश्कियान होंगे ईरान के नए राष्ट्रपति



- कट्टरपंथी नेता सईद जलीली हारे चुनाव
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में सुधारवादी नेता मसूद पेजेश्कियान को जीत मिली है। उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हरा दिया है। अब तक गिने गए तीन करोड़ वोटों में से डॉ. मसूद पेजेश्कियान को 53.3 फ़ीसदी वोट मिले हैं, जबकि जलीली को 44.3 फीसदी वोट मिले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पेजेश्कियान को ईरान का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर शनिवार को बधाई दी। पेजेश्कियान पेशे से हार्ट सर्जन रहे हैं। सुधारवादी माने जाने वाले पेजेश्कियान देश में 'मोरल पुलिसिंग' के कड़े आलोचक रहे हैं। उन्होंने ईरान में एकता और सद्भाव लाने का वादा किया था। यह भी वादा किया था कि वह दुनिया से ईरान के अलगाव को खत्म करेंगे। इसके बाद ही ईरान के लोगों का उनकी ओर झुकाव बढ़ना शुरू हुआ।

## चार आतंकी मारे गए, दो जवान शहीद

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में दो जगहों पर हुईं मुठभेड़ गोलीबारी अभी जारी
- अतिरिक्त सुरक्षाबल मौके पर भेजे गए पूरे इलाके को घेरा



मुठभेड़ में शहीद हरियाणा का प्रदीप नैन।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को दो अलग-अलग मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए। एक शहीद सैनिक हरियाणा के जींद जिले के गांव जाजनवाला नरवाना का निवासी पैरामिलिट्री कमांडो प्रदीप नैन है। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम में दो मुठभेड़ें ऐसे समय में हुई हैं जब अनंतनाग जिले में नुनवान-पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग से पिछले शनिवार को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के कारण पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दोनों मार्गों से तीर्थयात्रियों को कुलगाम जिले से होकर गुजरना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि पहली मुठभेड़ कुलगाम के मोदरगाम गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान (कासो) चला रही थीं। जब सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी शुरू हुई तो अभियान एक मुठभेड़ में बदल गया। शुरुआती गोलीबारी में सेना की एलीट यूनिट का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सा कैंप में उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों को घेरने के लिए अतिरिक्त बलों को इलाके में भेजा गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल मोर्चे पर हैं। मोदरगाम गांव में अभियान चल रहा था तभी कुलगाम जिले के फ्रिसल चिनिगाम में एक और मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी अभी भी जारी है।

## अयोध्या में हमने राम मंदिर आंदोलन को हराया : राहुल

अहमदाबाद, एजेंसी



- गुजरात पहुंचे कांग्रेस नेता ने भाजपा और मोदी सरकार पर साधा निशाना
- अहमदाबाद में बोले-उन्होंने हमारा दफ्तर तोड़ा, हम उनकी सरकार तोड़ेंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भाजपा द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे।

गांधी ने कहा कि उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था। गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में स्थित है।

### हर धर्म में पाया जाता है कांग्रेस का 'हाथ'

गांधी ने कहा कि कांग्रेस का 'हाथ' चिह्न हर धर्म में पाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''गुरुनानक, महावीर, बुद्ध की तस्वीरों को देखिए। इस्लाम में भी वे आशीर्वाद के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। भगवान शिव के चित्र देखिए और आपको यह वहां भी मिलेगा। इसका मतलब है डरो मत, डराओ मत। गांधी ने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस में पार्टी कार्यकर्ता अपने नेताओं के समक्ष अपनी राय व्यक्त करने से नहीं डरते हैं और यहां तक कि उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं तथा उनके मुंह पर ही कह देते हैं कि उन्होंने जो किया, वह उन्हें पसंद नहीं आया।

**वज्रपात से छह, अतिवृष्टि से दो और डूबने से पांच लोगों की गई जान**

## 24 घंटे में वर्षाजनित घटनाओं में 13 लोगों की मौत, 20 शहरों में अलर्ट

- नेपाल में भारी बारिश के चलते सीमावर्ती जिलों को किया सतर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुरादाबाद में शनिवार को हुई बारिश के बाद जीएमडी रोड पर जलभराव के दौरान गुजरते लोग।

**अमृत विचार :** प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। इसमें वज्रपात से कुल छह, अतिवृष्टि से दो और डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस बीच, बारिश को देखते हुए राहत विभाग ने नेपाल की सीमा से लगे जिलों को अलर्ट कर दिया है।

राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार डूबने से मारे गये लोगों में फतेहपुर के दो और मैनपुरी, कौशांबी, प्रतापगढ़ व रायबरेली के एक-एक लोग शामिल हैं, जबकि अतिवृष्टि से रायबरेली व मैनपुरी में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसी तरह, डूबने से फतेहपुर, बुलंदशहर, कन्नौज, फिरोजाबाद व उन्नाव में एक-एक व्यक्ति की जान चली गई।

रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को प्रदेश में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में 75 जिलों में से 48 में अधिक बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने राजधानी सहित प्रदेश के 20 शहरों में 8 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, प्रदेश में जारी सक्रिय मानसून की परिस्थितियों के कारण 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं भारी बारिश के आसार हैं। बता दें कि यूपी में 24 घंटे में कई शहरों में बहुत बारिश हुई है।

**इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट :** देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, शाहजहांपुर।

**इन जिलों के लिए यलो अलर्ट :** सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मथुरा, हाथरस, एटा, मैनपुरी, औरैया, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन।

### शहर के हर मुहल्ले हर गली में पानी ही पानी

**मुरादाबाद।** मूसलाधार बारिश से शहर तालाब जैसा नजर आ रहा है। हर गली, मुहल्ले में पानी ही पानी दिखा। मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार मुख्य मार्ग भी गड्ढों में तब्दील हो गया है। हालांकि बारिश से तापमान में काफी कमी आई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 10 बजे कटघर रेलवे पुल के पास रामगंगा नदी का जलस्तर 188 .440 मीटर रहा।

### भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड में नौ जिलों में आगामी दो दिनों में भारी बारिश के अनुमान के बाद राज्य सरकार की ओर से चेतावनी जारी की गई है, साथ ही गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ, केदारनाथ तीर्थस्थानों (चारों धाम) की यात्रा भी स्थगित कर दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी जिला अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

## सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा



कुलदीप



प्रियांशु



प्रशांत

- दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर वाहन ने बाइक को मारी टक्कर पुलिस को क्षत विक्षत शव मिले

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। बृजघाट जाने की योजना बनाकर तीनों बिना हेलमेट देर रात बाइक पर घर से निकले थे। दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात 12 बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बाइक के नंबर से पता लगाकर परिजनों को सूचना दी और क्षत-विक्षत शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मझोला थाना क्षेत्र के चाऊ की बस्ती निवासी कुलदीप सैनी (22), प्रशांत शर्मा (21) और प्रियांशु माली (22) पड़ोसी हैं। प्रशांत अपने भाई के साथ एक्सपोर्ट फैक्ट्री में काम करता था। वहीं कुलदीप मजदूरी करता था। प्रियांशु जीजा के साथ हलवाई के काम में हाथ बंटाता था। शुक्रवार देर शाम तीनों ने बृजघाट जाने की योजना बनाई। प्रियांशु की बाइक से तीनों बिना हेलमेट के बृजघाट के लिए निकल पड़े। कुछ दूर जाने के बाद पाकबड़ा क्षेत्र के डींगरपुर मोड़ के निकट बिल्सोनिया कॉलेज के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज बारिश में तीनों के शव क्षत-विक्षत हालत में कई घंटे पड़े रहे। शनिवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंची। बाइक नंबर से तीनों की पहचान हुई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह का कहना है कि देर रात हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो तीनों युवक कुचले हुए थे। पास में बाइक पड़ी थी, टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चला है।

**सुरक्षा का जिम्मा** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा को ऑपरेशन मानसून शुरू, 1288 वर्ग किलोमीटर में फैला है कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

## जान जोखिम में डाल वन्यजीवों की रक्षा कर रहे सीटीआर के जवान

विनोद पपनै, रामनगर



**अमृत विचार :** बियावान जंगल में घुप्प अंधेरा ऐसा कि हाथ को हाथ नहीं दिखाई दे, ऊपर से मूसलाधार बारिश, जंगल में कहीं से बाघ तो कहीं से गुलदार के दहाड़ने की आवाज... ऐसी ही दुरुह स्थितियों में जान जोखिम में डालकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कर्मचारी जंगलों में शिकारियों की घुसपैठ रोकते हैं। रात के अंधेरे में अजगर, कोबरा, करैत जैसे जानलेवा सांप-बिच्छुओं से बचते-बचाते हुए शिकारियों की घुसपैठ रोकना और जंगल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखना आसान नहीं है। फिर भी ये वनकर्मी बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत पार्क में सुरक्षा के लिए मुस्तैद रहते हैं। सीटीआर के पर्यटन जोन बंद होने के बाद बारिश के मौसम में 'ऑपरेशन मानसून' शुरू हो जाता है। एक जुलाई से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के 1288.32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले जंगल में रेड अलर्ट घोषित हो गया है। मानसून सत्र तक सभी वनकर्मियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं, वनकर्मी शिकारियों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद हैं।


### सीटीआर की दक्षिणी सीमा अति संवेदनशील

बारिश शुरू होते ही शिकारियों की नजर बाघ, गुलदार और हाथी समेत अन्य जंगली जानवरों के साथ ही पेड़ों पर रहती है। सीटीआर में उत्तर प्रदेश के अमानगढ़, अफजलगढ़, शेरकोट, धामपुर नगीना, नजीबाबाद और मंडावली से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बना रहता है। दक्षिणी सीमा पर प्रत्येक दो किमी में 40 वन चौकियां हैं। इनसे विशेष नजर रखी जाती है। बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त होने से कर्मचारी जंगल से बाहर नहीं आ पाते हैं इस वजह से वन चौकियों में पर्याप्त मात्रा में राशन व जीवन रक्षक दवाइयां भेज दी गई हैं। पार्क में जिन इलाकों में वनकर्मी नहीं पहुंच पाते हैं, वहां ड्रोन और थर्मल कैमरे से निगरानी होती है।

> सीटीआर के फील्ड कर्मचारी वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पूरी मुस्तैदी से दिन-रात तैनात हैं। खोजी कुत्तों, ड्रोन, तथा हाथियों से भी गश्त की जा रही है। वन्यजीवों की सुरक्षा, शिकारियों की घुसपैठ रोकने को हर पल निगहबानी के लिए हम चौकस हैं। - **डॉ. धीरज पांडेय**, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

### ऐसे होती है जंगल की निगेहबानी

एक हजार वन कर्मी, 4 स्नीफर डॉग्स व 12 हाथियों के माध्यम से गश्त करते हैं। इसके अलावा वन कर्मियों की लंबी और छोटी दूरी की पैदल गश्त, ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, वायरलैस सेट से सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। इतनी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की वजह से ही सीटीआर में शिकारियों का घुसपैठ करना आसान नहीं है।




## शहर में आज



☞ राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से स्थापना दिवस पर पुजारी सम्मेलन काली माता मंदिर लालबाग में दोपहर 1.00 बजे।

☞ अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्नातक संघ की बैठक दिल्ली रोड स्थित पार्क स्कवायर होटल में दोपहर 12 :00 बजे।

☞ आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में ताइक्वांडो शिविर सुबह 9 :00 बजे।

## एक नजर

### पंपिंग सेट लगाकर निगम प्रशासन जलनिकासी में जुटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दोपहर में हुई मूसलाधार बारिश से महानगर के तालाब बनने से नगर निगम प्रशासन की मुसीबत बढ़ गई। हर ओर पानी-पानी से मचा हाहाकार से निगम के कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। मूसलाधार बारिश के बीच किसी तरह शिव नगर, लाइनपार जाहिद नगर में मडपंप व पंपिग सेट लगाकर जलनिकासी के प्रयास किए गए। भोलानाथ कॉलोनी में मिट्टी भरे बोरे डालकर जलनिकासी कराई गई। वहीं बुध बाजार क्षेत्र में नाली के मलबे को उठाया गया। रामगंगा विहार में भी निगम कर्मियों ने पहुंचकर जलनिकासी कराने में लगे। वहीं प्रवर्तन दल ने कांठ रोड व अटल पथ पर पेट्रोलिंग कर स्ट्रीट वेंडरों को हटवाया। चेतावनी दी कि दोबारा दिखने पर सामान जब्त कर लिया जाएगा।

### सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित है संस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिलाओं की संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल हमेशा सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित रहती है। समाज में जरूरतमंदों की मदद को संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा व सदस्य बढ़ चढ़कर सहभागिता करती हैं। संस्था की अध्यक्ष ने बताया कि शुक्रवार को भी इसी क्रम में भंडारे में राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया था। इसके पहले भी समाज के गरीब व कमजोर वर्ग के जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं और आगे भी सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता रहेगी। अध्यक्ष ने बताया कि संस्था महिलाओं के सहयोग से लगातार धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित करती है। इन कार्यों में संजना भटनागर, पूजा गोयल, मिली सिक्का, दीपा अग्रवाल, तान्या गुप्ता, वांशि भटनागर आदि का सहयोग रहता है।



जीएमडी रोड पर बारिश के बाद हुए जल भराव से गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार




कांठ रोड पर अकबर के किले के पास भरा पानी। ● अमृत विचार

# मूसलाधार बारिश से महानगर बना तालाब, हर ओर बस पानी ही पानी

## हर सड़क व कॉलोनी हुई जलमग्न, घरों व कार्यालयों में भी घुसा बारिश का पानी, कांठ रोड पर सड़क के गड्ढों में पानी भरने से फंसे कई वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को मूसलाधार बारिश से महानगर तालाब बन गया। हर ओर बस पानी ही पानी दिखा। मुख्य मार्गों की खस्ताहाली लोगों पर भारी पड़ी। मुरादाबाद-कांठ- हरिद्वार मुख्य मार्ग पर पीएसी से लेकर विवेकानंद अस्पताल तक सड़क के गड्ढों में वाहनों के पहिए फंसे। वहीं नाला ऊफान पर होने से बारिश का पानी सड़क पर तेज प्रवाह के साथ काफी देर तक बहता रहा। कांठ रोड पर किले से लेकर हरथला तक सड़क जलमग्न थी। तहसील तिराहे पर पानी भरने से वाहनों का लंबा जाम लग गया। पुलिया निर्माण की सुस्ती भी लोगों पर भारी पड़ी।

तीन दिनों से रुक-रुक कर चल रहा बारिश का क्रम शनिवार को दोपहर में मूसलाधार बारिश में बदल गया। 2 बजे से लेकर पांच बजे तक जमकर बारिश हुई। जिससे महानगर की हर सड़क व मोहल्ले की गलियां जलमग्न हो गईं। कांठ रोड पर पुलिया निर्माण के चलते नाला चोक होने से किले व आसपास की सड़क पर हर ओर पानी और गड्ढों में फंसे वाहन ही दिखे। सड़क की पटरी पर यातायात पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर और रस्सी बांध लोगों को गड्ढों से काफी हद तक बचाने का प्रयास किया है, लेकिन मूसलाधार बारिश में सारे प्रबंध बह गए। वाहनों का लंबा जाम लगने से लोगों को एक तरफ बारिश तो दूसरी तरफ सड़क पर भरे पानी के बीच होकर गुजरना पड़ा। महानगर में ऐसी बारिश इस सीजन में पहली बार होने से नगर निगम के जलनिकासी के सभी दावे धरे रह गए।

हालांकि जिलाधिकारी ने भी निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को जलनिकासी का प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश एक दिन पूर्व दिया था लेकिन अगले ही दिन सब कुछ निरर्थक साबित हुआ। नालों में सिल्ट भरा होने से बारिश होने पर सड़क पर गंदा पानी भरने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का डर भी सता रहा है। कई सरकारी कार्यालय परिसर में भी पानी भरने से फरियादियों व कर्मचारियों को असुविधा हुई। महानगर के निचले हिस्से झब्बू का नाला, लाइनपार के रामतलैया में पहले से भरा पानी निकला नहीं था, ऊपर से और हुई बारिश से यहां की स्थिति और विकट हो गई। रामगंगा विहार, आशियाना, हरथला में हर ओर पानी भरा था।

जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि नगर निगम के अधिकारियों को जलनिकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। गंभीरता न दिखाने पर कार्रवाई भी करेंगे। कांठ रोड के गड्ढे भरने का निर्देश भी लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को दिया है।



जेल रोड पर जलभराव के बीच गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार

## सड़क निर्माण कार्य में मनमानी पड़ी भारी, गड्ढों में गिरे वाहन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हाईवे से बहकर बारिश का पानी लोगों के घरों में पहुंचा, आवागमन में हुई परेशानी
- गली-मोहल्लों से होकर दोपहिया वाहनों के गुजरने से बनी जाम की स्थिति, हुई मुश्किल

**अमृत विचार:** चार दिन की बारिश ने कांठ रोड पर निर्माण कार्य की पोल खोल कर रख दी है। शनिवार को दोपहर बाद शुरू हुई बारिश से सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया। जिसमें वाहन चालक गिरकर फंसते रहे। जिसके चलते कांठ रोड पर कई घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। हाईवे से बहकर बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया।

शनिवार की दोपहर के बाद शुरू हुई बारिश में कांठ रोड पर दो बजे के बाद शाम छह बजे तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इसका मुख्य कारण लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी से कार्य करना है। जिससे कांठ पर रोड पीएसी तिराहे से भटावली गांव तक बने गड्ढों में बारिश का पानी भर गया। जिसके चलते वहां से गुजरने वाले छोटे-बड़े वाहनों के चालक गड्ढों का अनुमान नहीं लगा सके और एक के बाद एक दर्जनों वाहन इन गड्ढों में फंसते रहे। जिससे दोपहर से शाम तक कांठ रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। जिसे व्यवस्थित करने में ट्रैफिक पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हाईवे से बारिश का पानी सोनकपुर स्टेडियम मार्ग पर स्थित कॉलोनियों में बने घरों में घुस गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्ग पर जाम के चलते दो पहिया वाहन चालकों ने गली मोहल्लों से निकलना शुरू किया जिससे कुछ देर बाद वहां भी जाम की स्थिति बनने लगी। पीबीआर मॉल के पास के गड्ढे में भरे पानी से चार पहिया वाहन फंस गए। वहीं किले के पास रोडवेज की दो बसे भी गड्ढों में काफी देर तक फंसी रही। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हुए।



बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

### कई मोहल्लों में ट्रिपिंग की समस्या से जूझते रहे लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बीते कई दिनों से हो रही बारिश से जहां एक तरफ मौसम सुहाना हो गया है। वहीं दूसरी ओर बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। महानगर में फाल्ट होने से विभिन्न स्थानों पर जहां घंटों बिजली गुल रही, वहीं ट्रिपिंग की समस्या भी बनी है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार को सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। साथ ही बिजली की आवाजाही भी शुरू हो गई। ट्रिपिंग की समस्या के चलते आशियाना, बुद्धि विहार, करूला, मुफ्ती टोला में बिजली ने लोगों को परेशान किया। विभिन्न स्थानों पर फाल्ट भी हुई। बुद्धि विहार निवासी सुनीता कश्यप ने बताया कि ट्रिपिंग से काफी परेशानी हुई है। शनिवार को दिन में आधा घंटे तक बिजली गुल रही।



अशोकनगर में बारिश के पानी के बीच गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार



पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम से मुलाकात करते हस्तशिल्प कारीगर।

## पूर्व सांसद से मिले हस्तशिल्प कारीगर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम से महानगर के हस्तशिल्प कारीगरों ने मुलाकात की और उनसे आर्टीजन विलेज व एमएसएमई क्लस्टर का जल्द निर्माण कराने की मांग की।

शनिवार को हस्तशिल्प कारीगरों ने हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद नोमान मंसूरी के नेतृत्व में पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम से मुलाकात की। इस दौरान आर्टीजनों ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुरादाबाद के कारीगरों की एक लंबी मांग चली आ रही थी, जिसके सिलसिले में कई बार जफर इस्लाम से मुलाकात की थी। जिस पर प्रदेश सरकार द्वारा एमडीए की महायोजना में आर्टीजन विलेज और एमएसएमई क्लस्टर भी मुरादाबाद को दिया है। इस दौरान पद्मश्री शिल्पगुरू दिलशाद हुसैन, जेपी सिंह, मोहम्मद नदीम, नौशाद वारसी व ठाकुर रंजीत सिंह आदि शामिल रहे।

**राज्य विश्वविद्यालय** | कंसल्टेंसी टीम तैयार कर रही ब्लू प्रिंट, पीडब्ल्यूडी को दिया जाएगा ब्लू प्रिंट

# हरदासपुर में बाउंड्री बनाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मेरठ की आरसीसी डेवलपर्स कंपनी 209 करोड़ रुपये में तैयार करेगी विश्वविद्यालय का भवन

**अमृत विचार :** जनपद के हरदासपुर स्थित गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय की बाउंड्री के लिए पिलर तैयार कराए जा रहे हैं। इसके बाद बाउंड्री बनाई जाएगी। कंसल्टेंसी टीम ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। ब्लू प्रिंट तैयार होने के बाद लोनिवि को सौंपा जाएगा। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य शुरू करेगा।

मंडल मुख्यालय पर राज्य विश्वविद्यालय के लिए काम तेजी से चल रहा है। 10 दिन पहले लोक निर्माण विभाग की टीम ने शिक्षा और राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ रामगंगा पार हरदासपुर स्थित यूनिवर्सिटी स्थल का जायजा लिया। जिसके बाद लेखपालों द्वारा बताई गई जमीन पर काम शुरू कर दिया गया है। अभी यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के लिए पिलर बनाए जा रहे हैं। वहीं, कंसल्टेंसी टीम सर्वे के अनुसार यूनिवर्सिटी का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। ब्लू प्रिंट तैयार होने के बाद उसे लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को सौंपा जाएगा। अभियंताओं की राय लेने के बाद उसमें आंशिक फेरबदल भी हो सकता है। ब्लू प्रिंट पर मोहर लगने के बाद यूनिवर्सिटी का काम कार्यदायी संस्था के माध्यम से कराया जाएगा। यूनिवर्सिटी का ठेका मेरठ स्थित आरसीसी डेवलपर कंपनी को मिला है। कंपनी 209 करोड़ रुपये में यूनिवर्सिटी के लिए भवन तैयार करेगी।

### मंडल के 310 महाविद्यालयों के दो लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद में यूनिवर्सिटी बनाने के लिए चार दशकों से प्रयास चल रहे हैं। अब विश्वविद्यालय बनने के बाद लंबे समय से चल रहे यूनिवर्सिटी बनने पर प्रयास सफल हो जाएगा। अभी तक मुरादाबाद मंडल के विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विद्यार्थियों को दाखिला फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, अंकतालिका के अलावा अन्य दिक्कतों का समाधान करवाना दूभर हो जाता है। खासकर छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन मुरादाबाद में विश्वविद्यालय बनने के बाद मंडल के 310 महाविद्यालयों के लगभग दो लाख 32 हजार 750 विद्यार्थियों को बड़ी राहत होगी।

### राजस्व विभाग के पास है 48.5 एकड़ जमीन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के हरदासपुर में विश्वविद्यालय के लिए जिला प्रशासन ने 50 एकड़ जमीन निर्धारित की है। जिसमें 48 .5 एकड़ जमीन सरकार की है। 2 .5 एकड़ जमीन तीन किसानों की है। खरीद के लिए शासन को ड्राफ्ट भेजा था जो मंजूर हो गया है। जबकि उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी को खरीद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### क्लब ने चिकित्सकों को सम्मानित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोल्डन लाइंस क्लब मुरादाबाद आर्यन की ओर से यूनिक हॉस्पिटल में डॉक्टर्स-डे का आयोजन किया गया। इसमें क्लब ने पांच चिकित्सकों को सर्टिफिकेट एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। इससे पहले पीडीसीपी सुदेश आर्या ने वादन गायत्री मंत्र, ध्वज वंदना की। टीम अध्यक्ष रति रस्तोगी, सिमरन कौर और सारिका ने सभी चिकित्सकों का स्वागत किया। इस दौरान संध्या सेठ, नीता, रौली, जूही, अनुपमा ने सहयोग दिया।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA TM©
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500277920 7500223290
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

मध्यम बारिश का अनुमान है।

28.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:22 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

## फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने किया रक्तदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में राम उजागर की पुण्यतिथि मनाई। जिला अस्पताल में शिविर में सभी सदस्यों ने रक्तदान किया। शनिवार को राम उजागर पांडे की पुण्यतिथि पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, जिला मंत्री हेमंत चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, जिला उपाध्यक्ष हरीश चौहान, संप्रेक्षक त्रिवेंद्र चौहान, अमरेश चौधरी, योगेश कुमार, अंकुर चौहान, दीपक राजपूत, पीपी चौहान, राजेश पाठक, विवेक चौधरी, अरमान अली रहे।

# तीन दिन में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत

## लापरवाही से वाहन चलाना बना मौत का कारण, दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हुए तीनों हादसे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लापरवाही के चलते एक हफ्ते में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हुई हैं। दो दिन पहले दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूंढापांडे क्षेत्र में एक साथ पांच लोगों की मौत हुई थी। वहीं शुक्रवार को लैब टेक्नीशियन की बाइक अज्ञात वाहन से टकराने से मौत हुई। अब शनिवार को तीन दोस्त हादसे का शिकार हो गए। तीनों बिना हेलमेट के बाइक से बृजघाट जा रहे थे। तीन दिन में अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों ने मौके पर दम तोड़ा जबकि एक की अस्पताल जाने के बाद मौत हुई है।

बता दें, दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन दिन में तीन सड़क हादसे हुए। जिनमें दो पाकबड़ा क्षेत्र और तीसरी घटना तीन दिन पहले मूंढापांडे थाना क्षेत्र में हुई। अलग-अलग दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हुई है। वहीं एक अभी तक अस्पताल में भर्ती है। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में गुरुवार को कार में सवार होकर दिल्ली से आ रहे एक ही परिवार के चार लोगों समेत पांच की मौत हुई थी। दंपति हज यात्रा करके दिल्ली पहुंचा था। दंपति को लेने उनके बेटे कार से दिल्ली गए। लौटते समय चालक को झपकी आने से हादसे का शिकार हो गए।


विलाप करते मृतक प्रशांत के परिजन।


लाइनपार में गमजदा बैठे मृतक कुलदीप के परिजन।

- बाइक से तीनों युवक बिना हेलमेट लगाए जा रहे थे बृजघाट

**एक दिन पहले हुई थी लैब टेक्नीशियन की मौत :** वहीं रामपुर के मिलक क्षेत्र के गांव परम निवासी धनपाल सिंह दिल्ली के निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की नौकरी करते थे। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से मिलक से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान पाकबड़ा क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। धनपाल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। अब शनिवार को तीन दोस्तों का याराना उन्हें मौत के मुंह में खींच ले गया। तीनों दोस्त शुक्रवार रात बिना हेलमेट के बाइक से बृजघाट के लिए निकले थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कुलदीप सैनी (22), प्रशांत शर्मा (21) और प्रियांशु (22) की मौके पर ही मौत हो गई। तेज बारिश में तीनों के शव घंटों तक सड़क पर पड़े रहे। देर से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया।

### बुझ गया घर का चिराग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रियांशु की शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वह पांच बहनों में इकलौता भाई था। प्रियांशु के चार बहनों की शादी हो गई है। चार साल पहले माता-पिता का निधन हो गया था। प्रियांशु अपने जीजा के साथ हल्द्वानी में हलवाई का काम करता था। अब परिवार में एक बहन बची है। प्रियांशु के दोस्त ने बताया है कि बृजघाट जाने से कुछ देर पहले वह प्रियांशु के साथ था। उसे जाने से रोका था, लेकिन नहीं माना। सुबह उसको प्रियांशु की मौत की खबर मिली।

### बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** क्षत-विक्षत शव बरामद करते समय पुलिस की ट्रैफिक व्यवस्था फेल हो गई। दिल्ली की तरफ से आ रही डबल डेकर बस ने कार को टक्कर मार दी। दोनों के चालक वाहन लेकर मौके से भाग गए। इसके बाद रामपुर से आ रही कार को पुलिस ने रोका तो टैंकर ने पीछे टक्कर मार दी। कार 50 मीटर तक घिसटती हुई तीनों शवों के ऊपर चढ़ गई। इस दौरान सड़क पर मौजूद पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। ट्रैफिक की वजह से कई जिंदगियों की कुछ देर तक सांस अटक गई। तीन लोगों को मामूली चोटें लगी हैं। आनन-फानन में पुलिस ने सड़क से शव हटाकर यातायात सुचारु कराया।

# कार्यकारिणी में नए सदस्यों के चुनाव को लेकर जोड़तोड़ तेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारी**
- भाजपा व विपक्ष में अधिक सदस्य बनवाने की जोर आजमाइश
- निगम बोर्ड में भाजपा के सर्वाधिक पार्षद, कांग्रेस दूसरे नंबर पर

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी में 6 पार्षदों का कार्यकाल सदस्य के रूप में समाप्त होने के बाद अब 11 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए जोड़तोड़ तेज हो गई है। पिछली कार्यकारिणी में भाजपा के तीन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने पर नये सदस्य चुने जाएंगे। जबकि कांग्रेस के मोहम्मद जुनैद व सपा के इकबाल अंसारी व शीरीगुल का कार्यकाल समाप्त होने से उनकी जगह दूसरे का चुनाव होगा।

पिछली कार्यकारिणी में भाजपा के गीता शर्मा, कविता गुप्ता, देशरत्न कत्याल, राहुल देव वरूण, टीटू सैनी और तुषार सिंह सहित सात सदस्य शामिल थे। कांग्रेस से तीन सदस्य मोहसिन अहमद, मोहम्मद जुनैद और रुबी और सपा के दो पार्षद शीरीगुल व इकबाल अंसारी थे। 20 जून को कार्यकारिणी की बैठक में 6 सदस्यों का एक साल का कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा की गई थी। जिसमें भाजपा के पार्षद राहुल देव वरूण, टीटू सैनी, कविता गुप्ता, सपा के इकबाल अंसारी और शीरीगुल और कांग्रेस के मोहम्मद जुनैद शामिल हैं। अब इनके स्थान पर नये सदस्यों का चुनाव 11 जुलाई को कराया जाना है।

कार्यकारिणी में भाजपा के महापौर विनोद अग्रवाल अध्यक्ष और वार्ड 47 के पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव उपाध्यक्ष हैं। निगम में भाजपा के सर्वाधिक पार्षद होने का फायदा कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में मिलना तय है। एक सदस्य जिताने के लिए 12 पार्षदों का समर्थन चाहिए। भाजपा के तीन सदस्यों के खाली पदों के सापेक्ष तीन या इससे अधिक पर दबदबा बनाने के लिए जोर लगाएगी। जबकि 12 के फार्मूले पर 22 पार्षदों वाली कांग्रेस के दो सदस्य आसानी से निर्वाचित होने की संभावना दिख रही है। सपा के लिए राह मुश्किल दिख रही है। कांग्रेस पार्षद दल के नेता अनुभव मेहरोत्रा का कहना है कि कार्यकारिणी के चुनाव में कांग्रेस मजबूत स्थिति में रहेगी। वहीं नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव का कहना है कि भाजपा मजबूत स्थिति में है। हमारे चार सदस्य और जीतकर आएंगे।

# पहले छलकाए थे जाम फिर दिया वारदात को अंजाम..., दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**बुद्धि विहार गोलीकांड प्रकरण**
- आरोपियों ने वैभव के कंधे में तमंचा सटाकर मारी थी गोली
- मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

**अमृत विचार:** मझोला के बुद्धि विहार में 11वीं के छात्र वैभव (20) को गोली मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने पूछताछ में बताया कि वैभव ने उसके छोटे भाई से मारपीट की थी। उसी दिन से आरोपी वैभव की रेकी कर रहे थे। वारदात से पहले दोनों आरोपियों ने साथियों के साथ दो-दो जाम गटके। इसके बाद वैभव के कंधे में तमंचा सटाकर गोली मार दी थी। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश में जुटी है।

सिविल लाइंस के आशियाना कॉलोनी निवासी राजेश कुमार राजा का बेटा वैभव मंगलवार शाम अपने मित्र आयुष के साथ बुद्धि विहार में घूमने गया था। दोनों ऑटो में बैठकर बुद्धि विहार में सेंटमेरी स्कूल के पीछे तालाब के पास पहुंचे थे। इसी दौरान वहां हिमगिरी कॉलोनी निवासी अंकित यदुवंशी, सुमित और अमित व नन्हें चौधरी अपने अन्य दो साथियों के साथ बाइकों से पहुंच गए। आरोपियों ने वैभव के कंधे में तमंचा सटाकर गोली मार दी। जिसमें वह घायल हो गया था।

सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि हिमगिरी कॉलोनी निवासी आरोपी अंकित यदुवंशी और उसका मौसेरा भाई सुमित गिरफ्तार हो चुका है। आरोपियों की निशानदेही पर तमंचा भी बरामद किया गया है। जल्द ही अन्य आरोपी भी पकड़े जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, वारदात से पहले अंकित यदुवंशी ने अपने साथियों के साथ महफिल सजाई थी। दो-दो जाम के साथ घटना की पूरी प्लानिंग हुई। इसके बाद उन्होंने वैभव की रेकी कर मंगलवार को गोलीबारी कर दी।

वहीं आरोपी अंकित ने पूछताछ में बताया कि घटना से 15 दिन पहले वैभव और उसके साथियों ने मझोला क्षेत्र में मेरे छोटे भाई राज के साथ मारपीट की थी। इसके बाद मैं अन्य दोस्तों के साथ वैभव पर हमला करने के लिए उसके घर आशियाना कॉलोनी गया था लेकिन वैभव के परिवार ने दरवाजा नहीं खोला था। इसके बाद वह घर लौट गया था। इसके बाद से वैभव की तलाश में था। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## 10 लाख न मिलने से पति ने महिला को पीटा, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ससुराल से 10 लाख रुपये न मिलने से पति ने महिला की पिटाई कर दी। विरोध पर महिला को घर से भगा दिया। एसएसपी के आदेश पर पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कटघर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी डोली शर्मा का विवाह तीन साल पहले पीतलनगरी के अनमोल से हुआ था। विवाह में पीड़िता के पिता ने कार समेत 10 लाख का दहेज दिया था। कम दहेज मिलने से नाखुश ससुराली शादी के कुछ समय बाद पीड़िता को प्रताड़ित करते थे। विरोध पर मारपीट करते थे। पति ने पिछले साल अप्रैल में 10 लाख रुपये मायके से लाने को कहा था। आरोप है कि, रुपये नहीं मिलने से पति ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता तभी से अपने मायके में रह रही है। शुक्रवार को पीड़िता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। मामले में पुलिस ने अनमोल समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश की याद दिलाएगा सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के कंपनी बाग के पास भाजपा के पूर्व सांसद दिवंगत कुंवर सर्वेश सिंह मेमोरियल सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सैयद जफर इस्लाम ने किया। उन्होंने पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला।

कहा कि पूर्व सांसद ने अपनी लोकसभा की सभी विधानसभाओं में सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्य किया। उनके पास से कोई निराश होकर नहीं लौटा। अपने कार्य की वजह से वह हमेशा याद किए जाएंगे। यह सेल्फी प्वाइंट हमेशा उनकी याद दिलाता रहेगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि कुंवर सर्वेश सिंह लोकप्रिय राजनेता थे। उन्होंने जब से राजनीति में कदम रखा कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।


कुंवर सर्वेश सिंह मेमोरियल सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते राज्यसभा के पूर्व सांसद जफर इस्लाम, साथ में अन्य भाजपा नेता।

**कार्यक्रम**
- कुंवर सर्वेश सिंह मेमोरियल सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा-कुंवर सर्वेश सिंह लोकप्रिय राजनेता थे

आज वह हमारे बीच में नहीं है उनकी कमी भारतीय जनता पार्टी को हमेशा खलेगी। लोकार्पण के दौरान बढ़ापुर विधायक सुशांत सिंह, कांठ के पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, केके मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, यस सोसायटी के चेयरमैन जेपी सिंह, विकास जैन, पद्मश्री से सम्मानित दिलशाद हुसैन, रनजीत सिंह, नवीन चौधरी, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, पूर्व जिला मंत्री अभिषेक सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अरुण पंडित, मयूर भाटिया, मंडल प्रभारी दीपक गोयल, जिला मंत्री चकित चौधरी, रामजी राय, अमित कुमार, सुनीता शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**देरी** — रिंग रोड के केवल 19-20 प्रतिशत तक प्रगति होने का दावा कर रहे हैं एनएचएआई के अधिकारी

# 655 करोड़ से बनने वाले रिंग रोड में निर्माण की प्रगति खराब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर अगवानपुर फ्लाई ओवर के पास धनुपुरा से डिलारी तक रिंग रोड बन रहा है। इस पर निर्माण सितंबर 2023 से शुरू हुआ है। रिंग रोड सितंबर 2025 तक बनना है। इसकी कुल लंबाई 33 किमी बताई जा रही है। इस रिंग रोड का स्ट्रक्चर छह लेन का बनाया जा रहा है, जबकि रोड फोरलेन की होगी। इस तरह 26-27 मीटर चौड़ाई वाला रिंग रोड बनेगा। इस पूरे निर्माण में 655 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। काम शुरू हुए अब तक 10 महीने हो गए हैं, लेकिन कोई संतोषजनक प्रगति नहीं है। केवल 5-6 किमी तक ही सिर्फ गिट्टी पड़ जाने का दावा एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के अधिकारी कर रहे हैं।


रिंग रोड के निर्माण में मार्ग पर मिट्टी को समतल करती जेसीबी। • फाइल फोटो।

एनएचएआई के जेई शांतुन ने बताया कि मुरादाबाद से उत्तराखंड और दिल्ली व लखनऊ को जोड़ने वाले रिंग रोड का कार्य अगले साल में पूरा होना है। अब दिल्ली से उत्तराखंड जाने वाले राहगीर रिंग रोड से होकर जा सकेंगे। इससे उत्तराखंड को जाने के लिए करीब 20 किमी का लंबा रास्ता भी सुगम होगा। जिले की सीमा में 33 किमी रिंग रोड बनेगा, जबकि उत्तराखंड तक इसकी कुल लंबाई 105 किमी है।

### धनुपुरा से रामपुर रोड तक बनेगा रिंग रोड

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहीत की जा चुकी है। रिंग रोड अगवानपुर फ्लाई ओवर से होते हुए दिल्ली रोड की ओर धनुपुरा गांव तक और उत्तराखंड की ओर इस्लाम नगर होते हुए रामपुर रोड से जुड़ेगा। साल भर बाद इस रिंग रोड के कारण आसपास के गांवों का विकास भी तेजी से होगा।

### रिंग रोड दिलाएगा जाम से निजात

दिल्ली रोड से कांठ रोड होकर रामगंगा पुल को जोड़ते हुए यह रिंग रोड उत्तराखंड को जाने वाले काशीपुर मार्ग व रामपुर मार्ग को जोड़ेगा। कांठ रोड से दिल्ली रोड पर धनुपुरा तक एनएचएआई जो सड़क निर्माण कर रहा है, उससे महानगर की बाहरी सीमा रिंग रोड से जुड़ेगी।

### दिल्ली रोड से रामपुर रोड तक जुड़ने वाले गांव

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टीएमयू के पीछे से रिंग रोड अगवानपुर शेरुआ होते हुए रामपुर रोड पर हवेली रेस्टोरेंट तक जुड़ेगा। इसमें मौड़ा तैया, अबाबकपुर, भटावली, बीजना, दादूपुर, धनुपुरा, गिंदौड़ा, गुरैठा, सलेमपुर बंगर, पल्लूपुरा, अगवानपुर, गुरैठा, हटहट, काजीपुरा, करकर घटा, लक्ष्मीपुर कट्टई, डिलारी समेत गांवों की जमीन शामिल है।

# एंगल के सहारे खड़े बिजली के खंभे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कहने को तो महानगर स्मार्ट सिटी है। लेकिन, यहां लोगों को सुविधा उसके अनुसार नहीं मिल रही। मानसून में जहां सड़कों पर जलभराव ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है। वहीं, लोहे की एंगल के सहारे खड़े बिजली के खंभे स्मार्ट सिटी की स्थिति बयां कर रहे हैं। यह बिजली के खंभे कभी भी बारिश और तेज हवा में गिर सकते हैं। मगर, बिजली विभाग के अधिकारी इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।

मानसून में बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिससे मौसम सुहाना हो गया है। लेकिन, बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी हादसे के का कारण बन सकती है। एकतरफ जहां बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर खुले में रखे हैं। तो दूसरी ओर बिजली के खंभे की स्थित कई जगह बहुत नाजुक है।



रामगंगा विहार में लोहे की एंगल के सहारे खड़ा बिजली का खंभा।

रामगंगा विहार, आशियाना समेत अन्य कॉलोनियों में लगे बिजली के खंभे नीचे से जंग खाकर गल चुके हैं। जिसपर बिजली विभाग ने इन खंभों को बदलने के स्थान पर नीचे लोहे की एंगल लगाकर काम चलाऊ कर दिया है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का डर है। आशियाना फेज एक में निजी अस्पताल के सामने भी एक ऐसा ही खंभा है। जो लोहे की एंगल के सहारे खड़ा है। वहीं रामगंगा विहार सीएल गुप्ता घाट वाले रास्ते पर भी खंभे का यहीं हाल है। रामगंगा विहार की मुख्य सड़क के बीच में लगे खंभे की हालत भी खस्ता है। साथ ही सड़क के किनारे लगे खंभों की भी हालत जर्जर है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने कहा कि अगर महानगर में ऐसे खंभे हैं। तो इसपर जल्द काम किया जाएगा। इन खंभों को हटाकर इनके स्थान पर नए खंभे लगाए जाएंगे।

## एक नजर

### पाइप लाइन लीकेज की कराई मरम्मत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम के जलकल अनुभाग में आई जन शिकायतों के आधार पर वार्ड नंबर 6, 18, 20, 34, 50 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई गई। वार्ड नंबर 19 में सीवर की सफाई भी कर्मचारियों ने की। वार्ड नंबर 30, 52 व 63 में पानी न आने की शिकायत भी दूर कराई गई। वहीं पथ प्रकाश विभाग ने 64 एलईडी लाइटें ठीक कराई गई।

### आज लगेगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन जिले की सभी सीएचसी व पीएचसी पर रविवार को हो रहा है। इसके लिए सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने अधीनस्थों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य मेला आयोजन के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले में जिन डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ कर्मियों को ड्यूटी लगी है उन्हें हर हाल में उपस्थित रहना होता है।


डिलारी बीआरसी पर आयोजित दिव्यांगता मूल्यांकन केंद्र पर मौजूद टीम व जरूरतमंद।

## डिलारी में लगा दिव्यांगता मूल्यांकन कैंप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इन दिनों अभियान चलाकर बेसिक शिक्षा विभाग में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड जरूरतमंद छात्र-छात्राओं का परीक्षण कर उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बना रहा है। इसके लिए कैंप लगाया जा रहा है।

इसी क्रम में चौथा कैंप शनिवार को डिलारी के बीआरसी केंद्र पर लगा। यहां कुल 25 बच्चों में दिव्यांगता जांची गई। इनमें पात्र मिले 15 लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी कर दिए गए हैं। चार लोगों के निरस्त किए गए हैं। इनमें वजीदनगर ठाकुरद्वारा की महक नूर, चंदखेरी डिलारी के तौसिफ रजा, नकी, नगला ताहर राजपुर केसरिया की ललिता हैं।

दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के सदस्यों ने बताया कि जिन लोगों में 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता होती है, उन्हें ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी हो रहे हैं। मानक के विपरीत आए चार आवेदन निरस्त किए गए हैं। इसके अलावा छह आवेदन जांच के लिए संरक्षित किए गए हैं।

दिव्यांगता मूल्यांकन टीम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दिव्यांग मेडिकल बोर्ड डॉ. राम किशोर, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह, ईएनटी सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, आर्थो विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद वसीम, नेत्र सर्जन डॉ. जूही सक्सेना, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय व वरिष्ठ सहायक ब्रजेश पांडेय शामिल थे।

### संबंधित विभागों में कहीं स्टाफ तो कहीं धन की आ रही समस्या

## संचारी रोगों पर नियंत्रण मुश्किल में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान से पहली बार उद्यान और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जोड़े गए हैं। इनको कार्य की जिम्मेदारी भी दी गई है। लेकिन, ये दोनों विभाग अभियान में सहयोग की स्थिति में नजर नहीं आ रहे हैं। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग स्टॉफ का अभाव बता रहे हैं तो जिला उद्यान अधिकारी कहते हैं कि उनके पास रुपये ही नहीं हैं तो वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान को आगे कैसे बढ़ाएं।

फिलहाल, संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में कार्य एवं दायित्व निर्धारण के संबंध में 10 जून को मुख्य सचिव की तरफ से जारी शासनादेश में उद्यान विभाग को सार्वजनिक उद्यानों एवं विद्यालयों में मच्छर विकर्षी पौधों के रोपण कराने की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश हैं।

इस मामले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि उनके यहां 10 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का अन्य जिलों में स्थानांतरण हो गया है। अब एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में शेष है, जिससे डाक व अन्य प्रपत्रों का कार्य करा रहे हैं। डीएचओ गया प्रसाद ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान में उनके विभाग को गलत जोड़ दिया गया है। इससे उनका कोई मतलब भी नहीं है। पिछले दिनों 29 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों की हुई बैठक में भी वह नहीं गए थे, इस मामले में उन्होंने कहा कि बैठक की उन्हें जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि जब हम पौधों को तैयार करेंगे तभी सार्वजनिक उद्यानों एवं विद्यालयों को दे पाएंगे और जब उनके पास पैसे ही नहीं हैं तो पौधा कहां से तैयार करें।

### डीएचओ की स्वास्थ्य विभाग को सलाह

डीएचओ ने स्वास्थ्य विभाग को सलाह दी है कि जिले में पत्राचार करने से कोई मतलब नहीं है, उसे चाहिए उद्यान विभाग के मुख्यालय को पत्राचार करें तो धनावंटन हो। जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि रही बात बाजार में बिक रहे खराब एवं सड़े-गले फल-सब्जियों की तो इसे रोकने का काम मंडी समिति के अधिकारियों का है।


जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

## राहुल पर अभद्र टिप्पणी पर बिफरे कांग्रेसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शनिवार को भारी संख्या में इकट्ठा हुए कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कार्यालय पर भाजपाइयों के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले भाजपाइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रकट करने के तरीके भी लोकतांत्रिक होते हैं। लेकिन भाजपा ने इसे व्यक्तिगत बना दिया है। जिलाध्यक्ष ने ठाकुरद्वारा में राहुल गांधी के पुतला दहन के दौरान की गई भाजपा नेताओं की गाली गलौज को भी उनके ओछेपन का प्रमाण बताया। कांग्रेसियों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग भी की। बाद में राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन में अनूप दुबे, अमीरुलहसन जाफरी, विवेक वुप्त, विवेक अग्रवाल, गौरव द्विवेदी, शिशुपाल जाटव, शकील चौधरी, अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, मंगलसेन, जयप्रकाश ठाकुर, रामस्वरूप सागर, परम सिंह सैनी, योगेंद्र, डॉ. सिराज आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

# भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू टिकैत मुखर

### 15 सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक परिसर में धरने पर बैठे कार्यकर्ता व पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसानों ने प्रथमा बैंक के चेयरमैन के कार्यालय व बैंक में हो रहे भ्रष्टाचार व 15 सूत्रीय मांगों को लेकर बैंक परिसर में धरने प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे किसानों की सूचना पर बैंक चेयरमैन ने किसानों से धरना स्थल पर पहुंच वार्ता की। जिसमें जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बैंककर्मियों द्वारा किसानों से भ्रष्टाचार की शिकायत की और अन्य मांगों लेकर चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसान जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी नेतृत्व में आशियाना स्थित प्रथमा बैंक की मुख्य शाखा पहुंचे। जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने जय जवान जय किसान के नारों के साथ भ्रष्टाचार बंद करो के नारे भी लगाए। किसानों के धरने की सूचना मिलते ही चेयरमैन किसानों के बीच पहुंचे। जहां किसान नेताओं ने अपनी बात रखते हुए किसानों से जुडे. 15 बिंदुओं से संबंधित ज्ञापन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैंक चेयरमैन ने संतोषजनक कार्यवाही और भ्रष्टाचार के तीन बिंदुओं पर किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिस पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्ति की घोषणा की। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष दीपक चौधरी, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ लक्ष्मी सैनी, युवा पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी शुभम राठी, प्रदेश महासचिव डॉ. चरण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, इसके अतिरिक्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिले के तहसील के पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं युवा के पदाधिकारी और सभी किसान उपस्थित रहे।


प्रथमा बैंक परिसर में धरने पर बैठे किसान नेताओं से वार्ता करते चेयरमैन। ● अमृत विचार

● कार्रवाई की मांग को लेकर चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

### जिले में कृषि विभाग खोलेगा 25 एग्री जंक्शन केंद्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृषि विभाग ने बेरोजगार किसानों के लिए जिले में 24 एग्री जंक्शन केंद्र खोलने की पहल की है। इसमें कृषि क्षेत्र में दक्षता हासिल करने व सहबद्ध विषयों में ज्ञान रखने वाले किसानों को पहले मौका दिया जाएगा। शनिवार को प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों को उनके फसल उत्पादन के लिए कृषि केंद्र (एग्री जंक्शन) के बैनर तले सारी सुविधाएं वन स्टॉप शॉप के माध्यम दिए जाने की कवायद शुरू की जा रही है। इसके लिए जिले में 24 एग्री जंक्शन खोले जाने हैं। जनपद निवासी बेरोजगार कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक, स्नातक जो कृषि एवं संबद्ध विषयों यथा उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन आदि में किसी राज्य व केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अलावा अन्य किसी विश्वविद्यालय से डिग्री धारक है आदि पहले मौका दिया जाएगा। एग्री जंक्शन केंद्र की स्थापना के लिए आवेदन पत्र 15 जुलाई की शाम पांच बजे तक कार्यालय उप कृषि निदेशक, मुरादाबाद में जमा किए जाएंगे। आवेदक की आयु 14 अगस्त 2024 को 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### कल से वितरित होगा निशुल्क सरकारी खाद्यान्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गरीब लाभार्थियों को राहत देने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सरकारी राशन की दुकानों पर अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। इस महीने का निशुल्क राशन का वितरण 8 से 25 जुलाई तक होगा।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को 14 किलोग्राम गेहूं और 16 किग्रा चावल प्रति कार्ड की दर से दिया जा रहा है। जुलाई के राशन का निशुल्क वितरण 8 से 25 जुलाई तक किया जाएगा। इसमें पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर एक किलोग्राम गेंहू, 2 किग्रा चावल निशुल्क वितरित किया जाएगा। निशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकते हैं।



सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर लोगों की समस्या सुनते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## 53 शिकायतों में से कई निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मुरादाबाद तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें जिलाधिकारी ने लोगों की समस्या व शिकायतें सुनकर उसके समाधान का निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में 53 शिकायतें प्राप्त हुई। इसमें चकबंदी, श्रम, पेंशन, राजस्व, बिजली, कृषि, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की शिकायतें रहीं। कई शिकायतों को जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारित करा दिया। जो रह गईं उन्हें जल्द निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह वीरवाल, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्र, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, जिला विकास अधिकारी, एसओसी चकबंदी, पीओ डूडा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षधिकारी, डिप्टी कलेक्टर/जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंह, उपनिदेशक कृषि, जिलापूर्ति अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर रामवीर सिंह के अलावा खंड विकास अधिकारी सदर व अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### जलवायु परिवर्तन में सहायक हैं पेड़ पौधे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर के अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में श्रीराम चौक कांशीराम नगर में पौधरोपण कार्यक्रम में लोगों ने पौधे लगाए। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पौधे हमें अवश्य लगाने चाहिए। वह कार्बन डाइऑक्साइड को अलग कर जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करते हैं और हमें प्राणवायु ऑक्सीजन देते हैं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक सुनीता शर्मा, शक्ति शर्मा, कपिल गुप्ता, रोहित चौधरी, राजीव सैनी, विक्रांत शर्मा, प्रकाश यादव, सुनील कुमार, किशन लाल जाटव, रवि सक्सेना, अनिल मल्होत्रा, मोंटी गुर्जर, डॉ. लाखन सिंह, पूर्व पार्षद द्रोपा देवी, पार्षद हुकुम सिंह सैनी, डॉ. प्रमोद शर्मा, बृजपाल सैनी, मुकेश राठौर, अरविंद शर्मा, संचित मुद्गल, सुरजीत सैनी आदि मौजूद रहे।

## पति की हत्या की दोषी पत्नी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● प्रेमी को भी मिला आजीवन कारावास, दोनों ने 2013 में की थी इस्लाम की हत्या

**अमृत विचार:** इस्लाम हत्याकांड में शनिवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

कटघर थाना क्षेत्र के रहमत नगर निवासी उस्मान ने 14 जून 2013 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस समय उस्मान ने तहरीर में बताया था कि उसके भाई इस्लाम ने रुकैया से प्रेम विवाह किया था। उस समय उनका परिवार मझोला के मियां कॉलोनी में किराये पर रहता था। जहां पर रुकैया के प्रेम संबंध राशिद से हो गए थे। उनका भाई एक पीतल की फर्म में काम करता था। उन्होंने तहरीर में बताया था कि भाई के जाने के बाद दोनों चोरी छिपे मिलते थे। इस बात की जानकारी होने पर इस्लाम और उस्मान ने मियां कॉलोनी से किराये का मकान छोड़ दिया और रहमत नगर में रहने लगे थे। लेकिन रुकैया ने राशिद से मिलना जुलना नहीं छोड़ा था। जिस कारण इस्लाम और रुकैया में झगड़ा होता रहता था। 13 जून 2013 की रात इस्लाम और उनके पिता सुलेमान घर की छत पर सो रहे थे। नीचे कमरे में भाई और भाभी सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे इस्लाम के चीखने की आवाज आई। सुलेमान आनन-फानन में नीचे उतर के आए तो देखा कि रुकैया इस्लाम का हाथ पकड़े हुए थी जबकि उसका प्रेमी राशिद चाकू से उनके पेट में वार कर रहा था। वारदात को देख पिता सुलेमान ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान राशिद उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। परिवार के लोग इस्लाम को अस्पताल लेकर गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या आठ अरुण कुमार की अदालत में की गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह और समर्थ शुक्ला ने बताया कि इस केस के वादी उस्मान और उसके पिता समेत अन्य गवाहों ने घटना की पुष्टि की। अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी रुकैया और उसके प्रेमी राशिद को हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

**आयोजन** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में दो दिवसीय क्योरूगी ताइक्वांडो कैंप आयोजित

## खिलाड़ियों ने जानी एडवांस तकनीक की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में शनिवार को जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय ताइक्वांडो क्योरुगी कैंप का आयोजन किया गया।

इसमें आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी, साईं ताइक्वांडो एकेडमी, थापा ताइक्वांडो एकेडमी और एसएसवी ताइक्वांडो क्लब आदि के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें मिस्ठी सिंह, अक्षत, आयुष, निलय, अदिति सैनी, प्रेरणा, आशीष सिंह, ऋषिता सैनी, अनमोल, आर्यन, आरव पंत, निक्की मसीह, शाहवेज खान, लवकुश यादव, रोहित कुमार, निखिल, कृष्णा, हाकेमीन, वैभव सक्सेना, अंजली, प्रियांशु, स्नेहा, पलक शर्मा, इशिका, आदित्य, अराध्य, स्वस्तिक, भविष्य, प्रिंस कुमार, विभु, पार्थ, अर्जुन सिंह आदि खिलाड़ी मौजूद रहे। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज अली ने बताया कि यह शिविर जिले के होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ियों के लिए लगाया गया है। इसमें सभी खिलाड़ियों को एडवांस तकनीक की बारीकियों के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान एकेडमी के प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी. कुमार, केशव थापा, सुमित शर्मा आदि मौजूद रहे।


क्योरूगी ताइक्वांडो कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

रामसरन दास स्मारक इंटर कॉलेज
सलेमपुर रोड, गजरौला (अमरोहा)
आज 12 वीं की छात्रा काजल सिंह को लखनऊ में 1 लाख रुपए की राशि देकर माननीय मुख्यमंत्री जी सम्मानित करेंगे।
इण्टरमीडिएट परीक्षा 2023-24 में काजल सिंह ने 97.60 प्रतिशत अंक लाकर उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान व जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं।



क्षेत्र में अनुशासित एवं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर तक स्थान प्राप्त करने वाली उत्कृष्ट एकमात्र संस्था
विशेषताएं
• योग्य व अनुभवी स्टाफ।
• बिजली, पानी, जनरेटर की व्यवस्था।
• बच्चों के लिए बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉलीबॉल हेतु खेल का मैदान।
• समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
• प्रकृति की गोद में प्रदूषण रहित सुरम्य वातावरण में स्थित।

धर्मपाल सिंह
प्रधानाचार्य

## एक नजर



कूड़ेदान का वितरण करते चेयरमैन।

### कूड़ेदान का वितरण किया

**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को ऊमरी कलां में स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत मोहल्ला ठेकेदारान ( मंगल का बाजार) में चेयरमैन मोहम्मद उस्मान अली ने कूड़ेदान का वितरण किया। इस अवसर पर ठेकेदारान के सभासद अतीब अहमद, मोहम्मद जीशान, लिपिक सुरेंद्र सिंह, लिपिक जय कुमार, अंकुर विश्नोई, अनीस अहमद, सदाकत हुसैन सहित नगर पंचायत के कर्मचारी रहे।

### डायट प्रवक्ता को शोध पूरा करने पर दीं शुभकामनाएं

**कांठ, अमृत विचार :** डायट में तैनात प्रवक्ता डॉ. टीना वर्मा ने प्राचार्य को शोध पत्र सौंपा। प्रवक्ता डॉ. टीना वर्मा ने शोध कार्य प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के निर्देशन में पूरा किया। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ प्रवक्ता अम्वरीश कुमार ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया। अजय विक्रम सिंह, आशुतोष त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नेहा इकबाल ने शुभकामना दी।

# 56 शिकायतें दर्ज, मौके पर छह का ही निस्तारण

## शेष को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपकर दिए निर्देश, शराब की दुकान हटाने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में 56 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। इसमें छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच के बाद निस्तारित करने का आदेश दिया।

तहसील सभागार में शनिवार को एडीएम सत्यम मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें सुरजननगर के लोगों ने बस स्टैंड पर हाईवे किनारे शराब की दुकान को हटाने की मांग की है। शिकायत करने वालों में रवि चौहान, अनिल कुमार, प्रदीप कुमार, सौरभ कुमार, अंकित कुमार, राकेश कुमार, सोनू आदि थे। नगर निवासी महिला ने तहरीर देकर पति समेत ससुराल के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और गलत काम करवाने की शिकायत दर्ज कराई। मामले में सीओ को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया गया है। भगतपुर निवासी नाजरा ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्राम बल्लभगढ़ निवासी धर्मवीर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि राजस्व रिकॉर्ड में वह नाबालिग दर्ज है जबकि वह बालिग है। तहसील कर्मचारी संशोधन के नाम पर परेशान कर रहे हैं। इसके साथ ही छह शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अजय मिश्रा, सीओ राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव चौधरी, खंड विकास अधिकारी सुरेश चंद्र गुप्ता, तहसीलदार रमेश चंद्र पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी वीगेश गोयल आदि उपस्थित थे।



ठाकुरद्वारा में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी।



बिलारी में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं एसडीएम व अन्य अधिकारी।

### राहुल का पुतला जलाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर राहुल गांधी का पुतला जलाने व अभद्रता का आरोप लगाया। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर भाजपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की मांग की। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सीओ राजेश कुमार को भी शिकायती पत्र सौंपा। इस दौरान लारिव मंसुरी, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद अकरम, अहमद हसन, मोहम्मद असलम मोहम्मद इस्लाम अली सहित नणय कांग्रेसजन आदि मौजूद रहे ।

### 19 शिकायतें दर्ज, एक निस्तारित

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में एसडीएम मणि अरोड़ा ने समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार कमलेश तिवारी, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी, खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार एवं खंड विकास अधिकारी कुंदरकी मौजूद रहे। कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं। एक शिकायत का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी ने शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए।

### शिकायत की निष्पक्ष जांच कर निस्तारण करें

**कांठ, अमृत विचार :** शनिवार को 108 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। आठ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष के निस्तारण के लिए एसडीएम ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतों की निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस की शासन स्तर पर मंडल स्तर पर और जिला स्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## इमामबाड़ों व अजाखानों में अलम ताजिये बनाने की तैयारी तेज हुई

संवाददाता, कुंदरकी

- गूंजने लगीं लब्बैक या हुसैन, हाय मजलूम, हुसैन की सदाएं

**अमृत विचार :** नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में इमामबाड़ों व अजाखानों में अलम और ताजिये सज गए हैं। लब्बैक या हुसैन, हाय मजलूम, हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगी हैं। 17 जुलाई को 10वीं मोहर्रम को ताजियों का जुलूस बरामद होगा। इसकी तैयारी तेज हो गई हैं।

अजादारी कमेटी के अध्यक्ष मेहंदी नकवी ने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 60 हिजरी में यजीद ने अपनी हुकूमत कायम करने और इस्लाम में हराम कामों को जायज करने के लिए इंसानियत का कत्ल करना शुरू कर दिया था। अपने कामों पर नबी के घराने की मुहर लगाने के लिए नवासा-ए-रसूल और हजरत अबु तालिब के पोते हजरत इमाम हुसैन, हजरत इमाम अली से बैयत तलब की थी। ताकि वे अपने बुरे कामों को इस्लाम में जायज ठहरा सकें। लेकिन, हजरत इमाम हुसैन ने यजीद की बैयत नहीं की। तब हजरत इमाम हुसैन ने रजब में अपने परिवार के साथ मदीना छोड़ दिया। सन् 61 हिजरी में इराक स्थित कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन सहित उनके 72 साथियों को यजीदी फौज ने तीन दिन का भूखा प्यासा रखकर शहीद कर दिया था। इनमें हजरत इमाम हुसैन के छह माह के बेटे अली असगर भी शामिल थे। इस सिलसिले में मोहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद पूरी दुनिया में हजरत इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया जाता है। मजलिसों में व मातमों में हुसैन की सदाएं बुलंद होती हैं। भारत में मुसलमान उनकी शहादत का गम मनाते हैं तो वहीं शिया समुदाय हजरत इमाम हुसैन की शहादत का गम सवा दो माह मनाता है। मोहर्रम का चांद रविवार को दिखाई देने की उम्मीद जताई जा रही है। इसलिए इमामबाड़ों व अजाखानों में अलम व तजिये बनाए जा रहे हैं। मेहंदी नकवी ने बताया कि रविवार को चांद दिखाई दिया तो सोमवार को मोहर्रम की पहली तारीख होगी। 17 जुलाई को मुख्य मातमी जुलूस निकाला जाएगा।

### भाईचारे एवं सौहार्द से मनाएं त्योहार : एसडीएम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सावन और मोहर्रम को लेकर शांति कमेटी की बैठक कोतवाली में एसडीएम, सीओ की अध्यक्षता में हुई।

शनिवार दोपहर सावन और मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी अजय कुमार मिश्र ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जुलूसों के रास्तों पर पुलिस-प्रशासन की तैनाती रहेगी। सावन के सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने वाले शिव भक्त भी मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। बैठक का संचालन अबरार सैफी ने किया। बैठक में विद्युत विभाग के जेई अतुल रॉय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी, कस्बा इंचार्ज विपिन कुमार, उपनिरीक्षक देव सिंह, छविनाथ, दिलशान प्रधान, साजिद मंसूरी, जाकिर हुसैन, मुख्तार सैफी, अकील अहमद, राकेश दानव, मुजीबुर रहमान, धर्मेंद्र पाल, आशुतोष अग्रवाल, मोहम्मद वसीम, शाहनवाज खान, मुकेश चौधरी, इस्लाम कुरैशी, बालक नाथ, मुख्तार अहमद रहे।

## बारिश से बढ़ा रामगंगा का जलस्तर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से एक दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

लगातार बारिश होने से रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों के ग्रामीणों को बाढ़ का भय सता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिक बारिश होने से कालागढ़ बांध से पानी रामगंगा नदी में छोड़ा जा सकता है। अब भी रामगंगा नदी के किनारे बसे खेतों में पानी प्रवेश कर गया है। यदि जलस्तर और बढ़ता है तो और खेतों में नदी का पानी प्रवेश कर जाएगा। जिससे फसलें नष्ट होने की भी आशंका है। क्षेत्र में पांच बाढ़ चौकियां बनाई गईं हैं। तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने शुक्रवार को बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात लेखपाल आदि को निर्देश दिए थे। उन्होंने चौकी पर तैनात कर्मचारियों को बताया कि इस संबंध में सतर्क रहकर समस्त सूचनाएं कांठ तहसील स्थित हेड क्वार्टर को उपलब्ध कराएं।



कांठ क्षेत्र में रामगंगा नदी का बढ़ा जलस्तर। ● अमृत विचार

### मोहल्ला पट्टी वाला की सड़कों पर भरा बारिश का पानी

**कांठ, अमृत विचार :** पानी की निकासी नहीं होने पर मोहल्ला पट्टी वाला की सड़कें जलमग्न हो गई हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। बारिश में मोहल्ला पट्टी वाला की सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। तेज बारिश होने पर घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। सड़क पर एक से तीन फीट तक पानी बहने लगता है। मोहल्ला पट्टी वाला निवासी ओमकार सिंह, देवेंद्र सिंह विश्नोई, अनिल विश्नोई, दीपक विश्नोई, सोनू शर्मा आदि ने बताया कि पूरे नगर का पानी इस मोहल्ले के अंतिम छोर पर स्थित नाले से होकर गुजरता है। इस नाले की गहराई और चौड़ाई काफी कम है। दूसरा मुख्य कारण लाइन पार स्थित झील का पानी मंडी समिति, पशु चिकित्सालय के मार्ग से तेज बहाव के साथ इसी नाले में आकर गिरता है। जो नगर से पानी को मोहल्ला पट्टीवाला की ओर धकेल देता है, जिस कारण से पट्टी वाला मोहल्ला बारिश में जलमग्न हो जाता है। नागरिक अनेक बार इस संबंध में कई शिकायतें की हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### पालिका कर्मचारियों ने की पाइपलाइन की मरम्मत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही व उदासीनता के चलते पिछले 15 दिनों से मुंशी कोर्ट रोड पर दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने नगर पालिका से कई बार पालिका द्वारा आपूर्ति किए जा रहे दूषित पानी की शिकायत की थी। लेकिन नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी समझने के बाद भी अनजान बने रहे । बता दें कि इस क्षेत्र में मुंसिफ न्यायालय, सीओ ऑफिस, आपूर्ति कार्यालय, तहसील मुख्यालय के साथ साथ अधिवक्ताओं के चैंबर बने हुए हैं। जिससे यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना होता है। इस कारण सभी लोग बोतल बंद पानी पीने को मजबूर थे। अमृत विचार समाचार पत्र ने इस समस्या को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने पर नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने पालिका के जल कल के अधिकारियों व कर्मचारियों से नाराजगी जताई थी। जिसपर कर्मचारियों ने शनिवार को पानी की पाइपलाइन की लीकेज को बंद कर पानी की आपूर्ति सुचारु की।

### श्रद्धालुओं को बाबा जाहरवीर की कथा सुनाई

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में ठाकुर गोपाल सिंह पुंडीर के आवास पर बाबा जाहरवीर का जगराता हुआ, जिसमें नीतू शास्त्री ने बाबा जाहरवीर के भजनों से उनका गुणगान किया एवं बाबा जाहरवीर की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बाबा जाहरवीर को लोग गोगाजी चौहान, गुग्गा, जाहर वीर, जाहरपीर व गोगा पीर के नामों से भी पुकारते हैं। इनके पिता का नाम जेवर सिंह था, जो राजस्थान के ददरेवा के चौहान वंश के राजपूत शासक थे। इनकी माता का नाम बाछल देवी था। कथा में बोबीनाथ, विनोद कुमार राणा, कौशल, राहुल गोपाल सिंह, सुनील कुमार पुंडीर, बलजीत पुंडीर, नरेश सिंह, मुनेश सिंह, सरजीत ठाकुर, ठाकुर मनोज कुमार पुंडीर, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, ठाकुर राजकुमार सिंह, सतीश सिंह, राजू सिंह, टीकमसिंह, अमरपाल सिंह, रवि कुमार, प्रमोद कुमार, संजय सिंह, राजेश सिंह, राहुल कुमार पुंडीर, सतेन्द्र सिंह, नीतू सिंह, अकाश ठाकुर, अरुन कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार पुंडीर, अनुज कुमार, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, शिवा पुंडीर, ध्रुव पुंडीर, राहुल, शिल्पी देवी, विशनो देवी उपस्थित रहे।

### अध्यापकों ने ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई के पदाधिकारियों ने ब्लॉक संसाधन केंद्र के कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी वीगेश गोयल को मांग पत्र दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन उपस्थिति शुरू करने से पहले शिक्षकों की सभी मांगों को पूरा करने और ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया। कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना अध्यापकों के लिए दिक्कत भरा काम है। इस अवसर पर आशीष सिंह, सत्येन्द्र कुमार, संजय कुमार भारती, रवि यादव, मनोज कुमार, महताब सिंह, शुभम शर्मा, मंजीत सिंह, रामवीर सिंह त्यागी, कृष्ण कुमार गौतम, मनोज कुमार, अमजद अली, आकाश विश्नोई, नागेंद्र सैनी, सपना चौहान, नेहा यादव, रीना कुमारी यादव, अभिनव कुमार सक्सेना, मोहम्मद सलीम, विवेक कुमार, शुभम चौहान, दिनेश कुमार, अतीक अहमद, अवनीश कुमार, सुरेंद्र कुमार, यशमीन जहां, रेखा चौहान, अमलेश देवी, पीयूष कुमार, अंकित बालियान, योगराज सिंह,प्रशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढ़ा में गठित इको क्लब के तहत पर्यावरण जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया तथा पौधरोपण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ईको क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में पदम सिंह, गौरव चौहान, निशिकांत पाठक, अखिलेश कुमार विश्नोई, रजत विश्नोई, दीपक सिंह, रजनीश, यशवीर, अमन, प्रियांशु, अभिषेक, दीपांशु, निशांत पवार, आदित्य पवार, तुषार कुमार, ऋतिक अहलावत, ईशान विश्नोई, अनिक विश्नोई, शिवम कुमार, अक्षिता दीपांशी, हिमांशी चौधरी, इकरा, तृप्ति चौहान, तनिष्का, यशी चौधरी, वासु पवार, राधिका चौधरी, तनु आदि ने सहयोग किया।

### बस स्टैंड का नाम मां अमृता देवी के नाम पर रखने पर विश्नोई समाज ने जताया आभार

**कांठ, अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और एमएलसी ललित विश्नोई के प्रयास से औरैया जनपद के तहसील अजीतमल में बस स्टैंड का नाम माता अमृता देवी के नाम की घोषणा होने पर क्षेत्र के विश्नोई समाज ने प्रदेश सरकार व परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रखर विश्नोई ने बताया कि औरैया की तहसील अजीतमल में बस स्टैंड को माता अमृता देवी का नाम मिलने पर विश्नोई समाज में खुशी की लहर है। क्षेत्र के श्रीओम विश्नोई, प्रदीप विश्नोई, धर्मपाल सिंह विश्नोई, कुंवर सुरेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, पूर्व डीएसपी संजय विश्नोई , रविंद्र सिंह ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व मुख्यमंत्री का सोशल मीडिया के माध्यम से आभार व्यक्त किया है।

## सत्संग के आयोजकों पर कड़ी कार्रवाई हो

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** आर्य समाज के सदस्यों ने हाथरस में सत्संग के दौरान 123 लोगों की मौत होने पर नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि आरोपी ने लोगों को झूठा चमत्कार दिखाकर ठगने का काम किया है। ऐसे ढोंगी व अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

शनिवार को नगर क्षेत्र के आर्य समाज के कार्यकर्ता प्रधान गुलाब सिंह वर्मा के नेतृत्व में एकत्र होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देते हुए मांग की कि ऐसे पाखंडियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अंधविश्वास फैलाने वालों को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में आर्य समाज के मंत्री संजीव सिंघल, इंदु कांत आर्य, सतीश कुमार, आशुतोष, गोपाल आर्य, रमेश चंद्र अग्रवाल, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### अंधविश्वास एवं पाखंड का किया विरोध

**बिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को मुरादाबाद-चंदौसी हाईवे पर स्थित पतंजलि आरोग्य केंद्र पर आर्य समाज सहसपुर व कुंदरकी के सदस्यों ने हाथरस में सत्संग कर रहे व्यक्ति द्वारा अपने आप को भगवान कहलवाने की कड़े शब्दों में निंदा की। सदस्यों ने आरोप लगाया कि आरोपी ने लोगों को बेवकूफ बनाकर उनकी जान जोखिम में डाली और हादसे में 123 लोगों की जान चली गई। आर्य समाज ऐसे व्यक्तियों की कड़े शब्दों में आलोचना करता है तथा सरकार से मांग करता है कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आर्य समाज सहसपुर के प्रधान सुनील आर्य ने कहा कि ऐसा नियम लागू करना चाहिए कि जो लोग अपने को भगवान होने का नाटक करे, उनका बहिष्कार कर देना चाहिए और उस पर आर्थिक दंड दिया जाए। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील आर्य ने तथा संचालन नरेश यादव ने किया। सभा में जय गोपाल आर्य, जगपाल आर्य, सुशील आर्य, राजपाल आर्य, हरनाम सिंह आर्य, विजेंद्र सिंह आर्य, संदीप अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल आर्य समाज के लोग मौजूद रहे।

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सामाजिक नागरिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने सहसपुर के खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को संगठन के कार्यकर्ता खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय पहुंचे। वहां उन्होंने राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय की जमीन की देखभाल न करने, उस पर दूसरों का अवैध कब्जा कराने के संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. ज्योति चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि मंडलायुक्त के आदेश पर बिलारी पालिका द्वारा जमीन का अधिग्रहण कर 15 सितंबर 2017 को चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए संबंधित विभाग को प्रदान की गई थी। इस दौरान 26 फरवरी 2024 को उस जमीन पर एक फर्जी मुकदमे के आधार पर कई लोगों ने कब्जा कर लिया। ज्ञापन देने वालों में डॉ. राकेश रफीक, तिलक राज चांदना, प्रदीप कुमार, डॉ. वारिस, रमेश चंद शर्मा, गंगा सिंह, बलराम सिंह चौहान, कपिल राज वाल्मीकि, गजराम वाल्मीकि, केपी सिंह राणा, हाजी उस्मान, शकील साबरी आदि रहे।

**आयोजन** | विधायक ने पौधरोपण कर लोगों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की

## विधायक फहीम ने पौधरोपण कर पर्यावरण का महत्व बताया

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** विधायक फहीम इरफान ने क्षेत्र के ग्राम थांवला में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर पौधे लगाए। सपा विधायक ने पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिये अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

सपा विधायक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पौधे बड़े होकर वृक्ष का रूप धारण करेंगे। जिससे हमें छाया और ऑक्सीजन मिलेगी। अतः सभी को मिल जुलकर पौधरोपण करना चाहिए, साथ ही पौधरोपण के बाद उन्हें जीवित रखने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद उस्मान, रेहान पाशा, सद्दाम सैफी, अख्तर हुसैन, फाजिल मलिक, नूर मोहम्मद कस्सार, अख्तर हुसैन, अख्यार हुसैन, आलम पाशा, राहत अली, अब्दुल कासिर, अरकान पाशा, विसालत हुसैन, अफसर हुसैन, मुख्तार अंसारी, जमील अंसारी, डॉ. साबिर खान आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते बिलारी विधायक फहीम इरफान।



रामपुर घोगर में पौधरोपण करती वन विभाग की टीम।

### पौधे लगाकर उसकी देखभाल भी करें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वन विभाग के एक पौधा मां के नाम का कार्यक्रम के तहत रामपुर घोघर में पौधरोपण किया गया। सुरजननगर के प्रधान वीर सिंह व रामपुर घोघर के प्रधान लेखराज सिंह ने पौधा रोपा। वन दरोगा केपी सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग है। पौधा लगाने के बाद उसकी देखभाल भी हमारा कर्तव्य बनता है। इस दौरान वन दरोगा संजय प्रसाद, नरेश सिंह ने पौधे लगाए।

### मां के नाम लगाया पौधा

**कांठ, अमृत विचार :** सामाजिक वानिकी प्रभाग की मुरादाबाद रेंज के कांठ प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह उप क्षेत्रीय वनाधिकारी ने शांति स्वरूप इंटर कॉलेज उचैती में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पेड़ों के महत्व एवं एक पौधा मां के नाम अभियान के बारे में बताया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता भी हुई। निबंध प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में चांदनी ने प्रथम, सायबा ने द्वितीय, शिवांक ने तृतीय जूनियर वर्ग में वरुण कुमार ने प्रथम, अमित सैनी ने द्वितीय तथा दीक्षा ने तृतीय स्थान का प्राप्त किया। कार्यकम में पुष्पेंद्र सिंह डिप्टी रेंजर, मनोज वर्मा डिप्टी रेंजर, वन दरोगा, अमरजीत वन दरोगा, शोमेंद्र कुमार रहे।



## एक नजर

### बिजली चेकिंग के नाम पर परिजनों से की अभद्रता, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव मंगरौली निवासी जितेंद्र सिंह आटा चक्की चलाते है। शुक्रवार को किसी कार्य से वह गांव से बाहर गए थे। देर रात्रि 9 :30 बजे तीन–चार लोग बाइक से आए और कहा कि वह विद्युत निगम से है। चेकिंग के नाम पर वीडियो बनाने लगे। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो गाली गलौज की। हंगामा होता देख कुछ पड़ोसी एकत्र हो गए। उन्हें देखकर वे लोग धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित ने डायल नंबर 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई। शनिवार सुबह जितेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ कोतवाली पहुंचे और उसकी पुत्री ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### महिला से मिलने आए प्रेमी को लोगों ने दबोचा

**हसनपुर, अमृत विचार :** मजदूरी करने गए पति की गैर मौजूदगी में महिला से मिलने के लिए प्रेमी घर में घुस आया। शोर मचने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। डायल नंबर 112 को ग्रामीणों ने उसे सौंप दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तेज बारिश के बीच एक प्रेमी युवक शादीशुदा प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पहुंचा तो अन्य लोगों की नजर उसे पर पड़ गई। उन्होंने शोर मचाया तो ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और युवक को पकड़ लिया। गांव में चर्चा है कि महिला का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। युवक व महिला की फोन पर बातचीत हो गई थी। दोनों एक दूसरे के नजदीक आ गए। ग्रामीणों ने पुलिस बुलाकर युवक को सौंप दिया। इसके बाद पुलिस आरोपी युवक को थाने ले गई।

### 100 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला, अमृत विचार :** चौपला चौकी पुलिस ने शनिवार को 100 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शहर के मोहल्ला बसंत विहार निवासी गौरव पुत्र राजपाल है। उसे मुखबिर की सूचना पर ज्योति पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

## एसडीओ, एक्सईएन और अवर अभियंता पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में मकान के ऊपर से जा रही हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत के मामले में एसडीओ और अवर अभियंता के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर यह कार्रवाई हुई है।

गांव हसनपुर कचिया में गुरुवार को नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा निवासी किसान राकेश सिंह अपनी मौसी की तेहरवीं के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मोबाइल पर बात करते हुए घर की छत पर पहुंचे थे। तभी विद्युत लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। परिजनों व रिश्तेदारों ने हंगामा किया था। विद्युत निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने व आरोपी विद्युत कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया था। सीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि मृतक के मौसेरे भाई नरेंद्र की तहरीर पर विद्युत निगम के एसडीओ और अवर अभियंता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दिनभर जारी रहा बारिश का सिलसिला, 24 घंटों में जिले के कई हिस्सों में बरसेंगे बादल, फसलें लहलहाने से किसान खुश

# ठंडी हवा के साथ बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न, तापमान में गिरावट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


अमरोहा में जेएसएच कॉलेज के सामने आजाद रोड पर जलभराव के बीच गुजरते वाहन सवार। ● अमृत विचार


गजरौला में बूंदाबांदी के बीच छाता लगाकर गुजरतीं महिलाएं व युवतियां।

**अमृत विचार :** जिले में कई दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। शनिवार को दिनभर बूंदाबांदी के बाद दोपहर को झमाझम बारिश हुई। इससे शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। पानी भरने से दुकानदार और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फसलें लहलहाने से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी।

मानसून आने से पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी मौसम सुहावना बना रहा। कई जगहों पर जमकर बारिश हुई। इसके बाद शनिवार तड़के तीन बजे से बारिश शुरू हुई। बिना छाते के बाहर निकलने वाले लोगों को बारिश ने खूब भिगोया। दोपहर बाद तक झमाझम बारिश हुई। कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। जिससे तापमान दो डिग्री सेल्सियस लुढ़ककर 27 डिग्री पहुंच गया। शनिवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 24 घंटों में जिले के कई हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं। बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जलभराव के चलते लोगों को परेशानी हुई। बारिश के पानी से शहर की सड़कें डूब गईं। बिजनौर रोड, कोट चौराहा, बसावन गंज, मुरादाबादी गेट, कोतवाली क्षेत्र, जट बाजार, कैलसा बायपास चौराह पर जलभराव हुआ। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।

### बारिश में भीगे लोग, दिनभर मौसम रहा सुहाना

**गजरौला, अमृत विचार :** ठंडी हवा के बीच बारिश की फुहारों से दिन भर मौसम सुहाना रहा। बारिश के बीच राहगीर जमकर भीगे। शनिवार को दिन भर रुक रुककर बारिश हुई और ठंडी हवाचली। क्षेत्र में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियम रहा। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार, आने वाले तीन दिनों में भी बारिश के आसार हैं। नौ जुलाई को आकाश में काले बादल रहेंगे। उधर, पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण फसलों को अच्छी नमी मिल रही है। मौसम ठंडा रहने से शनिवार को पैंठ और बाजार में भीड़ देखने को मिली। बिक्री होने से दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक दिखी।

# मकान गिरने से मलबे में दबे सात लोग घायल

### नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव जाजरू में हुई घटना, एडीएम बोले-परिवार को दिलाया जाएगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


मकान का मलबा हटाते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में बारिश के दौरान कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार रात नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव जाजरू में मजदूर का मकान गिर गया। इसके मलबे में दबने से परिवार की महिलाओं व बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नौगांवा सादात तहसील क्षेत्र के गांव जाजरू में मजदूर अफसर अली का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी शकीला, बेटी नजमा, मोनी उर्फ आसमीना, नाजरीन, बेटे शादाब व आफताब हैं। अफसर के कच्चे मकान में दो कमरा और एक छोटा बरामदा है। शुक्रवार रात अफसर अली पत्नी और बच्चों के साथ बरामदे में सोए हुए थे। बताया है कि बारिश के बीच रात तीन बजे मकान भरभरा कर गिर गया। इससे अफसर अली समेत परिवार के अन्य लोग मलबे में दब गए। तेज धमाका होने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मजदूर के घर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

अफरा-तफरी के बीच मलबे में दबे परिवार के लोगों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें नजमा और नाजरीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे की जानकारी के बाद सुबह पुलिस, कानूनगो व लेखपाल ने गांव पहुंचकर मौका-मुआयना किया। पीड़ित परिवार को शासन से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। एडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार को मुआवजा दिलाया जाएगा। लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई है।

उधर, जिले में बारिश के इस सीजन में कई लोगों के मकान गिर चुके हैं। इन घटनाओं में महिला व बच्चे समेत कई लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 10 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। तहसील प्रशासन ने इन लोगों को मदद का भरोसा दिया है।

### पशुशाला की दीवार गिरने से महिला घायल



**रहरा, अमृत विचार :** पशुशाला की दीवार गिरने से एक महिला घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव खरपड़ी निवासी रूमा देवी पत्नी महेंद्र सिंह शनिवार की सुबह अपने खेत में धान की रोपाई करने के लिए मजदूर लाने के लिए जा रही थी। तभी रास्ते में महिला एक पशु शाला के पास पहुंची तो उसके ऊपर भर–भराकर दीवार गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अधिक बरसात होने के कारण दीवार महिला के ऊपर गिर पड़ी चीख– पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और घायल महिला को प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील किए आठ अस्पताल और लैब

संवाददाता, ढबारसी


अवैध अस्पताल सील करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

- डिप्टी सीएमओ बोले- अपंजीकृत अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ ने शनिवार को जिले में कई अस्पतालों व लैबों पर छापे मारे। उन्होंने अभिलेख नहीं दिखाने पर आठ अस्पताल और एक लैब को सील कर दिया।

जनपद में अप्रशिक्षित चिकित्सक अस्पताल खोले बैठे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मामले का संज्ञान लेकर डिप्टी सीएमओ शरद कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। इस टीम ने शनिवार को सैदनगली क्षेत्र में ढक्का मोड़ पर अलशिफा हेल्थ केयर सेंटर, माही हेल्थ क्लीनिक, लाइफ लाइन क्लीनिक, हसनपुर क्षेत्र में निदान हेल्थ केयर, राशिद हॉस्पिटल, कस्बा ढबारसी में महाराणा हेल्थ केयर सेंटर, जनता डेंटल क्लीनिक और पायंती कलां में हेल्थ केयर, पैथोलॉजी लैब और नौगांवा सादात में शिफा हेल्थ केयर सेंटर को सील कर दिया है। नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ शरद कुमार ने बताया कि अपंजीकृत अस्पतालों के विरुद्ध विभाग की ओर से कार्रवाई जारी रहेगी।

## खेत में महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत में घास काट रही महिला से गांव के ही तीन युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने भाग कर जान बचाई।

यह घटना थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव की है। दरअसल यहां किसान का परिवार रहता है। शुक्रवार को किसान की पत्नी खेत में घास काट रही थी। तभी गांव निवासी रिंकू अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और उससे छेड़खानी करने लगा। आरोपी है कि उन्होंने महिला से दुष्कर्म का प्रयास भी किया। शोर मचाने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी मारकर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी रिंकू व उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


मुबारकपुर गांव में विद्यालय के बाहर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# पानी भरे गड्ढे में गिरकर स्कूली बच्चे हो रहे चोटिल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** गांव मुबारकपुर कलां में प्राथमिक विद्यालय के सामने 100 मीटर सीसी रोड 15 दिन से जलमग्न है। सड़क पर गड्ढे होने से बाइक सवार और ई रिक्शा सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। इसके विरोध में शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य और अभिभावकों ने प्रदर्शन किया।

भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त शनिवार सुबह हसनपुर-भदौरा मार्ग पर हसनपुर की ओर आ रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि स्कूल में पढ़ने वाले तीन बच्चे पानी से भरे गड्ढे में चोटिल हो गए। खंड विकास अधिकारी नीरज गर्ग से बात की तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी रविवार के दिन इस समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य कृष्णा जाटव सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

## जाम लगवाने के मामले में रोजगार सेवक पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया रोड पर ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक के भड़काने पर महिला मेटो ने 12 दिन पहले जाम लगा दिया था। ग्राम पंचायत सचिव शहरोज अली की तहरीर पर रोजगार सेवक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया कि 24 जून को महिला मेटों ने मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद कचहरी के पास जोया रोड पर जाम लगाया था। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव पतई खादर की महिला मेट की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग उठाई गई थी। पुलिस ने जाम खुलवाते हुए महिलाओं को कलेक्ट्रेट में ले जाकर अधिकारियों से वार्ता कराई थी। प्रकरण में रोजगार सेवक राजकुमार की भूमिका संदिगध मिली थी। सीओ अभिषेक कुमार ने मामले में ग्राम पंचायत सचिव शहरोज अली की तहरीर पर आरोपी राजकुमार के खिलाफ रिपोर्टर दर्ज की है।


तिगरी गंगा में बढ़ता जलस्तर। ● अमृत विचार

# तिगरी गंगा में 21 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से तिगरी गंगा में 21 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। इससे गंगा का जलस्तर पांच सेंटीमीटर बढ़ गया है। नदी उफान पर है। पानी की तेज धार खेतों की ओर कटान कर रही है। किसानों को फसलों की चिंता सता रही है।

पहाड़ों पर हो रही बारिश से बिजनौर बैराज में पानी ओवरफ्लो चल रहा है। ऐसे में बैराज से रोजाना पानी तिगरी गंगा में छोड़ा जा रहा है। इससे तिगरी गंगा व रामगंगा पोषक नहर में जलस्तर बढ़ रहा है। शनिवार को बैराज से 26261 क्यूसेक पानी तिगरी गंगा में छोड़ा गया। इसके पहले शुक्रवार को जलस्तर 199.10 सेमी में दर्ज किया गया था जो शनिवार को 199.15 सेंटीमीटर हो गया। खादर क्षेत्र में गंगा किनारे बने गांवों के लोगों को बाढ़ी की चिंता सताने लगी है। क्षेत्र में बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट किया गया है। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार के मुताबिक पहाड़ों पर बारिश रुकने के बाद ही जलस्तर में कमी आएगी।

## शोषित वर्ग के मसीहा थे बाबू जगजीवन राम

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली में जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के आवास पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। ओमकार कटारिया ने कहा कि बाबू जगजीवन राम की राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण बेमिसाल है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और उपलब्धियों से भरा रहा। दलितों, मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने कानून में प्रावधान कराए। वह दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। विद्यार्थी जीवन से ही उन्हेंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। इस मौके पर जिला सचिव हरस्वरूप प्रधान, जिला सचिव बागेश चौधरी, जिला सचिव मनोज कटारिया, हरीओम पुष्कर, राजपाल सैनी, अफसर सैफी आदि रहे।

**समस्या** लोग बोले– कागजों में पक्की सड़क, लेकिन मौके पर है कच्ची, शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

# मुबारिजपुर में मुख्य मार्ग पर जलभराव से परेशानी

संवाददाता रहरा/मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव मुबारिजपुर में मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ से लोग परेशान हैं। कच्चे मार्ग पर बारिश में फिसलन होने से दिक्कत बढ़ गई है। लेकिन जिम्मेदार समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

जिले की सीमा पर बसी ग्राम पंचायत गांव मुबारिजपुर में विकास व अन्य कोई सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है। अधिकारियों का पंचायत की ओर कोई ध्यान नहीं है। पंचायत के पूर्व जनप्रतिनिधि बताते हैं कि यह सड़क कई वर्षों से पक्की बनाने के लिए प्रस्तावित है। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। इसके चलते ग्रामीणों को बारिश के मौसम में जलभराव का सामना करना पड़ता है। आवागमन में परेशानी हो रही है।


कच्चे रास्ते पर पसरा कीचड़। ● अमृत विचार


"इस गांव की मुख्य सड़क से हाईवे से कागजों में जुड़ चुकी है। लेकिन मौके पर अभी कच्ची है। अब बारिश में अधिकारियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है।
–नंदकिशोर


"आजादी के बाद से इस सड़क की सूरत नहीं बदली, सिर्फ बनवाने को आश्वासन ही मिलता रहा। लोगों को परेशानी हो रही है। महिलाएं, बच्चे अधिक परेशान हैं।
– बीरवल सिंह


"सड़क बनवाने के लिए शासन के आदेश को कई बार पत्र जारी किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।
– विजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान, मुबारिजपुर


"बारिश के समय यहां के लोगों के सामने दुश्वारियों का पहाड़ खड़ा हो जाता है लेकिन इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं है। गांव में पक्की सड़क बननी चाहिए।
– बालकिशन

ग्रामीणों की मांग है कि मुबारिजपुर से गुरैठा खादर बाईपास होते हुए अलीगढ़ हाईवे तक कुछ किलोमीटर का पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए।

## गांवों में जलभराव न होने दें ग्राम प्रधान

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर पहने लगे हैं। संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसकी रोकथाम के लिए खंड विकास अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों को सचेत किया है।

शनिवार को अमरोहा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने ग्राम प्रधानों से कहा है कि बारिश के दौरान मच्छर व मक्खी पनप रही हैं। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। बीमारी को रोकने के लिए उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि गांव में कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें। कीटनाशक का छिड़काव हर गांव में होना चाहिए। जोया ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने भी जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव है, वहां के ग्राम प्रधानों को सचेत किया है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं।

# जलभराव को लेकर किया प्रदर्शन

संवाददाता, रहरा


भावली में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भावली में जलभराव के बीच ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को कठिनाई हो रही है। बरसात में सड़क किनारे नालियां चोक हैं। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। इसके चलते शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या का समाधान करने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार ग्राम प्रधान और सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी (एडीओ पंचायत) से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। नाली का पानी सड़क पर भरा है और घरों में जा रहा है। कई दिनों से ग्राम प्रधान से शिकायत की जा रही है। लेकिन फिर भी सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जहां जलभराव हो रहा है, वहां जलनिकासी की व्यवस्था है, लेकिन प्रधान की ओर से नालों की सफाई नहीं कराई जा रही है। इससे सड़कों पर जलभराव हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 300 मीटर लंबा रास्ता खराब है और इस रास्ते से दर्जनों गांवों के लोग गुजरते हैं। यह मार्ग सिरसा कलां, मिर्जापुर, काई मुस्तकम, मलकपुर आदि गांवों को होकर गुजरता है। प्रदर्शन करने वालों में सुक्कन, मुनीष, भूरा सिंह, कुलदीप, निरंजन, अमरीश, जबर सिंह, विजेंद्र सिंह, उमेश कुमार, प्रेम सिंह, नीरज, उषा देवी आदि मौजूद रहे।

**दिक्कत**
- ग्रामीण बोले- नालियां बंद होने से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी
- मच्छर पनपने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा

## एक नजर

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की जान गई



**रहरा, अमृत विचार :** गांव पौरारा में गुरुवार को सुरेश कुमार (40) को जहरीले कीड़े ने काट लिया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले गए थे। हालत में सुधारने न होने पर उसे मेरठ ले गए थे। मेरठ में युवक को मृत घोषित कर दिया गया था। लेकिन बाद में उसके परिजनों ने जहर उतरने की आस में उसे गंगा में कई घंटे रखा था। इसके बाद जीवित न होने के लक्षण दिखाई देने पर दिल्ली के एक अस्पताल में ले गए थे। शनिवार सुबह दिल्ली के भी अस्पताल में उसके मुंह और नाक से खून आया। इसके बाद परिजन उसे घर लेकर आए। शाम को पौरारा घाट पर उसका अंतिम सरकार कर दिया गया।

### युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया

**गजरौला, अमृत विचार :** गृह क्लेश से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने समय रहते उसे फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत नाजुक है। शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक का किसी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा हो गया था। बताया कि उसके पिता ने भी उसे डांट दिया। इससे नाराज युवक शुक्रवार रात अपने कमरे में गया व फंदे पर लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। इस बीच युवक की मां कमरे में पहुंची तो उसे फंदे पर लटका देख चीख निकल गई। शोर सुनकर अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने युवक को फंदे से नीचे उतारा। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामला संज्ञान में नहीं होने की बात कही है।

### ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया वन महोत्सव

**गजरौला, अमृत विचार :** ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वन महोत्सव मनाया गया। इसमें सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर पौधरोपण किया। सांसद ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। अगर वह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग एवं जागरूक रहेंगे तो भविष्य समृद्ध रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी व डीएफओ रमेश चंद्र ने भी छात्र-छात्राओं को अपने घरों में पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. पूनम पंडित ने आभार जताया। इस दौरान पिंटू भाटी, ग्राम प्रधान शीशपाल आदि मौजूद रहे।

### विवेचक दरोगा के खिलाफ जांच कर करवाई की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव रहरा निवासी बबलू ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा। इसमें कहा कि उससे मोबाइल व 5000 की लूट हुई थी। आरोपी के खिलाफ उसने थाने में तहरीर दी थी। लेकिन हलका दरोगा ने लूट के मामले में मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। अब इस मामले में एफआर भी लगा दी। पीड़ित ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### दुकानदारों ने बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांधी मूर्ति चौराहे पर कोट निवासी मंसूर खान की ऑटोमोबाइल की दुकान है। गुरुवार शाम एक युवक उनकी दुकान के पास खड़ी बाइक को चोरी कर ले गया। शुक्रवार को वह इस रोड पर घूम रहा था तभी मंसूर ने बाइक पहचान ली। दुकानदारों ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आदिल निवासी गांव ओबरी थाना असमौली बताया।

# पिता का शव लेकर हरदोई जा रहे एंबुलेंस सवार युवक की हादसे में मौत, कई घायल

## रजबपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर वेंकटेश्वरा विवि के पास डीसीएम से टकराई एंबुलेंस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शव लेकर आ रही एंबुलेंस डीसीएम से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार युवक की मौत हो गई। वह एंबुलेंस से अपने पिता का शव चंडीगढ़ से लेकर हरदोई जा रहा था। जबकि महिला सहित कई लोग घायल हुए हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डीसीएम व एंबुलेंस। ● अमृत विचार

**दुखद**

- मां-बेटी समेत 4 घायल, चंडीगढ़ से शव लेकर लौट रहे थे परिजन
- पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया

यह हादसा रजबपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के पास हुआ। दरअसल, जिला हरदोई के गांव भाऊ निवासी सौरभ (19) अपने पिता शिशुपाल का शव चंडीगढ़ से एंबुलेंस में रखकर घर लौट रहा था। एंबुलेंस में सौरभ की मां विशान, बहन शिवानी, रितेश व कई अन्य रिश्तेदार सवार थे, जैसे शनिवार तड़के एंबुलेंस वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के पास पहुंची तो हाईवे पर खड़ी डीसीएम टकरा गई। इससे एंबुलेंस में सवार मृतक शिशुपाल के बेटे सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में विशान, शिवानी, रितेश और राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में सभी को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक डीसीएम छोड़कर मौके से भाग गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# दो लोगों को मारी गोली, किसान की मौत

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मंलगपुरा में शनिवार देर शाम कार सवार चार लोगों ने किसान के घर में घुसते ही ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोली लगने से किसान की मौत हो गई। सूचना के बाद एएसपी राजीव कुमार व सीओ श्वेताभ भास्कर सीएचसी पहुंचे और घटना के बारे में लोगों से जानकारी ली। मृतक किसान के परिजनों ने मुजफ्फरनगर की युवती से कोर्ट मैरिज के विवाद में लड़की के पिता व अन्य लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि गांव मंलगपुरा निवासी किसान बिजेन्द्र सैनी (46) के घर के बाहर शनिवार देर शाम एक कार आकर रुकी। कार से चार लोग उतरे और घर में घुस गए। यहां इन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान बिजेंद्र सिंह व छत्रपाल सिंह (44) पेट में गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी हथियार लहराते हुए कार से फरार हो गए। परिजन घायलों को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बिजेन्द्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल छत्रपाल सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें लगाई हैं। परिजनों की तहरीर के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। जिले भर में आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमों ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है।



परिजनों से पूछताछ करते सीओ व अन्य। ● अमृत विचार

### कोर्ट मैरिज के विवाद में घटना को अंजाम देने का आरोप

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** परिजनों के अनुसार, घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का विवाद बताया जा रहा है। दरअसल, मृतक बिजेंद्र सैनी के पुत्र अर्जुन ने मुजफ्फरनगर की युवती से कोर्ट मैरिज की थी। बताया कि अर्जुन मुजफ्फरनगर में रामराज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से प्रेम करता था। तीन माह पहले अर्जुन युवती को भगा ले आया था और कोर्ट मैरिज कर ली थी। इससे युवती के परिजन नाराज थे। इसके चलते युवती के परिजनों ने घटना को अंजाम दिया है।



समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

# राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 18 शिकायतें आईं

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** ब्लॉक में शनिवार को हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर यादव ने लोगों की शिकायतें सुनीं।

राजस्व की 18, पुलिस की दो, विकास की चार, बिजली की दो, आपूर्ति की एक चकबंदी की दो और दो अन्य सहित कुछ 26 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से राजस्व की पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। उनकी समस्याओं का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। यदि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण सही तरीके से कर दिया जाएगा तो वह शिकायतकर्ता दोबारा समाधान दिवस में शिकायत लेकर नहीं आएगा।

## जोया मार्ग पर वाहन ने युवक को रौंदा, मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा-जोया रोड पर वाहन ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

यह हादसा अमरोहा थाना देहात क्षेत्र में शुक्रवार रात जोया मार्ग पर हुआ। यहां पैदल जा रहे अज्ञात युवक को पीछे से वाहन ने टक्कर मार दी। इससे युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने की कोशिश की। लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। उसके शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। शव की शिनाख्त की जा रही है।

# 38 शिकायतों में से सिर्फ चार का निस्तारण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम एवं सीओ ने लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान दिवस में 38 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से अधिकारियों ने मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण कर दिया। बाकी 34 शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को देकर जल्द निस्तारण करने के लिए कहा है।

नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सुनीता कुमारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने लोगों की शिकायतें सुनीं। राजस्व विभाग की 12, पुलिस विभाग नौ, विकास विभाग की चार, समाज कल्याण विभाग की तीन, विद्युत निगम की नौ, अन्य विभागों की एक कुल 38 शिकायतें दर्ज हुईं। बाकी शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।



समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें सुनतीं एसडीएम, साथ में सीओ।

### भूमि कब्जा मुक्त करने के लिए सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। इसमें कहा कि गांव रहरई में चारागाह की भूमि और गांव घरोंट में प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर लोगों का अवैध कब्जा है, उसे तत्काल हटाया जाए। चारागाह की 500-600 बीघा भूमि पर गांव के लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भूमि पर खेती की जा रही है। गांव में छुट्टा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। उन्हें पड़कर गोशाला में भिजवाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस समस्या को लेकर के ज्ञापन दिया गया था। लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ज्ञापन देने वालों में यदुवंशी दीनदयाल यादव, प्रमोद कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार यादव आदि रहे।

### मकान व कृषि भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव करनपुरी माफी निवासी मानव सिंह ने शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर अपने मकान एवं कृषि भूमि से भाई का अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। बताया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। वहां प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। किसी कारणवश अब वह अपने गांव में घर रहना चाहता है। उसका आरोप है कि उसके भाई ने उसके पुश्तैनी मकान एवं कृषि भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। कई बार गांव में पंचायत भी हो चुकी है लेकिन भाई ने फैसला करने से मना कर दिया। मकान एवं कृषि भूमि से उसका कब्जा हटवा कर कब्जा दिलवाया जाए।

# समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी माया शंकर यादव और उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन दिया।

इसमें कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्र के गाव आजमपुर पंचायत में चकबंदी प्रक्रिया वर्ष 2004 से शुरू की गई थी। नक्शा पांच में 250 परिवारों के नाम अंकित है, जिसका रकबा 1500 बीघा है। नक्शा-11 में उनके नाम हटा दिए गए हैं। उन्होंने अपनी भूमि का क्रय विक्रय भी किया है। इन परिवारों को न्याय मिलना चाहिए। कहा कि जब तक इन व्यक्तियों को उनकी भूमि का हक नहीं मिले, तब तक चकबंदी प्रक्रिया रोकी जाए। लेखपाल खतौनी में दर्ज गलतियों को सही कराने के लिए गावों में नहीं पहुंचे हैं। भाकियू ने चीनी मिल से गन्ने का बकाया भुगतान ब्याज सहित दिखाने की मांग की। ओयो होटल व अवैध अस्पताल बंद हो। नकली जीवन रक्षक दवा, घी, तेल, दूध व पेस्टीसाइड्स को रोका दाए। छुट्टा पशुओं, कुत्तों और बंदरों को पकड़ा जाए। कहा कि 10 जुलाई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 11 को भाकियू शंकर के कार्यकर्ता अतरासी पुल के नीचे राष्ट्रीय राज मार्ग-9 पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह, जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, उमेश पाल, जन्म सिंह, पहलवान, सुख सिंह, हरकेश, इंद्रपाल सिंह, पूनम चौधरी, प्रमोद कुमार, रामनाथ व अनीता भटनागर आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे भाकियू शंकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- किसानों को भूमि का हक नहीं मिलने तक चकबंदी प्रक्रिया रोके

## विभागों को किया जाए भ्रष्टाचार मुक्त

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी समाधान दिवस में पहुचे। यहां प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी को ज्ञापन सौंपा। जनपद में अवैध अस्पतालों को तत्काल बंद करते हुए उनके संचालकों पर कार्रवाई की जाए। चीनी मिलों से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान ब्याज सहित जल्द दिलवाया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगर समस्त समस्याओं का 10 जुलाई तक निस्तारण नहीं हुआ तो 11 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर धीरज सिंह, उदयवीर सिंह, हरि सिंह, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद साबिर, चौधरी धर्मवीर सिंह, याकूब खान आदि रहे।

# क्षेत्र के विकास में नहीं आएगी कमी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर के एक बैक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने उनकी जीत के लिए मेहनत की। जनता ने स्नेह देकर उन्हें सांसद बनाया, उसका बदला वह क्षेत्र का विकास करके चुकाएंगे।

धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि चुनाव में धनौरा विधानसभा की महत्तवपूर्ण भूमिका रही। लोगों ने चौधरी कंवर सिंह तंवर को जिताकर देश और संविधान को बचाने का काम किया है। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि सांसद ने हमेशा क्षेत्र के लिए कार्य किए हैं।

कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल नागर, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, महामंत्री पूरन सिंह सैनी, चन्द्रभान भाटी, सतीश अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी, ब्लॉक प्रमुख धनौरा आशा चंद्रा, धनौरा चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशि चौहान, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, मनमोहन सेन, डॉ.राजीव शुक्ल, उत्तम सिंह प्रजापति, सत्यपाल पाल, सुरेन्द्र औलख, सत्यपाल पाल, सुरेन्द्र सिंह स्टेट, अंकुर नागर, नवीन गर्ग, तेजपाल सिंह, गुरूवचन सिद्धू चन्द्रपाल पाल आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद सांसद कंवर सिंह तंवर, भाजप जिलाध्यक्ष व विधायक।

- विधायक बोले- लोकसभा चुनाव में धनौरा विधानसभा क्षेत्र की भूमिका रही महत्तवपूर्ण



प्रदर्शन करते लेखपाल संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

# लेखपाल संघ का धरना खत्म

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** तहसील में नायब तहसीलदार द्वारा लेखपाल को जेहादी कहने के विरोध में परिसर में चल रहा लेखपाल संघ का धरना चौथे दिन शनिवार को खत्म हो गाय। धरनास्थल पर पहुंचे अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ।

नायब तहसीलदार वीरेंद्रपाल ने धनौरा तहसील में तैनात लेखपाल इस्तेकार अली को फोन किया और उर्दू विषय पढ़ने के संबंध में जानकारी ली। इस पर लेखपाल ने उर्दू भाषा नहीं पढ़ने की बात कही। लेखपाल का आरोप है कि उर्दू भाषा पढ़ने से मना करने पर नायब तहसीलदार ने कहा था कि कैसे जेहादी हो, जो उर्दू पढ़नी नहीं आती। इसके विरोध में लेखपाल संघ के पदाधिकारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए थे। तहसील में शनिवार को भी उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार के खिलाफ धरना दिया। यहां पहुंचे अपर जिलाधिकारी ने लेखपाल संघ के पदाधिकारियों को नायब तहसीलदार का स्थानांन्तरण करने का आश्वासन किया। लेखपाल संघ ने धरना समाप्त कर दिया।

## डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा कर लापरवाह सहायक विकास अधिकारियों को फटकार लगाई। उनके के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम राजेश कुमार त्यागी ने पंचायती राज विभाग की विकास कार्यों की समीक्षा की। डीएम ने प्रत्येक विकास खंड से आआरसी के निर्माण व संचालन की प्रगति, कूड़ा कलेक्शन, यूजर चार्ज की वसूली, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण, पंचायत भवन के निर्माण, पंचायत सहायकों के मानदेय, शौचालय निर्माण की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली। विकास खंड जोया में आरसी सेंटर का निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण न होने, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन न करने, यूजर्स चार्ज की वसूली न होने पर सहायक विकास अधिकारी को फटकार लगाई। वेतन रोकने और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। कहा कि यदि प्रगति सही न हुई तो कार्रवाई की जाएगी।

**तैयारी** जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के अधिकारियों को दिए निर्देश

# कांवड़ियों को मार्गों पर नहीं हो कोई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा की। उन्होंने समय से तैयारी पूरी करने के लिए कहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ में प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग हो। अधिशासी अधिकारी और जिला पंचायती राज अधिकारी शिविर में पॉलीथीन का प्रयोग न करने के प्रति लोगों को जागरूक करें। थैली का वितरण करवाएं। डीएम ने कहा कि जिन मंदिरों में जलाभिषेक होगा, उनमें सफाई, प्रकाश, पानी की व्यवस्था कराई जाए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाले शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियमित खाद्य पदार्थों की चेकिंग करें। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि कोई भी खंभा खुला न रहे। निश्चित दूरी पर पॉलीथीन लगवाए। टूटे खंभों व तारों को बदले। शिविर में कनेक्शन दिया जाए। विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराए और अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर भी रखे जाए। शिविर के पास मेडिकल शिविर लगवाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए अस्पताल सक्रिय रहे और उनमें डॉक्टर की तैनाती हो। एंबुलेंस सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर मौजूद रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि कांवड़ मार्ग की सफाई कराए। ग्रामीण क्षेत्रों में जंहा से कांवड़िये गुजरते हैं, उन मार्ग पर घास और झाड़ियां नहीं रहे। उनकी कटाई प्राथमिकता हो। मार्ग में जलभराव नहीं होना चाहिए। शौचालय क्रियाशील रहे। रोडवेज के प्रबंधक से कहा कि चालकों से कहे, बसों कम गति से चलाए। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा को दुर्घटना रहित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी को कोई परेशानी न हो, जहां नहर हो, वहां पुलिस अवश्य लगाई जाए। जंहा शिविर लगते हैं, सड़क से अधिक से अधिक दूरी पर लगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। फिर भी कोई भी चूक न हो।



बैठक में आधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 धन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### बहन को गायब करने का आरोप, दी तहरीर

**संभल/रजपुरा अमृत विचार** : जुनावई थाना क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी राजकुमार ने रजपुरा थाने में तहरीर देकर कहा कि बहन ओमवती की शादी भीकमपुर जैनी के गिरीश पाल से दस साल पहले की थी। तीन साल पहले गिरीश पाल की मौत हो गई। तब से ओमवती बच्चों के साथ भीकमपुर जैनी में ही रहती थी। आरोप लगाया कि सास, ससुर, देवर, देवरानी आये दिन ओमवती के साथ मारपीट कर उसे घर से भगाने का प्रयास करते थे। शुक्रवार को रात से ओमवती घर से गायब है। शक है कि ओमवती को ससुरालियों ने कहीं बेच दिया या फिर गायब कर दिया। राजकुमार ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। गुमशुदगी दर्ज की गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### सड़क पर पेड़ टूटकर गिरने से यातायात प्रभावित

**संभल, अमृत विचार** : संभल मुरादाबाद मार्ग पर तेज हवा व बरसात के बीच एक पेड़ टूटकर सड़क पर आ गिरा। गनीमत यह रही कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय कोई वाहन वहां से नहीं गुजर रहा था। सड़क पर पेड़ गिरने की वजह से 14 घंटे से भी ज्यादा समय तक सड़क की एक साइड पर यातायात बंद रहा। शुक्रवार रात को आंधी व बरसात के दौरान संभल मुरादाबाद मार्ग पर फिरोजपुर पुल के निकट एक पेड़ टूटकर हाइटेंशन बिजली लाइन से टकराता हुआ सड़क पर गिर गया। पेड़ की चपेट में आकर जहां बिजली लाइन टूट गई वहीं पेड़ के सड़क पर गिरने से यातायात भी प्रभावित हो गया। हादसा टालने के लिए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेड लगाकर वाहनों को दूसरी साइड में डायवर्ट किया।

### मृतक महिला के परिवार को दी सहायता राशि

**गुन्नौर,अमृत विचार** : हाथरस सत्संग भगदड़ हादसे में जान गंवाने वाली गुन्नौर तहसील के गांव की महिला पिंकी शर्मा के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख की आर्थिक मदद प्रशासन ने दे दी।शनिवार को एसडीएम रमेश बाबू व बीडीओ नरेश पाल सिंह ने गांव उदयभानपुर पहुंच कर मृतका के परिवार को सहायता राशि से संबंधित डीबीटी का पत्र सौंपा। कहा कि शासन व प्रशासन परिवार के साथ खड़ा है।

# युवक से परेशान होकर महिला ने दी जान

## पति का आरोप युवक काफी समय से कर रहा था पत्नी को प्रताड़ित,रिपोर्ट दर्ज कराई

कार्यालय संवाददाता,संभल/धनारी

**अमृत विचार:** जनपद के धनारी थाना क्षेत्र में एक युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर विवाहिता ने जंगल में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पति की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

गांव सुल्तानगढ़ के मजरा करेला की मढैया निवासी रामदास की 40 वर्षीया पत्नी शनिवार को घर से जंगल की तरफ गई थी। इसके बाद उसका शव जंगल में नीम के पेड़ पर लटका मिला।

खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों ने महिला का शव पेड़ से लटका देखा तो उसके पति रामदास व अन्य परिजनों को सूचना दी। परिवार के लोग पहुंचे तो शव देखते ही कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर धनारी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रामबेटी के पति रामदास ने पुलिस को बताया कि पड़ोस के गांव कीरतपुर का रहने वाला गब्बर उसकी पत्नी को काफी समय से प्रताड़ित कर रहा था। गब्बर की हरकतों की वजह से तनाव में रहती थी। पति ने कहा कि शनिवार की सुबह 10 बजे भी गब्बर ने रामबेटी को प्रताड़ित किया था।

गब्बर की प्रताड़ना से आहत होकर ही उसने गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि रामदास की तहरीर पर गब्बर के खिलाफ प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



महिला का शव मिलने के बाद एकत्र ग्रामीण व पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

- गांव के बाहर नीम के पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

### छत के मलबे में दबने से किसान की मौत

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़, अमृत विचार** : थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बिचेटा में घर के बरामदे में सो रहे किसान की छत गिरने से मलबे में दबकर मौत हो गई। गांव बिचेटा निवासी हीरा लाल 40 वर्ष पुत्र नौबत सिंह मौर्य खेती करके परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार की रात वह घर के बरामदे में चारपाई पर सोया था। रात तीन बजे कच्ची छत किसान पर गिर गई। मलबे में दबने से किसान हीरा लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने रात होने के कारण घायल किसान का उपचार गांव के झोलाछाप से कराया। शनिवार की सुबह परिजन किसान को उपचार के लिए चन्दौसी ला रहे थे, मगर किसान ने रास्ते में दम तोड़ दिया।



### पालिका ने कांवड़ यात्रा को लेकर बनाई रणनीति

**संभल, अमृत विचार** : जिलाधिकारी के निर्देश पर कांवड़ यात्रा को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग को लेकर सफाई समेत कई निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी डॉ.मणि भूषण तिवारी ने कहा कि मार्गों पर सफाई व्यवस्था के साथ कर्मचारी पूर्ण ड्रेस में बीट वार तैनात रहेंगे। चूना छिड़काव व विसंक्रमण की कार्रवाई की जाए। मार्गों पर नाला नालियों की पूर्ण सफाई की जाए। रूट मार्गों पर डस्टबिन लगाकर उनकी नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। पंडाल स्थलों पर पानी का टैंकर रहे और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित का बैनर लगा रहे। मार्गों पर इंडिया मार्का हैंडपंपों, लाइटों एवं तिरंगा लाइटों को क्रियाशील कराने, मार्गों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। कहा कि क्यूआरटी टीम का गठन किया जाए ताकि शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई हो। कंट्रोल रूम का गठन कर 24 घंटे संचालित करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

- धनारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार** : रोजी रोटी की तलाश में दिल्ली जा रहे धनारी थाना क्षेत्र के युवक की रेलवे स्टेशन पर इंतजार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



थाना क्षेत्र के गांव बगढेर निवासी सोनू (25 वर्ष) पुत्र श्यौराज दिल्ली जाने के लिए शुक्रवार को देर शाम घर से निकला। सोनू को गजरौला अलीगढ़ पैसेंजर से अलीगढ़ तक जाना था। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो से एक पर जाते समय सोनू एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सोनू के परिजनों को फोन पर हादसे की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन सोनू को उपचार के लिए अलीगढ़ ले जाने लगे। अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में सोनू की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताते चलें कि सोनू की शादी दो साल पहले जुनावाई थाना क्षेत्र के गांव छबीलपुर की मंजू से हुई थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**संभल/धनारी अमृत विचार** : धनारी थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव सुनवर सराय में शुक्रवार को देर रात मंजू पत्नी राजेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत से परिजनों के अलावा दो बच्चों बेहाल हो गए हैं। सूचना मिलने पर मंजू के मायके से लोग भी पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जेनरेटर के नीचे दबकर आधे घंटे तक तड़पता रहा बालक

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार** :बच्चों के खेलने के दौरान जेनरेटर पलटने से 12 वर्षीय बालक नीचे दब गया। करीब आधे घंटे तक जेनरेटर के नीचे दबा बालक तड़पता रहा और शरीर से खून रिसता रहा। अचानक किसी राहगीर की नजर पड़ी तो उसने जेनरेटर हटाकर बच्चे को निकाला।

यह हादसा गुन्नौर में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर स्थित एक निर्माणाधीन मकान के पास हुआ। मुहल्ला मुंडा निवासी मजदूर रतन सिंह का बारह वर्षीय बेटा शिव कुमार पड़ोस के अन्य बच्चों के साथ घर के पास ही निर्माणाधीन मकान के बाहर खेल रहा था। बच्चों के खेलने के दौरान ऊंचाई पर रखा जेनरेटर खिसक कर साइड में पलट गया। जिससे जेनरेटर के नीचे शिव कुमार दब गया। यह देख साथ खेल रहे बच्चे भाग गए। बच्चों ने हादसे के बारे में किसी को नहीं बताया। भारी भरकम जेनरेटर के नीचे दबा शिव कुमार बेहोश हो गया। उसके शरीर से खून रिसता रहा। हाईवे पर गुजरते किसी राहगीर की नजर जेनरेटर के नीचे दबे बालक पर पड़ी तो उसने लोगों को बताया। तब जेनरेटर हटाकर उसके नीचे से बालक को निकाला गया। जेनरेटर के नीचे दबने से शिव कुमार का शरीर बुरी तरह कुचल गया और लगातार रक्तस्राव होता रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने हालत नाजुक देख बालक को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर कर दिया।



पलटा जेनरेटर इसके नीचे बालक दबा था।

# प्रांतीय आह्वान पर 25 को धरना देंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार**:उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद संभल इकाई के पदाधिकारियों ने प्रांतीय प्रतिनिधि डॉ. राजाराम सिंह के नेतृत्व में गुन्नौर तहसील के स्कूलों में जाकर शिक्षकों की समस्याओं को सुना।

पदाधिकारियों ने युग निर्माण विद्यापीठ इंटर कॉलेज मड़िकावली, जनता इंटर कॉलेज जुनावई,बाबूरामसिंह इंटर कॉलेज बबराला, सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज बबराला, राष्ट्र सेवा सदन इंटर कॉलेज भकरौली ,सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज रजपुरा तथा हरिबाबा जनता इंटर कॉलेज गवां का भ्रमण कर शिक्षकों की समस्याओं को सुना ।

शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन, चुनाव ड्यूटी पारिश्रमिक तथा विभिन्न प्रकार के लम्बित भुगतान की मांग की । पदाधिकारियों ने सभी प्रकार के अवशेषों को शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया । प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर 25 जुलाई को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित एक दिवसीय सांकेतिक धरने को सफल बनाने का आह्वान किया। सभी इकाइयों में ग्रीष्मकालीन अधिवेशन में प्रस्तावित पन्द्रह बिंदुओं का प्रपत्र तथा सदस्यता प्रपत्र भी वितरित किए गए। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहित कुमार सक्सेना,जिला मंत्री मनोज कुमार रस्तोगी, जिला कोषाध्यक्ष मंगेश कुमार वार्ष्णेय, जिला मीडिया प्रभारी पीयूष कुमार वार्ष्णेय, अवधेश कुमार यादव तथा रामबाबू प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



मडिकावली में संपर्क करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पदाधिकारियों ने तहसील के स्कूलों में जाकर शिक्षकों की समस्याओं को भी सुना

## सार-संक्षेप

### भाकियू शंकर ने प्रदर्शन कर उठाई किसानों की समस्याएं

**संभल, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर समाधान दिवस के दौरान प्रदर्शन किया। जिसके बाद एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग उठाई।

शनिवार को नई तहसील कार्यालय पहुंचे भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय कुमार मिश्र को सौंपा। जिसमें विद्युत विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त करने, नकली पेस्टीसाइड्स को बंद कराने, अवशेष गन्ना भुगतान ब्याज समेत कराने, मध्य गंगा नहर फेस टू में पानी छुड़वाने, ब्रजघाट से मुरादाबाद तक अवैध कटों को बंद कराने, जिले में डामर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने, छुट्टा गोवंश पशु, खूंखार कुत्तों और बंदरों का आतंक रोकने के लिए प्रबंध कराने समेत कई मांगें उठाईं। इस दौरान ओमवीर सिंह, नवलवीर सिंह, महीपाल सिंह, धर्मप्रकाश सिंह, नेमपाल सिंह, चमन सिंह, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, गुरबचन सिंह आदि रहे।



चन्दौसी में बारिश के बाद मालवीय चौक पर जलभराव से होकर गुजरते लोग।

### बारिश से सड़कों पर जलभराव, उमस से मिली राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार** : शनिवार को भी सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी रहा। बूंदाबांदी और रिमझिम बारिश के साथ झमाझम बारिश हुई। जिससे दोपहर में बढ़ी उमस से राहत मिली लेकिन सड़कों पर जलभराव से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं गली मोहल्लों में सन्नाटा पसरा रहा। बाजारों में भी चहल पहल कम दिखी। पिछले चार दिन से लगातार बारिश हो रही है। शनिवार को पांचवें दिन भी सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाने के साथ ही बूंदाबांदी हुई। हालांकि कुछ देर बाद बूंदाबांदी बंद हो गई। जिससे दोपहर में मौसम में उमस हो गई। दोपहर करीब दो बजे झमाझम बारिश हुई। जिससे संभल गेट, मालवीय चौक, स्टेशन रोड, एवन वाली गली, मोहल्ला कागजी में जलभराव हो गया। शाम सात बजे तक रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा।

### दीवारें और छत गिरी, मलबे में दबकर आठ पशु घायल

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : लगातार हो रही बारिश से सिरसी में कहीं मकान की दीवार और छत गिरने की घटना सामने आई तो कहीं दीवार के साथ छप्पर गिरने से आठ पशु दबकर घायल हो गए। सिरसी के मुहल्ला शर्की में समर रजा मकान में पशु पालन करता है। शनिवार को दोपहर बारिश के दौरान मकान की दीवार के साथ छप्पर भी नीचे गिर गया। जिसमें तीन भैंस, पांच बकरियां दब गईं। आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर पशुओं को निकाला। घायल पशुओं का उपचार शुरू कराया गया। इससे पहले शुक्रवार को देर रात इमामबाड़ा सादात के पास भूरा के मकान की दीवार भी गिरी। इमामबाड़ा मकूफा के पास हसन अब्बास के मकान की छत धराशाई हो गई। कर्बला रोड पर आलम के मकान की भी दीवार गिरने की घटना सामने आई। एमबीएम इंटर कॉलेज पास तनवीर हसन का मकान भरभरा कर गिर गया। मलबे में दबने से गेहूं और कुछ सामान खराब हो गया। मुहल्ला मुंशियान में नवाब के मकान की भी दीवार गिर गई।

### हर तरफ जलभराव, इंटर कॉलेज की दीवार गिरी

**बहजोई, अमृत विचार** :नगर में बारिश के चलते हर तरफ जलभराव के हालात बन गये। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव से वार्ष्णेय इंटर कॉलेज की दीवार गिर गई। जिससे हादसा होने से बच गया। नगर में सुबह से ही भारी बारिश हो रही थी। बरसात के बाद गर्मी से आमजन को राहत मिली। यह भारी बारिश शाम को और ज्यादा तेज हो गई तो यह नागरिकों की आफत का कारण बन गई। नगर के नारायण टोला, गोलागंज, नया बाजार, पुराना बाजार, स्टेशन रोड, काली मंदिर रोड सहित नगर के विभिन्न मार्ग जलभराव से तालाब बन गए। जिससे नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर पालिका के इंतजाम न होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर काली मंदिर रोड स्थित वार्ष्णेय इंटर कॉलेज पर जलभराव के कारण बारिश ने इंटर कॉलेज की दीवार गिर गई। यह अच्छा रहा कि उस समय कॉलेज नहीं खुला हुआ था और न ही दीवार के सहारे से लोग गुजर रहे थे। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### बारिश से मुख्य रास्ते पर फैला कीचड़, ग्रामीणों में रोष

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार** : ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत बेरनी में सफाई कर्मी नहीं आने से गांव में सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। जिससे गांव के मुख्य रास्तों पर कीचड़ पसरने से दलदल हो गई है। जिससे दुपहिया वाहन तक नहीं निकल पा रहे हैं और पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है। पांच दिन से लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण अंचलों में जनजीवन प्रभावित है। गांव बेरनी में बारिश के चलते सफाई कर्मी नहीं पहुंच रहा है। गांव में कीचड़ से दलदल जैसे हालात बन गए हैं। गौरी यादव के मकान से राजन सिंह के मकान तक खडंजा पर कीचड़ व दलदल जमा है। गांव की नालिया चोक हैं। दलदल में फंसकर दोपहिया वाहनों के चालक, महिलाएं व बच्चे गिर जाते हैं। इससे ग्रामीणों में एलर्जी की शिकायत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक सफाई कर्मी तैनात है। सफाई करने के लिए उसका बेटा समीर कभी-कभी गांव में आता है और एक मोहल्ले में ही सफाई करके चला जाता है। बाकी पूरे गांव में सफाई नहीं होने से नालिया चोक हैं।



गांव बेरनी के मुख्य मार्ग पर पसरी कीचड़ से होकर गुजरते ग्रामीण।

# बारिश में गिरा मकान, मलबे में दबकर तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार** :धनारी थाना क्षेत्र में बारिश के दौरान शुक्रवार को देर रात मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दंपति और दस वर्षीय बेटा दबकर घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी श्यौराज पुत्र प्रेमशंकर शुक्रवार को रात पत्नी कलावती व 10 वर्षीय बेटे अर्पित के साथ मकान में सो रहा था।

देर रात तीन बजे बारिश के दौरान मकान भरभरा कर गिर गया। मलबे में श्यौराज, कलावती और अर्पित दबकर घायल हो गए। चीख पुकार मची तो आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े। ग्रामीणों ने मशक्कत कर घायलों को बाहर निकाला।

एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने उपचार शुरू करते हुए घायलों को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।



गांव शेरपुर में बरसात के दौरान गिरे मकान को देखते लोग। ● अमृत विचार



सीएचसी में भर्ती मकान के मलबे में दबकर घायल हुई महिला व उसका बच्चा।

- चीख पुकार मची तो ग्रामीणों ने मलबा हटाकर घायलों को निकाला

### बारिश में भरभरा कर गिरी छत, वृद्ध महिला घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार** : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बाबई में बरसात से कच्चे मकान के कमरे की छत गिर गई। हादसे में वृद्ध महिला पर मलबा गिरने से घायल हो गई। महिला का उपचार निजी चिकित्सक से कराया गया है। ग्राम मोहम्मदपुर बाबई निवासी पूरन 70 वर्ष अपनी पत्नी रामवती 65 वर्ष व दो पुत्रों के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। मकान की हालत भी जर्जर है। कुछ दिन से लगातार हो रही बारिश से कमरे की बल्ली की छत कमजोर हो गई। शनिवार की सुबह दस बजे बारिश होने पर महिला कमरे में बैठी थी,तभी छत गिर गई। हादसे में कुछ मलबा महिला के ऊपर गिरने से वह घायल हो गई। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। महिला को कमरे से बाहर निकाला। जिसका उपचार सीएचसी में कराया गया है।।

# बरसात के दौरान कमरे की छत गिरने से नष्ट हुआ सामान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- घटना के समय परिवार दूसरे कमरे में था मौजूद

**अमृत विचार:** बारिश अब आफत बनती जा रही है। बारिश होने से जहां शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। वहीं बारिश से कच्चे मकानों की छत गिरने लगी हैं। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर में ओमवती पत्नी तेजपाल जाटव अपने परिवार के साथ रहता है। शनिवार की सुबह बरसात होने के दौरान महिला के मकान के एक कमरे की कच्ची छत गिर गई। गनीमत यह रही कि उस समय महिला का परिवार मकान के दूसरे कमरे में मौजूद था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। छत के मलबे में दबने से घरेलू सामान नष्ट हो गया।



गांव रतनपुर में छत का मलबा हटाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

# रुक-रुक कर हो रही बारिश से राहत, लेकिन आफत भी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : जिले में शुक्रवार को देर रात से शनिवार शाम तक रुक-रुक कर बारिश जारी रही। इससे लोगों को राहत तो मिली लेकिन कई क्षेत्रों में जलभराव से दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। संभल क्षेत्र में भी मकानों की दीवारें, छत गिरने की घटनाएं सामने आईं। तमाम घरों के लिंटर टपकने लगे तो लोगों की चिंता बढ़ गई।

कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। शुक्रवार को देर रात से भी बारिश शुरू हो गई। शनिवार को सुबह लोग उठे तो रिमझिम बरसात जारी थी। देखते ही देखते बारिश तेज हो गई तो तमाम लोग जहां के तहां फंस गए जबकि कई ने बारिश के दौरान ही सफर किया। दोपहर के वक्त से तो झमाझम बरसात होने पर कई क्षेत्रों में जलभराव के नजारे दिखे। संभल में बरेली सराय मार्ग, हातिम सराय, हौज भदे सराय, रोडवेज बस अड्डा परिसर, जिला अस्पताल परिसर के अलावा मुख्य मार्गों पर भी जलभराव हुआ। हयातनगर में उम्मेदराय इंटर कॉलेज के पीछे और शाहजीपुरा मार्ग पर जलभराव होने के साथ ही कई घरों और गलियों में पानी भर गया। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घरों के लिंटर टपकने भी लगे हैं। ऐसे में लोगों को अनहोनी की आशंका सताती रही ।



बरसात के बीच जाते बाइक सवार।

मांग | इस साल प्रशासन ने ताजियों के लिए तय की है 10 फिट की ऊंचाई

# ताजियों की ऊंचाई के मुद्दे पर डीएम से मिले सपाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : मोहर्रम पर प्रशासन द्वारा ताजियों की ऊंचाई 10 फिट रखने की हिदायत पर राजनीति शुरु हो गई है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी व विधायक सुहेल इकबाल के नेतृत्व में पुत्र मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर पहले के सालों की तरह मोहर्रम पर ताजिये निकालने की इजाजत की मांग उठाई ।

प्रशासन ने इस साल ताजियेदारों को हिदायत दी है कि वह 10 फिट से ज्यादा ऊंचाई के ताजिये न निकालें ताकि कहीं पर भी बिजली लाइन के तारों को खेलने की जरूरत न पड़े। वहीं मुस्लिम समुदाय के लोग मांग उठा रहे हैं कि ताजियों की ऊंचाई कम न की जाये और जैसे पिछले सालों में ताजिये निकाले जाते थे वैसे ही इस साल भी निकालने की इजाजत मिले। इस मामले को लेकर शनिवार को एडीएम कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, विधायक पुत्र सुहेल इकबाल आदि ने डीएम राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत से मुलाकात कर अपनी बात रखी। कहा कि संभल में मोहर्रम परंपरागत तरीके से कई सौ साल से मनाया जाता रहा है।

इस बार प्रशासन द्वारा ताजियेदारों से कहा गया है कि ताजियों की लंबाई 10 फिट से ज्यादा न हो। जिससे मोहर्रम मनाने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी रोष है। मुस्लिम समुदाय की आस्था को ठेस पहुंच रही है। यह भी कहा गया कि मुस्लिम समुदाय मोहर्रम न उठाने का निर्णय भी ले सकता है। जिससे संभल की कानून व्यवस्था प्रभावित होने का अंदेशा हो सकता है। प्रकरण का संज्ञान लेकर जैसे कई सालों से मोहर्रम परंपरागत तरीके से मनाया गया है, वैसे ही इस बार भी मनाने के आदेश जारी करने की मांग उठाई।



संभल में डीएम को ज्ञापन देते सपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- सपा जिलाध्यक्ष एवं विधायक पुत्र ने डीएम और एसपी को सौंपा ज्ञापन
- 10 फिट से ज्यादा ताजियों की लंबाई न रखने की बात से लोगों में रोष

### जलभराव की समस्या का कराएं समाधान

**संभल,अमृत विचार** : विधायक पुत्र सुहेल इकबाल ने डीएम को दिए पत्र में कहा कि लगातार बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव हो जाता है लोगों को परेशानी होती है। छात्र छात्राओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाले और नालियां चोक पड़ी हैं। नालों में पानी की निकासी की सही व्यवस्था न होने से गंदगी फैली है। रिहायशी इलाकों में पानी व गंदगी होने से लोग घरों से पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने विधायक निधि या फिर नगर पालिका द्वारा समस्या का स्थाई समाधान कराने की मांग की।

# फरियादी उमड़े, 63 में से सिर्फ 5 शिकायतें निस्तारित

## संभल में डीएम की अध्यक्षता में लगा समाधान दिवस, नई तहसील परिसर में जलभराव देखकर हुए नाराज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शनिवार को लगे संपूर्ण समाधान दिवस में बारिश के बीच फरियादी पहंचे। लोगों ने डीएम, एसपी और अन्य अधिकारियों से इंसाफ की गुहार लगाई। विभिन्न विभागों की 63 शिकायतें दर्ज हुईं लेकिन मौके पर सिर्फ पांच का समाधान हो सका। समाधान दिवस के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

शनिवार को सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। नई तहसील सभागार में डीएम राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम जब नई तहसील पर पहुंचे तो जलभराव को देखकर अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। डीएम और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने सभागार में जनता की शिकायतें सुनीं। देखते ही देखते फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह हाल तब रहा जबकि लगातार बारिश हो रही थी। दोपहर तक फरियादी हाथों में प्रार्थना पत्र लेकर समाधान दिवस में पहुंचते नजर आए। अधिकारियों ने भी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई का समाधान किया। डीएम ने कहा कि शिकायतें लंबित न रहें। शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। मौके पर जाकर समाधान कराया जाए। डीएम ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 40, पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग की 4, खाद्य एवं रसद विभाग की 3, स्वास्थ्य विभाग की 1 और अन्य विभागों की 8 शिकायतें दर्ज हुईं। मौके पर राजस्व विभाग की 5 शिकायतों का समाधान करा दिया गया। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डीडीओ राम आशीष, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, सीओ अनुज कुमार चौधरी, तहसीलदार रवि सोनकर समेत कई अधिकारी रहे।


संभल में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनता की फरियाद सुनते डीएम राजेंद्र पैंसिया।

### महिलाओं को वितरित किए ऋण स्वीकृति पत्र

**संभल, अमृत विचार :** समाधान दिवस के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह और एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने ऋण स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि ऋण लेकर महिलाएं कामकाज करके आत्मनिर्भर बनेंगी। पंवासा के लिए 37 और संभल के लिए 27 स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस दौरान बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह, बीडीओ असमोली अजीत सिंह आदि अधिकारी रहे।

### गांव में जलभराव, दिक्कतों से जूझ रहे ग्रामीण

**संभल, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर सराय उर्फ सीतपुरी के मोहित, मुकेश, खानचंद, राजेंद्र आदि ग्रामीणों ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव में जलभराव होने से बीमारी फैल रही है। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। ग्रामीणों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग से पैंतिया, मूसापुर, रसूलपुर, निबौरा, अझरा के लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराने की गुहार लगाई।

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सरायतरीन के एक मुहल्ले की युवती ने शिकायत की कि संभल के एक युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हो गई तो गर्भ गिराने की दवा लाकर दे दी। पुलिस से शिकायत की तो तय हुआ कि युवक एक साल में शादी करेगा। निर्धारित समय पूरा होने पर कहा तो परिवार के लोगों ने युवती के परिजनों को मारपीट कर घर से निकाल दिया। युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## एक नजर


परिवार जनों संग प्रतीक( बीच में टाई पहने)।

### किसान का बेटा प्रतीक बना असिस्टेंट कमांडेंट परिवार में छाईं खुशियां

**संभल, अमृत विचार :** संभल क्षेत्र के किसान परिवार के बेटे प्रतीक आर्य ने यूपीएससी के जरिये परीक्षा देकर असिस्टेंट कमांडेंट बनकर परिवार का नाम रोशन किया है। प्रतीक आर्य की कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल बना है। किसान नवीन कुमार आर्य के बेटे प्रतीक आर्य ने संभल के बाल विद्या मंदिर स्कूल से 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसके बाद प्रतीक आर्य ने दिल्ली के हंसराज कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। प्रतीक आर्य ने यूपीएससी के जरिये परीक्षा दी तो ऑल इंडिया में 40वीं रैंक हासिल करके वह असिस्टेंट कमांडेंट बन गए। प्रतीक आर्य की सफलता से पिता नवीन कुमार आर्य, मां संतोष आर्य आदि में खुशी का माहौल है। प्रतीक आर्य ने सफलता का श्रेय दादा रेवती प्रसाद आर्य को दिया है।

### किन्नर के पास पहुंचा हाथरस का किशोर

**गुन्नौर, अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर चैटिंग के बाद किशोर किन्नर के पास चला आया। जैसी ही इसकी खबर किशोर के परिजनों को लगी तो वे तुरंत पुलिस थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस के हस्तक्षेप से किशोर परिजनों के साथ अपने घर लौट गया।

हाथरस के थाना सासनी के गांव नया नगला निवासी अरविंद कुमार का 17 वर्षीय बेटा गगन जागरण चौकी में काम करता है। इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत कस्बा निवासी एक किन्नर से होती थी। बताया गया कि 4 जुलाई को गगन सादाबाद में आयोजित जागरण में गया लेकिन घर नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, तभी गगन ने मोबाइल से मां को फोन कर बताया कि वह गुन्नौर में किन्नर के पास है। शनिवार को किशोर के पिता अरविंद गुन्नौर आए और पुलिस को तहरीर देकर पुत्र को किन्नर के चंगुल से मुक्त कराने की मांग की। इसके बाद पुलिस अरविंद के साथ किन्नर के यहां पहुंची। किशोर को उसके पिता को सौंप दिया।


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते तहसीलदार। ● अमृत विचार

## समाधान दिवस में आई 42 शिकायतें, दो हुई निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जिसमें 42 शिकायतें आई और दो राजस्व की शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नीतू रानी, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 18, पुलिस की 10, चकबंदी की तीन, विकास विभाग की पांच, समाज कल्याण की एक व अन्य पांच शिकायतें आई। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। अन्य शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र समाधान कराने की बात कही। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सावन के माह में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के सभासद अनुराग अग्रवाल ने एसडीएम व नगर पालिका की ईओ नीतू रानी से सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सावन माह में शहर के सभी मंदिरों पर प्रत्येक सोमवार व महाशिवरात्रि के पर्व पर विशेष सफाई कराने के साथ चूना डलवाया जाए। साथ ही मंदिरों के आसपास पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त कराया जाए। मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जाए। शिवरात्रि पर शोभायात्रा मार्ग पर लीकेज के गड्ढे, पथ प्रकाश व्यवस्था, खराब पड़े हैंडपंप, वाटरकूलरों व खुले मैनहोल को दुरुस्त कराया जाए। ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## ट्रांसफार्मर के तार की चपेट में आकर करंट से गोवंश की मौत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**हादसा**

- धान लगाने बैलगाड़ी से बेटों व भाई के साथ खेत पर जा रहा था किसान
- बनियाठेर के गांव मोहम्मदपुर काशी की घटना, साइकिल सवार झुलसा

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर की नरौली चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर काशी में शनिवार की दोपहर करंट की चपेट में आकर एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई और साइकिल सवार युवक झुलस गया। हादसा उस समय हुआ जब एक किसान अपने दो बेटों व भाई के साथ बैलगाड़ी से खेत पर जा रहा था। हादसे के वक्त चारों ने बैलगाड़ी से कूद कर जान बचाई। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान को सरकारी आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।

गांव मोहम्मदपुर काशी निवासी किसान सलाम पुत्र कल्लू शनिवार की दोपहर बारिश के दौरान अपने भाई सुलेमान और दो बेटों के साथ बैलगाड़ी से धान की पौध लगाने खेत पर जा रहे थे। रास्ते में ट्रांसफार्मर से तार लटका हुआ था। तार एक बैल से छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर बैल वहीं गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस बीच बैलगाड़ी में बैठे चारों लोगों ने कूद कर जान बचाई। वहीं उसी समय उधर से गुजर रहा साइकिल सवार आफाक पुत्र मेहरजान भी करंट लगने से झुलस गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को मामले की जानकारी देते हुए लाइन बंद करा दी। पीड़ित किसान ने बताया कि 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से सरकारी आर्थिक मदद दिलाने की मांग की है।


रोपित करने के लिए पौधे लेकर जाते बच्चे। ● अमृत विचार

## ग्रीन डे थीम के तहत बच्चों ने पौधे रोपकर दिया हरियाली का संदेश

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में ग्रीन डे थीम के तहत नन्हे- मुन्ने बच्चों ने स्कूल प्रांगण में पौधे रोंपे। बच्चे अपने घर से पौधे लेकर आए और अध्यापकों की देखरेख में उन्होंने पौधरोपण किया।

इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर अतुल गोयल ने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से पर्यावरण संतुलन निरंतर बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को बताया कि पेड़-पौधों से हमें आक्सीजन व फल, फूल मिलते हैं। अध्यापकों ने बच्चों को हर वर्ष एक पौधा अवश्य लगाने के लिए प्रेरित किया। प्रथम कक्षा के गौरीश, सिया, सार्थक, ऋषभ, दुष्यंत, अदिति, आदित्य, कुमुदिनी और चिराग आदि बच्चों ने ग्रीन डे थीम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई। इस अवसर पर सोनल शर्मा, मीनल, अशोक, रितु हसन, श्वेता गुप्ता नव्या, निशु, अंशु आदि रहे।

### विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया आम दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार:** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शनिवार को आम के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आम दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूल के छोटे बच्चे आकर्षण वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे।

कार्यक्रम में बच्चों की नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कविता सुनाकर बच्चों ने खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद बच्चों ने कई किस्म के आमों का स्वाद भी चखा। प्रधानाचार्य कपिल दीप ने बताया कि आम सबके लिए प्रिय फल है। विद्यालय में आम दिवस मनाने का उद्देश्य आम की महत्ता को बताना है।

इस अवसर पर शिक्षिका सोनी अग्रवाल, रुचि शर्मा, शशि बाला, शोभना, दिव्या, दीपाली, अंजलि, नैंसी, सिमरन, अल्कि, राधा, पूर्वी, शिवानी, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

## जयंती पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने शनिवार को संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद, देश भक्त, क्रांतिकारी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। रेलवे जंक्शन के सामने मुखर्जी चौक पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारतीय इतिहास में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक मुखर्जी का जन्म 06 जुलाई 1901 को प्रसिद्ध बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आपके पिता सर आशुतोष मुखर्जी एवं माता जोगमाया मुखर्जी थीं। डॉ. मुखर्जी को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु ने उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाया। लेकिन 06 अप्रैल 1950 को मंत्री मंडल से इस्तीफा दे दिया। 21 अक्तूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेन्द्र प्रसाद शर्मा व संचालन मनोज सिंघल ने किया।

सच्चिदानन्द शर्मा, एनके शर्मा, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, सुखवासी लाल, अरुण सकसेना, राघवेंद्र मिश्रा, राजेंद्र सिंह राघव, डॉ. धर्मवीर सिंह, वेदराम मौर्य ने विचार व्यक्त किए। विनीत दुबे, सौरभ, दलवीर सिंह, शुचि मोहन, शेर सिंह यादव, शानू, एवरन सिंह, नितिन कुमार, धरमपाल आदि मौजूद रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते समिति के सदस्य।

## शिक्षिका और सहायक प्रबंधक की मौत का राज नहीं खोल सकी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ में प्रथमा बैंक के सहायक शाखा प्रबंधक षडानन ने की थी गोली मार कर आत्महत्या
- छोटेलाल कालोनी में शिक्षिका रचना ने फंदा लगा कर दे दी थी जान


रचना


षडानन

> दोनों ही घटनाओं में घटनास्थल की जांच के बाद आत्महत्या सामने आई है। फिलहाल जांच चल रही है कि जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा।
> –अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस दो-दो आत्महत्याओं के राज नहीं खोल पा रही है। जिससे लगता है कि अब यह पता नहीं चल सकेगा कि प्रथमा बैंक के सहायक प्रबंधक व रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की खेल शिक्षिका ने आत्महत्या क्यों की। जबकि दोनों मरने वाले जनपद संभल से बाहर के निवासी है।

कोतवाली क्षेत्र के वैशाली नगर निवासी प्रथमा बैंक में सहायक प्रबंधक षडानन का शव 29 जून की रात बहजोई रोड स्थित आंबेडकर छात्रावास से सटे मार्ग पर गश्ती पुलिस को मिला था। सहायक प्रबंधक कनपटी पर गोली लगने से मौत हुई थी। जबकि उनके दाये हाथ में तमंचा लगा था। प्राथमिक जांच में पुलिस ने घटना को आत्महत्या बताया था। जबकि शव के पास से मिले दो तमंचे व कारतूसों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया था। षडानन बिहार के निवासी थे। सप्ताह भर बाद पुलिस सहायक प्रबंधक की आत्महत्या का राज नहीं खोल सकी है।

वहीं गुरुवार की शाम छोटे लाल कालोनी में किराए के मकान में रहने वाली खेल शिक्षिका रचना ने पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह रामप्यारी कन्या आर्य इंटर कॉलेज में खेल शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी।

शिक्षिका मूल रूप से बुलंदशहर की निवासी थी। यहां भी पुलिस ने जांच में खेल शिक्षिका द्वारा आत्महत्या करना बताया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मगर वह भी नहीं बता सके कि शिक्षिका ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस जांच में भी अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि सहायक प्रबंधक व खेल शिक्षिका ने आत्महत्या क्यों की। जबकि पुलिस जांच अभी जारी होना बता रही है। जांच के बाद ही कुछ कहने की बात कह रही है।

### ओवरब्रिज निर्माणः दोपहिया पर भी रोक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण तेजी से हो रहा है। निर्माण के चलते अब दोपहिया वाहनों का आवागमन भी पूरी तरह बंद कर दिया है। कार्य व बारिश होने से मिट्टी फैल गई है। वैकल्पिक मार्ग नहीं बनने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने निर्माण कार्य के चलते वैकल्पिक मार्ग बनाने की मांग करनी शुरू कर दी है।

कई दिन से मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का कार्य आरंभ कर दिया गया था। उस समय चौपहिया वाहनों को बंद कर, केवल दोपहिया वाहन व पैदल आने-जाने के लिए मार्ग खुला था। मगर शनिवार को निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। बारिश होने से गड्ढे खोदने से निकली मिट्टी पूरी तरह सड़क पर फैल गई है। जिससे सुरक्षा की दृष्टि को देखते ही शनिवार से दोपहिया वाहनों का आवामन भी पूरी तरह बंद कर दिया गया। ताकि हादसे से बचा जा सके।

## बार चुनाव में अध्यक्ष समेत सभी पदों पर हुए नामांकन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 12 जुलाई को होगा तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव, नाम वापसी सोमवार को

**अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। शनिवार को अध्यक्ष व सचिव समेत विभिन्न पदों के लिए दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। सोमवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। चुनाव 12 जुलाई को होगा।

चुनाव अधिकारी अशोक कुमार शर्मा की उपस्थित में अध्यक्ष पद पर अमर सिंह यादव व मुकेश पाल सिंह तथा सचिव (महामंत्री) पद के लिए अरविंद कुमार गुप्ता व रामजीमल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद के लिए पिन्टेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पद के लिए विजय पाल सिंह, सत्यवीरी सिंह, कोषाध्यक्ष के एक पद पर बलराम शर्मा, संयुक्त सचिव के तीन पद के लिए शाकिर अली, धर्मवीर सिंह, मो. तारिक अनवर, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पद के लिए अलीशेर खां, खालिद सैफी, मुकेश पाल सिंह, रमेश बाबू, शीशपाल सिंह, बाबू सिंह राणा तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के 6 पदों के लिए दारा सिंह, हृदेश यादव, मुनेश, अवधेश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि दो कार्यकारिणी सदस्य के पद रिक्त रहे। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सोमवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। नाम वापसी में अध्यक्ष व सचिव पद के लिए कोई नाम वापस नहीं हुआ तो इन दो पदों के लिए ही 12 जुलाई को चुनाव होगा।

## सार-संक्षेप


गुन्नौर में शिकायतें सुनते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

### गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 92 शिकायतें,तीन का निस्तारण

**गुन्नौर, अमृत विचार :** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की शिकायतें आईं। इस दौरान कुल 92 मामले आए। जिसमें महज तीन मामले ही निस्तारित हो सके। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। उप जिलाधिकारी रमेश बाबू और सीओ डा. गणेश गुप्ता ने तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना। कुल 92 मामले आए। जिसमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण हो गया। एसडीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारी सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनें। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। सीओ ने कहा कि भूमाफिया व शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान आईं शिकायतों में आधी से अधिक राजस्व विभाग की 47, चकबंदी विभाग चार, विद्युत विभाग दो, पुलिस की 19, ग्राम्य विकास विभाग 8, पूर्ति विभाग पांच, नगर पंचायत संबंधित पांच और अन्य दो मामले आए। इनमें राजस्व विभाग की तीन समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में सभी विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


काली मंदिर परिसर में पौधरोपण करती वूमेन शिखर की पदाधिकारी।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से शनिवार को आवास विकास पुष्प विहार कालोनी स्थित काली मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। ग्रुप की पदाधिकारियों व सदस्यों ने नीम, बेलपत्र, अशोक, गुलाब, सदाबहार, शमी आदि के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने कहा कि हमें समय-समय पर पौधरोपण करते रहना चाहिए। जिससे हमारे आसपास का वातावरण शुद्ध रह सके और हमें शुद्ध वातावरण मिल सके। इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष के साथ शिखा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, शोभा शर्मा, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


आवास विकास में पौधरोपण करतीं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने आवास विकास में किया पौधरोपण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा शीर्ष संगठन के आदेशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष राखी सिरोही के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी स्थित पार्क में महिला मोर्चा की सदस्यों ने पौधरोपण किया। जिसमें अमरूद, गुड़हल, पीपल, नीम, गेंदा, सहजन, बरगद आदि के पौधे रोपित किए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। ग्रुप सदस्य स्थानीय निवासी भावना गुप्ता को देखभाल जैसे पानी देना आदि की जिम्मेदारी सौंपी। एडवोकेट किरन शर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुधार हेतु पौधरोपण आवश्यक है। आशा गोस्वामी ने कहा कि बढ़ते हुए तापमान को नियंत्रित करना तथा ऑक्सीजन हेतु पौधों की बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम में मोक्षिका शर्मा, आभा रानी, भावना गुप्ता आदि की सहभागिता रही।


लायंस कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊ गली-गली...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से लायंस कॉलोनी में संगीत मय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी देवताओं का पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, विशाल शर्मा, अजय सक्सेना, गुलशन अरोरा, रजत शर्मा, अमित शर्मा, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला ने केजी शर्मा ने राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊ गली-गली, रमेश ग्रेवाल ने रखियो लाज हमारी, हनुमत बलशाली आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, गुलशन अरोरा, मनोज शर्मा, राज कुमार सक्सेना, कल्पना वार्ष्णेय, सुधा शर्मा, मीनाक्षी पांडे, महेश उपाध्याय, डीपी गौतम, आरसी अग्रवाल, रामकिशन अग्रवाल, राकेश चौबे आदि मौजूद रहे।

### नई तहसील परिसर में किया गया पौधरोपण


पौधारोपण करते एसडीएम विनय मिश्रा व मौजूद अन्य अधिकारी व संगठन के लोग।

**संभल, अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर संभल के पदाधिकारियों, अधिकारियों ने नई तहसील परिसर में पौधरोपण किया। इस अभियान में समाज के लोगों से जुड़कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के बाद नई तहसील परिसर में संयुक्त रूप से पौधरोपण किया गया। एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने कहा कि वन विभाग के साथ ग्रीन संभल कॉरिडोर के माध्यम से पौधरोपण किया गया है। बरसात के दिनों में पौधारोपण करके पौधों का जीवन अच्छा रहता है। ग्रीन संभल कॉरिडोर की ओर से पौधों को संरक्षित करने के लिए ट्री गार्ड भी लगवाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि पौधों की सुरक्षा का ध्यान रहेगा। इस दौरान सीओ अनुज कुमार चौधरी, तहसीलदार रवि सोनकर, एआरटीओ प्रशासन डॉ. प्रवेश कुमार सरोज, वन विभाग से अंकिता किशोर, उस्मान अली, मोहित कुमार, ग्रीन संभल कॉरिडोर से राजकुमार शर्मा, जसपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि रहे।

# हिन्दुत्वः समग्र दार्शनिक अनुभूति



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब।

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है,लेकिन राहुल जी ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंद्र मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में वह 'गवर्मेंट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है।

हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है,लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, सांप्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल जी ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषांतर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है,लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं।

हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवनशैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है,लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता।

हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋतु' कहा है। ऋतु वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋताव हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं (ऋ०3-15-11)। हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है। ऋतु के संरक्षक शक्तिशाली वरुण को भी नहीं।

ऋग्वेद के अनुसार धरती और आकाश वरुण के नियम से धारण किए गए हैं-वरुणस्य धर्मणा (6-70-1)। ऐसे अनुभवजन्य विश्वास में हिंसा की जगह नहीं है। प्राकृतिक नियमों का धारण करना धर्म है। बताते हैं कि शक्तिशाली वरुण ने सूर्य का मार्ग निर्धारित किया है। यह है ऋतु नियम। सूर्य ने यह नियम पालन किया। यह हुआ सूर्य का धर्म। वैदिक काल के बाद ऋतु और धर्म एक ही अर्थ में कहे जाने लगे। ऋतु मार्गदर्शी है। इसके अनुसार कर्म करना धर्म है। धर्मानुसार कर्म में हिंसा नहीं। विष्णु बड़े देवता हैं। उन्होंने तीन पग चलके पूरी धरती नाप ली। ऋग्वेद के अनुसार वे धर्म धारण करते हुए तीन पग चले।

सूर्य, सविता देवता हैं। वे भी द्युलोक, अंतरिक्ष और पृथ्वी को धर्मानुसार प्रकाश से भरते हैं। (4-53-3) प्रजापति सत्यधर्मा हैं (10-121-9) सूर्य भी सत्यधर्मा हैं। प्रकृति की सभी शक्तियां ऋतुबद्ध धर्म आचरण करती हैं। इसलिए हिन्दुओं का आचरण भी नियमबद्ध होता है। सुख आनंद का आधार सत्य है। सत्य नित्य है। सत्य बोलना धर्म है। वैदिक काल से ही झूठ के लिए 'अनृत' शब्द प्रयुक्त होता रहा है। ऋतु सत्य है। अनृत झूठ है। पूर्वजों ने मानव समाज के लिए नियमों का विकास किया। देशकाल के अनुसार इसमें नया जुड़ता रहा है। काल बाह्य छूटता रहा है। इसी आचार संहिता का नाम धर्म पड़ा। हिन्दू धर्म सतत् विकासशील है। हिन्दू ईश्वर को भी मानने या न मानने के लिए स्वतंत्र हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् (2-5-11) में कहते हैं, ''धर्म सभी भूतों का मधु है। समस्त भूत इस धर्म के मधु हैं।'' इसी मधु का नाम हिन्दुत्व है। हिन्दू मन स्वाभाविक ही उदार है।

दर्शन और वैज्ञानिक विवेक से हिन्दुओं ने विश्व वरेण्य संस्कृति का विकास किया। इसका ध्येय विश्व का लोकमंगल रहा है। हिन्दू धर्म जगत की व्यवस्था को बनाए रखने की आचार संहिता है। धर्म का संवर्द्धन और पालन प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है। हिन्दू मन पूरे विश्व को परिवार मानता है। प्रकृति के अंश हैं हम सब। प्रकृति में रहते हैं। इसी के अंगभूत घटक हैं। प्रकृति से हमारे व्यवहार की आत्मीयता भी हिन्दुत्व है। हिन्दू संपूर्ण अस्तित्व के प्रति सत्यनिष्ठ हैं। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के बीच प्रश्नोत्तर हैं। नचिकेता ने यम से पूछा, "जो धर्म से पृथक हैं, अधर्म से पृथक हैं, भूत भविष्य से भी पृथक हैं, कृपा कर के आप मुझे वही बताइए।" यहां दिक्काल से परे किसी अमृत तत्व की जिज्ञासा है। हिन्दू दिक्काल से परे भी सोचते रहे हैं। धर्म राष्ट्रजीवन की आचार संहिता है। इस आचार संहिता का विकास हजारों वर्ष की साधना से हुआ है। नचिकेता धर्म अधर्म और देशकाल-भूत भविष्य से परे सम्पूर्ण सत्य का जिज्ञासु है।

हिन्दुओं ने वैदिक काल में ही सभा और समितियों का विकास कर लिया था। सभा में मधुर बोलना उच्चतर जीवन मूल्य है। सभा के योग्य लोग सभ्य कहे जाते थे। लोकसभा पवित्र सदन है। कार्यवाही के नियम हैं। अध्यक्षीय आसन का सम्मान सभी सदस्यों का कर्तव्य है। इसी पवित्र सदन में प्रधानमंत्री को नमस्कार करते लोकसभा अध्यक्ष के झुकने की व्याख्या की गई। इस व्याख्या ने भारत का मन आहत किया है। वरिष्ठों का सम्मान हिन्दू संस्कृति का महत्वपूर्ण अंश है। ऋग्वेद में कहा गया है, "नमः ऋषभ्या, पूर्वेभ्यः, पूर्वजेभ्यः, पथिकृभ्यः-ऋषियों को नमस्कार, हमसे पूर्व जन्मे लोगों को नमस्कार, पूर्वजों को नमस्कार और पथ प्रदर्शक को नमस्कार है,लेकिन पवित्र संसद में झुककर नमस्कार का मजाक बनाया गया। यह आहतकारी है।

# भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई हैं वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं।

भारतीय दर्शन एवं संत परंपरा में विविध शंकराचार्य, गिरी, संत, संन्यासी, तपस्वी, ऋषि, मुनि, यति, नाथ, जोगी, मंहत और भी बहुत कुछ है। मठ, मढ़ी, आश्रम भी है। अखाड़ा परिषद जहां से प्रमाणित साधु कुंभ के उपरांत निकलते हैं, ऐसी सुनियोजित व्यवस्था है फिर भी कंवल बाबा, चटनी बाबा, भोले बाबा साकार हरी जैसे बाबाओं के दरबार भी हरे-भरे रहते हैं। हाथरस कांड गवाही देते हुए कह रहा है कि एक सामान्य सिपाही लाखों लोगों का भगवान बन गया। लाखों अनुयायी चरण धूल के लिए व्यग्र होते हुए अपने प्राण भी गवां देते हैं। ऐसे दरबार और लाखों अनुयायी पोल खोलते हैं। हमारी सामाजिक एवं धर्म व्यवस्था की। आज जब भारत बुलेट ट्रेन, सुपरसोनिक वायुयानों और तकनीकी प्रगति के युग का दावा ठोंक रहा है,उस देश में लाखों लोग किसी के पैरों की धूल लेकर कृतकृत्य हुए जा रहे हैं। चमत्कारी पानी संतान प्राप्ति की दिव्य औषधि बना हुआ है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक, उझानी, बदायूं

भारत जैसे विचारवान देश में इस प्रकार की विवेकहीन धार्मिकता या अंधभक्ति कई बिंदुओं की ओर इशारे कर रही है। जैसे-जैसे भौतिक व्यवस्थाएं संपन्न हुई है वैसे-वैसे मानसिक जटिलताएं बढ़ती गई हैं। इन जटिलताओं का आसन समाधान पाने के लिए अल्प शिक्षित या अशिक्षित वर्ग इन फर्जी बाबाओं के दरबार में चक्कर काटता है। अधिकांश भीड़ ग्रामीण महिलाओं की मिलेगी जो अपनी छोटी-छोटी शंकाओं के समाधान इन दरबारों में ढूंढने पहुंच जाती हैं। ये लोग बहुत छोटे से दायरे का ही जीवन देखते व समझते हैं। ज्यादा बड़ी-बड़ी जटिल पौराणिक बाते, धर्मवेत्ताओ के आख्यान प्रवचन समझने में इन्हें मुश्किल लगती है,चूंकि इनका अधिकांश समय बुद्धि आधारित कार्य पर न होकर श्रम पर आधारित होता है। ये बाबा उनके इसी अल्प ज्ञान का लाभ उठाकर आसान शब्दों में लच्छेदार बातें पेश कर देते हैं,उन्ही के जीवन के उदाहरणों को सुनाकर लोकप्रियता हासिल कर लेते हैं। समस्या ये है कि भारत जैसे देश में असली संत, नकली साधु, कथावाचक, सरस कथावाचक, मोटिवेशनल स्पीकर,ओझा तांत्रिक, सिद्धि वाले बाबा जी, गाने वाले बाबाजी, जेल वाले बाबाजी, तेल वाले बाबा जी सबके पास उनकी सधी सधाई श्रोता पार्टी है। सब "मामेकम शरणं व्रज"(केवल मेरी शरण में आ जाओ) कहते हुए भक्त गढ़े जा रहे हैं। लाखों लोग अपना काम धाम छोड़कर इन बाबाओं का प्रताप बढ़ा रहे हैं। इससे इतना तो स्पष्ट होता है कि ये बाबागिरी एक मनोवैज्ञानिक खेल है। इस मनोवैज्ञानिक खेल का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ, प्रभाव राजनीति पर भी है।

भारत का आदमी इतना खाली हो चुका है कि अपने जीवन की समस्या स्वयं न सुलझाकर, कहीं भी उलझने को तैयार हो जाता है। तुलसीदास जी तो कह ही गए थे "पंडित सोई जो गाल बाजवा।" और ये सारे बाबा काबा, तरह-तरह के वाचक अपने विचार को इनके माध्यम से विचारधारा बनाने की महत्वाकांक्षा हासिल कर लेते हैं। भारत जैसे देश में सामाजिक जागरूकता की दिशा में बड़े प्रयास चाहिए। धर्म के नाम पर होती सांस्कृतिक होड़, आर्थिक प्रदर्शन की होड़ रोकनी होगी। जिस किसी के अधिक फॉलोअर हैं ऐसे व्यक्ति कभी भी समाज के लिए "हर्ड पॉइजनिंग" (भीड़ के कानों में जहर घोलने) जैसे कार्य कर सकते हैं। इन पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है।

# बिहार के इंजीनियरों से श्रेष्ठ निर्माता त्रेतायुग के वानर थे



अरविन्द त्रिपाठी
कानपुर

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था, बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था।

पुल पर चलकर-पुल पार होते हैं, न कि नदी। 'सुशासन बाबू' के राज में विगत पंद्रह दिनों के अंतराल में समय और दूरी को पार करने के लिए बने बिहार की विभिन्न नदियों के ग्यारह पुल ढह गए। यह चौंका देने वाली ऐसी घटनाओं का विस्फोटक सिलसिला है,जिसने न केवल राज्य और वहां की सरकार, प्रशासन के साथ-साथ पूरे लोक निर्माण विभाग और तकनीकी व्यवस्था को हिला दिया,बल्कि मानवीय भावना को भी गहराई से झकझोर दिया। इससे विश्व में बिहार की इंजीनियरिंग और मेधा पर गंभीर सवाल उठे हैं।

राजनीतिक हलकों में ऐसा ध्वनित होता रहता है कि वर्तमान केन्द्रीय सरकार राम राज्य के उच्चादर्शों को प्रतिमान मानते हुए कार्य कर रही है। बिहार की सरकार उसी राम राज्य का मजबूत हिस्सा है। त्रेतायुगीन कथाओं के इतिहास में अंकित रामायण के महाकाव्य में भी एक भव्य पुल मौजूद है। भगवान राम की सेना के दो वानर बंधुओं नल और नील के मार्गदर्शन में वानर सेना द्वारा निर्मित पुल ने भारत और श्रीलंका की भूमि को जोड़ा, जिससे विशाल समुद्र को पार करके राक्षसराज रावण की लंका के द्वीप साम्राज्य तक पहुंचा जा सका। न केवल चट्टानों और गारे से,बल्कि भक्ति की इच्छा और विश्वास की शक्ति से बनाया गया यह पुल आज भी उद्देश्य और आस्था के मिलन का प्रतीक माना जाता है।

बिहार के हृदय में पुलों की एक गहरी कहानी है, जहां मिथकों की प्राचीन प्रतिध्वनियां और आधुनिक समय की वास्तविकताएं आपस में टकराती हैं। इस कहानी का रिश्ता बिहार से यूं कायम होता है कि बिहार की बेटी जगदंबा सीता के लिए हजारों साल पहले एक पुल बनाया गया था। राक्षसराज रावण ने उनका पंचवटी से अपहरण कर लिया और लंका ले गया,जिसके बाद उनके स्वामी भगवान श्रीराम ने उन्हें बचाने के लिए अदम्य धैर्य और साहस के साथ वीरतापूर्ण अभियान शुरू किया। शक्तिशाली हनुमान के नेतृत्व में वानर सेना ने राम के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और न्याय के प्रति अपनी भक्ति से प्रेरित होकर विशाल महासागर पर पुल बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यह पुल हजारों साल बाद भी मिथ और विज्ञान के बीच आज भी देखा जा सकता है, जिसके अस्तित्व पर समय-समय पर सवाल खड़े किए गए।

अब इसकी तुलना आधुनिक बिहार के पुलों से करें,जहां इंजीनियरिंग बुनियादी ढांचे और स्थिरता की चुनौतियों का सामना करती है। आवागमन और प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन के बाद बने ग्यारह पुल अब टूट और बिखर गए हैं। इन्हें बनाने के लिए टेंडर जारी करने से लेकर तमाम विशेषज्ञ समितियों की ओर से चरणवार जांचा-परखा और मंजूर किया गया,लेकिन तकनीकी विफलताओं और पर्यावरणीय तनावों में निहित होने के बावजूद, इन पुलों के ढहने के कारण मानवीय प्रयास और नश्वर सरलता की सीमाओं की गहरी कहानी को प्रतिध्वनित करते हैं।

रामायण का पुल, जिसे 'सेतु बंध' के रूप में जाना जाता है, साहस और दृढ़ संकल्प का एक वसीयतनामा था। यह केवल एक भौतिक संबंध नहीं था,बल्कि ईश्वरीय इच्छा और भक्तों के अटूट संकल्प का प्रकटीकरण था। माता सीता और प्रभु राम के प्रति अपने प्रेम और निष्ठा से प्रेरित वानर सेना ने इस चमत्कार को बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। उनके प्रयासों को एक ही उद्देश्य ने प्रेरित कियाः एकजुट होना और बचाव करना, विशाल महासागर द्वारा उत्पन्न दुर्जेय चुनौती को पार करना।

इसके विपरीत बिहार के पुल अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बावजूद अपने डिजाइन से परे की ताकतों के सामने झुक गए। भूविज्ञान, जलवायु और शायद अपेक्षाओं (इसे भ्रष्टाचार भी पढ़ सकते हैं) के बोझ की जटिलताएं उन पर भारी पड़ीं। फिर भी इन पुलों का जन्म भी उद्देश्य से हुआ था-समुदायों को जोड़ना, व्यापार को सुविधाजनक बनाना, जीवन को ऊपर उठाना। तो फिर रामायण के पुल को आज के बिहार के पुलों से क्या अलग करता है? यह केवल इस्तेमाल की गई सामग्री या इस्तेमाल की गई तकनीक नहीं है,बल्कि इरादे का सार और भावना की गहराई है। सेतुबंध का पुल अटूट विश्वास और धार्मिकता की खोज की नींव पर बनाया गया था। यह इस विश्वास का प्रमाण था कि समर्पण और एकता के माध्यम से असंभव को भी जीता जा सकता है। इसके विपरीत, बिहार के पुलों को विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक से तैयार किया गया था, लेकिन उन्हें ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसने मानव निर्माण की नाजुकता को उजागर किया। वे हमें याद दिलाते हैं कि प्रगति और नवाचार के बीच, एक विनम्र सत्य छिपा है प्रकृति की दुर्जेय शक्तियों के सामने हमारी रचनाओं की नश्वरता।

बिहार इन पुलों के ढहने के बाद के हालात से जूझ रहा है। यह न केवल इंजीनियरिंग की कमियों पर,बल्कि इतिहास और मिथक के स्थायी सबक पर भी विचार करने का समय है। रामायण का पुल एक कालातीत प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है,जो हमें याद दिलाता है कि सच्ची महानता केवल निर्माण के कार्य में नहीं है, बल्कि इसे चलाने वाले लचीलेपन और उद्देश्य की भावना में है। बिहार में ग्यारह पुलों की कहानी में हम मानवीय महत्वाकांक्षा के द्वंद्व को देखते हैं,जहां निर्माण की इच्छा का सामना अस्तित्व की कठोर वास्तविकताओं से होता है। फिर भी इस चिंतन में आशा है कि जो कुछ गिर गया है उसके खंडहरों से, हम इस बात की गहरी समझ के साथ पुनर्निर्माण कर सकते हैं कि न केवल भौतिक खाई को पाटना,बल्कि समझ और भावना के अंतराल को भी पाटना क्या होता है,जो हमें एक सभ्यता के रूप में एकजुट करते हैं।

# अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन

हमारे ऋषि-मुनि पूर्वज, वैज्ञानिक, शात्र-पुराण और हमारा अनुभव सब प्रमाणिक तौर पर यह वाक्य कहते हैं- "प्रथम सुख निरोगी काया" "स्वास्थ्य एक अनमोल रत्न है", "हेल्थ इज वेल्थ" आदि। हमारा मुस्कुराता हुआ तेजमय चेहरा ही हमारे उत्तम स्वास्थ्य का दर्पण होता है। आपके चेहरे पर प्रसन्नता और खुशी सभी नजर आएगी जब आपका शरीर एक दम स्वस्थ्य और फिट होगा। हमारे इस नश्वर शरीर में यदि कहीं भी किसी भी अंग में थोड़ी सी भी परेशानी एवं पीड़ा है तो उतने से ही हम बेचैन हो जाते हैं। संसार की सारी खुशियां त्योहार, उत्सव और हर्षोल्लास उस व्यक्ति के लिए व्यर्थ व निरर्थक हैं,जिसके तन में कोई रोग लगा है। उसको कोई भी आनंद सुहाता नहीं है। उसको किसी भी आनंद में आनन्द नहीं मिल सकता और यदि आपका तन-मन स्वस्थ है तो छोटी सी खुशी में भी आप झूमने लगेंगे। आपके स्वस्थ चेहरे पर प्रसन्नता का भाव और तेज दूर से ही झलकता नजर आएगा।



जगपाल सिंह भाटी
बरेली

आज की इस मिलावटी दौर में स्वास्थ्य को स्वस्थ रखना बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण हो गया है। लाभ, लोभ, लालच और विलासिता के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रहा है। हर कोई अपने-अपने फायदे के लिए एक दूसरे को धोखा दे रहा है, जिसकी वजह से शुद्ध वस्तुएं मिलना असंभव सा हो गया है। यहां तक आज के समय में हवा और पानी भी जहरीले हो चले हैं। इस बेहद नाजुक दौर में निरोग स्वस्थ रहना कठिन हो गया है। बच्चा, जवान और बूढ़ा हर कोई आज दवा पर निर्भर हो गया है। मोटापा हाई ब्लड प्रेशर, शुगर कब्ज, अनिद्रा, कमजोरी, नजर कमजोर होना एवं समय से पूर्व बूढ़ा दिखना जैसे फैशन बन गया है। हम कुछ दैनिक नियमों से काफी हद तक अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से कम से कम 15 मिनट तक योग, व्यायाम, प्राणायाम या सुबह का टहलना जरूर करें।

प्रातः उठने के पश्चात सबसे पहले आंखों पर ताजे पानी से छप्पा लगाए इससे आखें स्वस्थ रहतीं हैं। सुबह खाली पेट दो गिलास गुनगुना या ताजा पानी अवश्य पिएं। नहाने से पहले और खाने के बाद पेशाब अवश्य जाएं। पानी पीकर तुरंत बाद पेशाब नहीं जाना चाहिए और पेशाब करने के तुरंत बाद पानी नहीं होना चाहिए। खड़े होकर भी पानी न पिएं। लघु शंका (पेशाब) और दीर्घ शंका (लेट्रीन) करते समय अपने दातों को दबाकर रखें। दांत मजबूत और स्वस्थ रहेंगे। कुछ भी खाने के बाद और सोने से पूर्व कुल्ला अवश्य करें। सोने से पूर्व एक गिलास दूध या पानी पीकर सोने से नींद अच्छी आती है। हमेशा पूर्व और दक्षिण दिशा में सिर करके सोना चाहिए। आपका भोजन अधिक से अधिक सादा, हल्का, कम और प्रकृति के अनुकूल होना चाहिए। भोजन प्रसन्न मुद्रा में और चबा-चबा कर करें। अतः आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेत और सतर्क रहें, क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।

# ब्रह्म से मिलन का महापर्व

पुरी रथ यात्रा का त्योहार भगवान जगन्नाथ को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति इस पुरी रथ यात्रा में पूरी श्रद्धा से भाग लेता है, वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के रथ पर सवार होने का एक दर्शन ही बहुत शुभ माना जाता है। इसके साथ ही काम, क्रोध और लोभ से छुटकारा मिलता है। पुरी में होने वाली रथ यात्रा सबसे भव्य आयोजनों में से एक है, जो दुनियाभर से पर्यटकों को आकर्षित करती है। उत्सव के दिन तीन देवताओं की पूजा की जाती है, उनमें भगवान बलभद्र, जो भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई हैं, सुभद्रा, जो भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन हैं और भगवान जगन्नाथ शामिल हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

प्रत्येक देवता के पास एक रथ है। भगवान बलभद्र के रथ में 16 पहिए हैं, जबकि भगवान जगन्नाथ के रथ में 18 पहिए हैं। इसी तरह सुभद्रा के रथ में 14 पहिए हैं। भक्तगण जगन्नाथ मंदिर से भगवान कृष्ण, भगवान बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को गुंडिचा मंदिर ले जाते हैं। फिर मूर्तियों को रथों में स्थापित किया जाता है। पुजारी स्नान पूर्णिमा मनाते हैं, जो एक प्रथा है जिसमें तीन मूर्तियों को पानी (109 बाल्टी) से नहलाया जाता है। नहाए गए मूर्तियों को जुलूस के दिन तक अलग रखा जाएगा। इस आयोजन को अंसारा कहा जाता है। ओडिशा के शाही उत्तराधिकारी चेरा पहरा की रस्म निभाते हैं। राजा देवताओं को ले जाता है और चेरा पहरा के आयोजन के दौरान उन्हें रथों पर रखता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव की शुरुआत विशेष प्रार्थना और अनुष्ठानों के साथ देवताओं के आह्वान से होती है और इसे 'रथ प्रतिष्ठा' के नाम से जाना जाता है। इसके बाद तीन मुख्य देवता, देवी सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र को उनके संबंधित रथों में बैठाया जाता है। देशभर से भक्त भगवान के रथ को खींचने की उत्कट इच्छा के साथ आते हैं, क्योंकि यह कार्य बहुत पवित्र माना जाता है। रंग-बिरंगी शोभायात्रा ढोल, तुरही या ढोल पर बजने वाले भक्ति गीतों की ध्वनि के साथ आगे बढ़ती है। जुलूस अंत में गुंडिचा मंदिर पहुंचता है जिसे भगवान जगन्नाथ की मौसी का निवास माना जाता है। इस त्योहार को 'घोष यात्रा', 'दशावतार यात्रा', 'नवदिन यात्रा' या 'गुंडिचा यात्रा' के नाम से भी जाना जाता है। पुरी रथ यात्रा उत्सव एकीकरण और समानता का प्रतीक है। यह उन दुर्लभ त्योहारों में से एक है, जो सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर है। यहां तक कि मुसलमान भी इस अद्भुत रथ उत्सव में भाग लेते हैं। इस परंपरा की शुरुआत तब होती है जब राजा इंद्रद्युम्न ने जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां बनवाई तो रानी गुंडिचा ने मूर्तियां बनाते हुए मूर्तिकार विश्वकर्मा और मूर्तियों को देख लिया जिसके चलते मूर्तियां अधूरी ही रह गई तब आकाशवाणी हुई कि भगवान इसी रूप में स्थापित होना चाहते हैं। इसके बाद राजा ने इन्हीं अधूरी मूर्तियों को मंदिर में स्थापित कर दिया। उस वक्त भी आकाशवाणी हुई कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी जन्मभूमि मथुरा जरूर आएंगे। स्कंदपुराण के उत्कल खंड के अनुसार राजा इंद्रद्युम्न ने आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के दिन प्रभु के उनकी जन्मभूमि जाने की व्यवस्था की। तभी से यह परंपरा रथयात्रा के रूप में चली आ रही है। एक दूसरी कथा भी जिसके अनुसार सुभद्रा के द्वारिका दर्शन की इच्छा पूरी करने के लिए श्रीकृष्ण और बलराम ने अलग-अलग रथों में बैठकर यात्रा की थी। सुभद्रा की नगर यात्रा की स्मृति में ही यह रथयात्रा पुरी में हर साल होती है। इस रथयात्रा के बारे में स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी बताया गया है। इस भव्य रथ उत्सव को देखने के लिए हर साल दस लाख से अधिक तीर्थयात्री पुरी आते हैं।

# शिक्षा में नई व्यवस्थाओं की चुनौतियां



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा एक नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। यह नई नीति उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश को लेकर बनाई गई है एवं आयोग ने इसे सत्र 2024-25 से ही लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस नीति के अनुसार विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भारतीय विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार प्रवेश का मौका दिया जाएगा। सत्र में प्रथम बार प्रवेश जुलाई-अगस्त में तथा दूसरी बार जनवरी-फरवरी में होंगे।

वर्तमान में लागू व्यवस्था के अंतर्गत विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया वर्ष में केवल एक बार अर्थात जुलाई-अगस्त में होती है। नई व्यवस्था को लागू करने एवं इससे संबंधित समस्त इंतजामात सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी के द्वारा प्रवेश नीति संबंधी यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जबकि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जोरों से चल रही है। नवीन व्यवस्था को लागू करने के पीछे यूजीसी का तर्क यह है कि इस पद्धति के लागू हो जाने से उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले से संबंधित दिक्कतें दूर हो जाएंगी। किन्हीं कारणों से यदि कोई विद्यार्थी जुलाई-अगस्त में दाखिला लेने से चूक जाता है तो वह पुनः जनवरी-फरवरी में यह अवसर प्राप्त कर सकेगा। नतीजतन उसे अपने पूरे साल का नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा एवं उसकी शिक्षा बिना किसी व्यवधान के आगे बढ़ती रहेगी। इससे पूर्व भी यूजीसी के द्वारा ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश को लेकर यह व्यवस्था लागू की गई थी। उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2022 में ऑनलाइन कोर्स में जुलाई सत्र में 19.73 लाख, जबकि जनवरी सत्र में 4.28 लाख प्रवेश हुए थे। स्पष्ट है कि विद्यार्थियों की एक अच्छी खासी संख्या ने संबंधित पाठ्यक्रमों में जनवरी सत्र में प्रवेश लिया था। ऐसी स्थितियों को देखते हुए ही नियमित पाठ्यक्रमों में भी दो बार प्रवेश लेने की व्यवस्था को लागू करने का फैसला लिया गया है। यद्यपि यूजीसी का निर्देश है कि इस नियम को लागू किए जाने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात, बुनियादी ढांचा इत्यादि की जानकारी यूजीसी को देनी होगी। निस्संदेह यह व्यवस्था विद्यार्थियों के हित में है, क्योंकि प्रायः ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें विद्यार्थी जानकारी के अभाव में किसी बीमारी की वजह से अथवा पिछली परीक्षा का परिणाम देर में आने की वजह से अगली कक्षा में प्रवेश लेने से चूक जाता था। नतीजा यह होता था कि विद्यार्थी को एक बार चूकने के उपरांत पुनः अपना प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पूरे साल इंतजार करना पड़ता था, जिससे उसका समय बर्बाद हो जाया करता था। प्रवेश संबंधी नई व्यवस्था के लागू हो जाने के बाद इन सभी दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा।

इसी प्रकार शिक्षा मंत्रालय के द्वारा सत्र 2025-26 से दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को भी वर्ष में दो बार कराए जाने के विचार पर सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। प्रथम बार परीक्षा फरवरी में एवं दूसरी बार अप्रैल में होगी। खास बात यह है कि विद्यार्थी के लिए दोनों ही परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प खुला रहेगा। जिस परीक्षा में विद्यार्थी का प्रदर्शन बेहतर होगा, उस परीक्षा में विद्यार्थी के द्वारा प्राप्त किए गए स्कोर को ही उसका अंतिम स्कोर माना जाएगा। इस व्यवस्था से भी कहीं न कहीं विद्यार्थी का हित सुनिश्चित होगा। मान लीजिए कि किसी कारणवश विद्यार्थी का पेपर पहली परीक्षा में खराब हो जाता है तो उसके पास दूसरी परीक्षा का विकल्प हो जाने के कारण किसी भी तरह का तनाव उस पर हावी नहीं हो पाएगा, लेकिन जहां एक ओर इन नवीन व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के हित में माना जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इनके सामने कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनको अगर हल्के में लिया गया तो ये व्यवस्थाएं कहीं न कहीं नुकसानदेह भी साबित हो सकती हैं।

दो बार प्रवेश की व्यवस्था को लागू करने से पहले इस बात पर अवश्य मंथन किया जाना चाहिए कि कक्षाओं का संचालन किसी भी तरह से बाधित न हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके। दो बार प्रवेश लेने की सुविधा कहीं न कहीं विद्यार्थियों को लापरवाही की स्थितियों की ओर धकेल सकती है। यहां पर एक विकल्प यह हो सकता है कि ऐसी व्यवस्था केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए लागू की जाए जो किन्हीं वाजिब कारणों की वजह से सत्र के आरंभ में प्रवेश लेने से चूक गए हैं। ठीक इसी प्रकार दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजित किया जाना भी विद्यार्थियों के तनाव को कम करने के साथ ही उन्हें एक सीमा से अधिक बेफिक्र बना सकता है एवं उनके अंदर यह प्रवृत्ति पैदा हो सकती है कि पहली परीक्षा में प्रदर्शन की ओर ध्यान कदापि न दिया जाए। इन सभी चुनौतियों के भली-भांति विश्लेषण के उपरांत ही ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जानी चाहिए ताकि शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से निर्बाध एवं व्यवस्थित बनी रहे।

## एक नजर

### ससुराल व मायके वालों में मारपीट, चार घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव हरगनपुर में महिला के मायके वालों व ससुराल वालों के बीच चल रही पंचायत में मारपीट हो गई। इससे मायके पक्ष के चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव ऊमरी निवासी सरफराज की पुत्री सौलत की शादी गांव हरगनपुर निवासी अल्ताफ से हुई थी। बताया कि महिला ने किसी बात को लेकर मायके वालों से शिकायत की थी। मायके वाले बेटी की ससुराल पहुंचे थे। दोनों पक्षों के बीच पंचायत चल रही थी। इसी दौरान मारपीट हो गई। इससे गांव मकसूदपुर के इसरार, गांव मुस्सेपुर के मकसूद, महिला के पिता शरफराज व ताऊ घायल हो गए।

### पालिका में महिला ने दी आत्महत्या करने की धमकी

**नहटौर, अमृत विचार :** एक महिला ने पालिका कार्यालय में जहर खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी तो पालिका कर्मियो के होश उड़ गए। शिकायत पर पुलिस महिला को थाने लेकर आई और समझाकर उसे घर भेज दिया। बताया कि महिला पालिका पहुंचकर खुद को संविदा कर्मचारी बताते हुए मानदेय की मांग करती है। वह मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। जबकि पालिका से कोई लेना देना नहीं है। जब पालिका कर्मचारियो ने उसे पालिका से जाने के लिए कहा तो वह बिफर गई। उसने पालिका में जहर खाकर आत्महत्या करने की धमकी दी।

### रोडवेज बस अड्डे से परिचालक की बाइक चोरी

**नगीना, अमृत विचार :** ड्यूटी पर गए बस परिचालक की बाइक चोरी कर ले गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। क्षेत्र के गांव काजीवाला निवासी रोडवेज बस परिचालक कमलकांत शनिवार सुबह छह बजे स्टेशन रोड स्थित बस स्टैंड परिसर में अपनी बाइक खड़ी करके ड्यूटी करने चला गया था। इस बीच कोई व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। परिचालक के वापस आने पर उसकी बाइक नहीं मिली। बाइक को आसपास तलाश लेकिन पता नहीं लग सका। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत बाइक बरामद करने की मांग की है।

# नकटा नदी में बही वन विभाग की गाड़ी कर्मचारियों ने कूदकर बचाई अपनी जान

## महिला वन रक्षक व चालक की अटकीं रहीं सांसें, वीडियो बनने से गहराया शक

**संवाददाता, बढ़ापुर**


नदी में डूबी कार को निकालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बढ़ापुर क्षेत्र में मालन कोटावाली नकटा नदी में शनिवार सुबह उत्तराखंड वन विभाग की पाखरों रेंज के कर्मचारियों की गाड़ी बह गई। पानी के तेज बहाव के बीच कर्मचारियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर पुल के पास जेसीबी से गाड़ी को नदी से बाहर निकाला गया।

बताया गया कि शनिवार को उत्तराखंड वन विभाग के कर्मचारियों की कार मोहल्ला भजड़ावाला के पश्चिमी दिशा में नदी के पानी के बहाव के साथ रेत में फंस गई। नकटा नदी का जलस्तर बढ़ने से गाड़ी पानी में डूब गई। गनीमत रही कि जिस समय गाड़ी पानी मे डूबी गाड़ी में सवार सभी कर्मचारी सकुशल बाहर निकल गए। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो गाड़ी में सवार एक महिला मौके पर मौजूद लोगों से वीडियो बनाने से भी मना कर रही थी। इस कारण लोगों को महिला व गाड़ी में सवार लोगों पर शक हो रहा था। हालांकि गाड़ी चालक राजेश उत्तराखंड वन विभाग में संविदा कर्मचारी है। उसके साथ बबलू व एक अन्य युवक के साथ एक महिला गाड़ी में सवार थी। गाड़ी पानी मे डूबने के बाद घंटों तक लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया। बाद में जेसीबी से गाड़ी को बाहर निकाला गया। गाड़ी बाहर निकलने पर कर्मचारियों ने राहत की सांस तो ली। उधर, गाड़ी में सवार महिला के बारे में जानकारी लेने पर चालक राजेश बिफर गया। बाद में महिला को रेंज में तैनात वन रक्षक बताया। पाखरों रेंज के रेंजर विकास रावत ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है। गाड़ी में सवार महिला उनकी रेंज में वन रक्षक के पद पर तैनात है। छुट्टी में अपने घर जाने के लिए कह रही थीं। कोटद्वार मार्ग बंद होने के कारण शायद बढ़ापुर पहुचने के लिए सरकारी गाड़ी ले गए। मामले की जांच की जाएगी।

### क्षेत्र में आज भी तेज बारिश के आसार

**नगीना/किरतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में शनिवार तड़के से रुक-रुक कर देर शाम तक बारिश होती रही। क्षेत्र में शनिवार को बारिश 40 मिलीमाटर रिकॉर्ड की गई। बारिश के पानी से जगह-जगह जलभराव हुआ। इससे वाहन चालकों को दिक्कत हुई।

कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के मुताबिक, आकाश में बादल छाए रहने और मौसम में आर्द्रता फीसदी 95 तथा दोपहर में 85 प्रतिशत रिकॉर्ड होने से मौसम खराब होने के साथ-साथ क्षेत्र में तेज बारिश होने के आसार हैं। दिनभर बारिश के बीच खेतों में धान की बुवाई तेज हो गई है। आम के बागों में पानी भरने से दूसरे क्षेत्र की मंडी में फलों का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। क्षेत्र की नदियों में पहाड़ों से बारिश का पानी आने से जलस्तर बढ़ाने बढ़ गया है। किरतपुर क्षेत्र में शनिवार को झमाझम बारिश हुई। मुख्य बाजारों मे बारिश का पानी भर गया। शनिवार सुबह से ही नगर में बारिश होने लगी थी।

## सार संक्षेप

### प्रधानों ने खंड विकास कार्यालय में की तालाबंदी

**किरतपुर, अमृत विचार :** खंड विकास कार्यालय में शनिवार को ग्राम प्रधानों ने धरना प्रदर्शन कर तालाबंदी की। शाम तक धरना चलने के बाद मौके पर पहुंचे परियोजना निरीक्षक ज्ञानेश्वर तिवारी ने प्रधानों की मांगों को मानाकर धरना समाप्त करा दिया।



खंड विकास कार्यालय में मौजूद ग्राम प्रधान।

### जंगली हाथी ने गन्ने की फसल को किया नष्ट

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** गांव इनायतपुर में शनिवार को जंगली हाथी ने गन्ने की फसल में जमकर उत्पात मचाया। गांव के पास हाथी आने से लोगों में दहशत व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। इसके बाद साहूवाला वन रेंज के रेंजर आरपी ध्यानी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि इससे पहले ही हाथी मौके से जा चुका था। वन विभाग की टीम ने फसलों में नुकसान का जायजा भी लिया। किसानों का कहना है कि वन विभाग उनकी फसलों का मुआवजा दे। वन रेंजर ने बताया कि किसान राजपाल ने जंगली हाथियों द्वारा गन्ने की फसल नष्ट करने की शिकायत की है। जांच में पाया कि किसान की फसल में जंगली हाथी ने नुकसान किया है।


चिकित्सक को सम्मानित करतीं क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

### मानव जीवन में चिकित्सक की भूमिका अहम

**नगीना, अमृत विचार :** एलएनएस क्लब की शाखा नगीना की महिला सदस्यों ने डॉ. अनिल मलिक और दो वरिष्ठ मीडियाकर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया। स्टेशन रोड स्थित एलएनएस क्लब की सदस्य विनीता गुप्ता के आवास पर कार्यक्रम में हुआ। इसमें उन्होंने कहा कि मानव जीवन में डॉक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डॉ. अनिल ने अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। नगर के मीडियाकर्मी विकास अग्रवाल व मोहम्मद राशिद को उपहार देकर केशव क्लब की महिलाओं ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. मलिक व दोनों मीडियाकर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान क्लब की अध्यक्षा आशा महेश्वरी, सचिन लवली अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शालू गर्ग, रितु गर्ग, कंचन अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, कुसुम आदि रहीं।


धरना स्थल पर मौजूद किसानों के साथ नगीना विधायक व उनके समर्थक। ● अमृत विचार

# अब किसानों के धरने को विधायक ने दिया समर्थन

**संवाददाता, किरतपुर**

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे 119 पर टोल टैक्स के विरोध में किसान संगठनों का अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। नगीना विधायक ने धरना स्थल पर किसानों से बात की और अपना समर्थन दिया।

ग्राम भनेड़ा स्थित टोल टैक्स प्लाजा पर शनिवार को भी किसानों का धरना जारी रहा। किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। विधायक मनोज पारस धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान बाबूराम तोमर, देवदत्त शर्मा तहसील अध्यक्ष, मुनेंद्र सिंह, आदिल जैदी, विनोद कुमार, बिट्टू, विधायक के साथ शेख मोहम्मद जाहिद, जयप्रकाश चंदेल, विजयपाल सिंह आदि रहे।

### 87 शिकायतों में से 83 का मौके पर निस्तारण

**नगीना, अमृत विचार :** सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को तेज बारिश के बीच फरियादियों की भीड़ उमड़ी। विभिन्न विभागों की कुल 87 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से कुल चार शिकायतों का ही निस्तारण नहीं किया जा सका। तहसील सभागार में एसडीएम अवनीश त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनी गईं। इस दौरान तहसीलदार संतोष सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ, बीडीओ मानवीर सिंह, ईओ संदीप सैक्सैना, एसडीओ विद्युत रामकेश व पूर्ति निरीक्षक विनित कुमार आदि रहे।


शिकायतें सुनते एसडीएम अवनीश त्यागी।


आबादी में घुसा नदी का पानी। ● अमृत विचार

### घरों में घुसा नकटा नदी का पानी, लोगों की बढ़ी चिंता

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** पहाड़ी इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश से नकटा नदी उफना गई है। नदी का पानी मोहल्ला भजड़ावाला के कई घरों में घुस गया। इससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। शनिवार देर शाम नकटा नदी उफान पर आ गई। घरों में पानी घुसता देख लोग परेशान हो गए। मोहल्ले के अतीक, नफीस, अखलीम, नूर, अजीम आदि का कहना है कि यदि सिंचाई विभाग समय रहते इस ओर ध्यान देता तो शायद हालात बिगड़ सकते हैं। नगीना के उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बात कर जल्द ही मोहल्लेवासियों के लिए उचित प्रबंध कराए जाएंगे।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)


## मुरादाबाद देहात


कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद भाजपा पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

# भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का जताया आभार

**संवाददाता, बिलारी**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अथक परिश्रम करने पर उनका अभिनंदन किया गया।

शनिवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने की। उन्होंने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं बधाई दी। परमेश्वर लाल सैनी ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया। सुरेश सैनी ने आपातकाल की चर्चा कर भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष का बिलारी के मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ. विश्वास शर्मा आदि मौजूद रह।

### अपहरण का विरोध करने पर पीटा, पांच पर रिपोर्ट

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में किशोरी के अपहरण का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने की घटना से सनसनी फैल गई। शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी शाम सात बजे कूड़ा डालने के गई थी। तभी गांव निवासी सलमान, मोहम्मद रफी, अली हसन, कमरुद्दीन, मोहिद किशोरी को कार में डालकर ले गए। जिसको ले जाते हुए ग्रामीणों ने देख लिया था। किशोरी के घर वापस न आने पर परिजनों ने तलाश किया। बाद में घटना के बारे में ग्रामीणों ने पीड़ित पक्ष को बताया। आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर मारपीट की। थाना प्रभारी प्रदीप से सहरावत ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### महिला को प्रेम जाल में फंसाकर किया दुष्कर्म

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवक ने महिला रिश्तेदार को प्यार का झांसा देकर कई दिनों तक दुष्कर्म किया। बाद में सात लाख रुपये के जेवर हड़प कर फरार हो गया। पीड़ित महिला युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए भटक रही है। मामला थाना ठाकुरद्वारा व डिलारी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव शरीफनगर निवासी युवक का डिलारी क्षेत्र के गांव में अपनी रिश्तेदारी में आना जाना था। जहां उसने अपनी महिला रिश्तेदार के प्रेम जाल में फंसा लिया। महिला दो बच्चों की मां बताई जा रही है। महिला का कहना है कि युवक शादी के नाम पर दुष्कर्म करता रहा। बाद में सात लाख रुपये जेवर लेकर फरार हो गया। महिला ने पहले आरोपी युवक की तलाश की।

### राशन की कालाबाजारी में नहीं हुई गिरफ्तारी

**मैनाठेर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के आदेश के बाद पूर्ति निरीक्षक विशाखा की तहरीर पर मैनाठेर पुलिस ने राशन की कालाबाजारी करने वाले राशन डीलर राजवीर और पिकअप चालक विनोद सिंह के खिलाफ दस दिन रिपोर्ट दर्ज की थी। मगर मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गांव हुसैनपुर पचतौर में 24 जून को सूचना मिलने पर पुलिस को सूचना मिली थी कि राशन की कालाबाजारी की जा रही है। जिस पर पुलिस ने राशन के कट्टों से भरी एक पिकअप को पकड़ा था। सूचना पर खाद्य विभाग की भी थाने पहुंच गई थी। जांच के बाद जिलाधिकारी के आदेश और पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर राशन डीलर राजवीर और पिकअप चालक विनोद के खिलाफ 6 .75 क्विंटल राशन की कालाबाजारी में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी किरणपाल सिंह का कहना है कि इस मामले में कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### लॉटरी के नाम पर महिला से ठगी करने का आरोप

**मैनाठेर, अमृत विचार :** महमूदपुर माफी निवासी महिला रुकसाना से पाकबड़ा निवासी युवक इदरीश अंसारी पर एक साल पहले लाटरी के नाम 57 हजार रुपया जमा करा लिए थे। मगर उसने एक साल पूरा होने के बाद भी महिला के पैसे न लौटाए। आरोप है कि महिला ने जब भी रुपये मांगे तो आरोपी धमकी देता था। महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**मैनाठेर, अमृत विचार :** नगर पंचायत महमूदपुर माफी निवासी महेंद्र पुत्र चेतराम सैनी की भैंस की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। महमूदपुर माफी निवासी किसान ने बताया कि घर आते समय उसकी भैंस घर के समीप ही लगे विद्युत खंभे की चपेट में आ गई। खंभे में उस समय करंट आ रहा था जिससे भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। किसान ने भैंस की कीमत 80 हजार रुपये बताई है।

### पुलिसकर्मियों से मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिसकर्मियों पर हमला करने और चेन लूटने वाले आरोपियों में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले थाना मैनाठर की ग्राम पंचायत डींगरपुर में ट्रक के बंटवारे को लेकर चार भाइयों में झगड़ा हो रहा था। जिसमें से एक भाई नासिर की पत्नी नूरे शमा ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी, जानकारी पर दो पलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। आरोपियों ने पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर उनसे साथ मारपीट की गई थी। मामले में नासिर द्वारा तीनों भाइयों और उनकी पत्नियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शनिवार को पुलिस ने एक आरोपी कासिम को गिरफ्तार कर लिया। जबकि नासिर द्वारा लिखवाई गई रिपोर्ट में फरार चल रही उसके भाई की बीबी को भी गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।


थाने में पौधा लगाते पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीणा व अन्य।

# एसपी देहात ने छजलैट थाना परिसर में किया पौधरोपण

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीणा ने थाना छजलैट का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक देहात संदीप कुमार मीणा ने थाना छजलैट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टरों और असलहों की जांच की। उन्होंने बैरक और मेस का भी निरीक्षण किया। मोहर्रम और सावन में होने वाली कांवड़ यात्रा के संबंध में भी निर्देश दिए। उन्होंने थाना छजलैट परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार गुप्ता, थाना अध्यक्ष लखपत सिंह सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर जताया विरोध

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव मंसूरपुर में बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ होने से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़क पर धान लगाकर ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की। गांव निवासी गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद रिजवान, दिलशाद, इश्तियाक, राहत जान, मोहम्मद आसिम, इंतजार, अफसर अली, समीर, मोहम्मद आलम आदि ने बताया कि बारिश के बाद गांव के रास्ते जलमग्न हो गए हैं। जिससे निकलना दुश्वार हो गया है। जनाजे को कब्रिस्तान तक ले जाने के लिए परेशानी हो रही है। कई बुजुर्ग नमाजी कीचड़ में फिसल कर चोटिल हो गए हैं। विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रास्तों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा दी गई धनराशि को खुर्दबुर्द कर दिया गया है।.

### छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के एक मोहल्ले निवासी हाई स्कूल की 14 वर्षीय छात्रा घर से स्कूल जाने को कहकर गुरुवार सुबह सात बजे घर से निकली थी। छुट्टी के बाद जब वह नहीं लौटी तो उसके परिजनों को चिंता हुई। पता करने पर अध्यापक ने बताया कि वह कॉलेज नहीं आई है। बाद में पता चला कि अमरोहा के मोहल्ला शिवद्वारा भूल चौक के पास का निवासी, जो कांठ में अपनी रिश्तेदारी में रहकर पढ़ रहा था। उसे कहीं ले गया है। उसके साथ वसीम पुत्र सफीक मोहल्ला घोसीपुरा भी था। छात्रा की मां ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।





वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म कल से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म 8 जुलाई से भरे जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट या परीक्षा पोर्टल पर 14 जुलाई तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म विभाग में 15 जुलाई तक जमा करने होंगे और विभाग को फार्म सत्यापित भी करने होंगे। वहीं परिसर में संचालित एमए पाठ्यक्रमों के भी परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाकर 14 जुलाई कर दी गई है।

### 4.75 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जसपुर,अमृत विचार :** पुलिस ने गांधी पार्क निवासी विशाल को भगवंतपुर रोड आम के बाग में स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 4.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्मैक तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी, एस आई राजेश पाण्डे, एस आई जावेद मलिक, सुशील कुमार तथा कांस्टेबल ज्ञानेन्द्र कुमार व कुलदीप सिंह शामिल रहे।

### सब्जी खरीदने गए युवक की सड़क हादसे में मौत

**काशीपुर, अमृत विचार :** मंडी से सब्जी खरीदने गए युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। ग्राम पंचायत बांसखेड़ी काशीपुर निवासी जगदीश (36) ठेले पर घूम-घूमकर सब्जी बेचने का कार्य करता था। शनिवार सुबह 6 बजे वह सब्जी खरीदने के लिए सब्जी मंडी समिति, सरवरखेड़ा गया था। सब्जी खरीदने के बाद वह अपनी बाइक से रिक्शा को बुलाने के लिए रोड किनारे पर खड़ा था। तभी एक अन्य तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसको टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# जानी पाल हत्याकांड का सवा तीन माह बाद हुआ खुलासा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** जानी पाल हत्याकांड का सवा तीन माह बाद पुलिस ने खुलासा कर दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा, दो खोखा कारतूस व गमछा बरामद किया है। कोर्ट में पेश किया है। कोर्ट से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

घटना मसवासी चौकी के गांव करीमपुर की है। होरीलाल पाल का 26 वर्षीय पुत्र जानी पाल उत्तराखंड के काशीपुर स्थित चीमा गत्ता फैक्ट्री में मजदूरी करता था। 16 मार्च की शाम वह घर से लापता हो गया था। रात भर परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। 16 मार्च सुबह लगभग नौ बजे उसका शव गन्ने के खेत में मिला था। उसकी गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि शनिवार की सुबह मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि जानी पाल के हत्यारोपी आरोपी गांव करीमपुर निवासी नरेश व सोनू भागने की फिराक में गांव मिलक नौखरीद स्थित पुल के नीचे खड़े है। सूचना पर तत्काल कोतवाल उप निरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल बब्लू चौधरी, कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह व दीपक कुमार को लेकर मौके पर पहुंच गए। हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आए।

## बरसात के पहले दौर में ही खुलने लगी विद्यालयों के कायाकल्प की पोल

# स्कूलों के बाहर जलभराव, अंदर टपक रही छत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेसिक स्कूलों में बच्चों की सुव्यवस्थित शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कायाकल्प सहित तमाम योजनाओं के जरिए मरम्मत, निर्माण व टाइलीकरण आदि कराए गए हैं। बरसात के शुरुआती दौर में ही इन कार्यों की पोल खुलती दिखाई दे रही है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के तमाम स्कूलों में जलभराव, कीचड़ और लिंटर टपकने की समस्यायें सामने आने लगी हैं। ऐसे में शिक्षण कार्य भी ठीक से नहीं हो पा रहा है।

जिले में कुल 2483 परिषदीय विद्यालयों में से कई ऐसे हैं, जहां जलभराव के चलते बच्चों का पहुंचना ही मुश्किल हो गया है। कोहाड़ापीर स्थित कंपोजिट स्कूल, गंगापुर गौटिया प्राथमिक स्कूल, कटसारी उच्च प्राथमिक स्कूल, आसपुर प्राथमिक स्कूल, पंडरी कंपोजिट स्कूल सहित जिले में तमाम ऐसे स्कूल हैं, जहां जलभराव, कीचड़ के अलावा दीवारें भी धंस रही हैं और लिंटर टपकने की समस्या बनी हुई है। दरार पड़ चुकी दीवारों से भी लगातार पानी टपक रहा है। शिक्षकों का कहना है कि ऐसे में किसी तरह बच्चे स्कूल तक पहुंच भी रहे हैं तो परिसर में जलभराव के चलते उन्हें कक्षाओं तक पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्कूलों में दो दिनों से बिजली की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। ऐसे में कक्षाओं में अंधेरा होने के चलते बच्चों को पढ़ा पाना भी मुश्किल हो रहा है।

### अधिकारियों को देना चाहिए ध्यान

बरसात के कारण स्कूलों में सभी व्यवस्थाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई स्कूलों में दीवारें धंस रही हैं। बरसात से पहले ही शिक्षकों ने जर्जर स्कूलों के ध्वस्तीकरण व मरम्मत की मांग को लेकर अधिकारियों को पत्र भी लिखा था, लेकिन समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में किसी अप्रिय घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

–सत्येंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, यूटा

इन दिनों लगातार बरसात हो रही है। इस कारण स्कूल परिसर में कीचड़ की स्थिति हो गई है। कक्षाओं का लिंटर भी जगह-जगह से टपक रहा है। इस कारण इस सब से तो बच्चे परेशान हो ही रहे हैं। उनको शिक्षण कार्य कराने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

-डा. अल्पना गुप्ता, प्रधानाध्यापक

जिले के तमाम स्कूलों में बरसात के चलते बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनकी सुरक्षा को लेकर विभागीय अधिकारियों को कोई रास्ता जरूर निकालना चाहिए। क्योंकि बच्चों के पास बरसात से बचने के लिए कोई सुविधा नहीं है। वे भीगने के कारण बीमार पड़ रहे हैं।

–नरेश गंगवार, जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

### परियोजनाएं जल्द पूरा कराने का प्रयास करें

**संभल,अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में जनपद में शासन की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं गंगा एक्सप्रेसवे, औद्योगिक गलियारा,मध्य गंगानहर, जिला मुख्यालय ,जनपद न्यायालय ,नवीन पुलिस लाइन ,जिला कारागार, पीएसी, जिला चिकित्सालय ,पर्यटन स्थल आदि की स्थापना को लेकर आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में जिलाधिकारी ने डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे सभी प्रकरणों की एक सारणी बनाएं कि वह किस स्तर पर लंबित हैं ताकि इनका शीघ्र निस्तारण किया जा सके। कारागार की भूमि को लेकर भी जानकारी प्राप्त की।

# नहीं खुला पूर्णागिरि मंदिर मार्ग, श्रद्धालुओं को लौटाया

## कर्मचारी मलबा हटाने में जुटे, वाहनों की आवाजाही ठप, कई श्रद्धालु मार्ग खुलने के इंतजार में रुके हैं होटलों में

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मां पूर्णागिरि धाम के पास चट्टान खिसकने से बंद मार्ग दूसरे दिन भी नहीं खुल पाया है। लोनिवि के कर्मचारी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। मार्ग बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को जा रहे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस लौटा दिया गया। वहीं पूर्णागिरि मोटर मार्ग के बाटनागाड़ में भी मलबा डंप होने से वाहनों की आवाजाही ठप रही।

बूम चौकी प्रभारी दिलबर सिंह भंडारी ने बताया कि पूर्णागिरि मंदिर का मुख्य मार्ग नहीं खुलने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नहीं है। शनिवार को दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं को सुरक्षा की दृष्टि से वापस टनकपुर भेज दिया गया।



मां पूर्णागिरि धाम के पास मलबा और चट्टान को हटाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- मुख्य धाम के प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालु हाथ जोड़कर मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर रहे हैं

बताया कि श्रद्धालुओं को मार्ग खुलने के बाद ही दर्शनों के लिए भेजा जाएगा। मंदिर मार्ग बंद होने और दर्शन की अनुमति न मिलने से श्रद्धालु निराश होकर घरों को लौट रहे हैं।

हालांकि काली मंदिर के पास मुख्य धाम के प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालु हाथ जोड़कर मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन कर रहे हैं। कई श्रद्धालु मार्ग खुलने के इंतजार में टनकपुर के होटलों में रुके हुए हैं। लोनिवि के एई एलएस सामंत ने बताया कि पूर्णागिरि के पास आए मलबे का हटाने का कार्य चल रहा है। बारिश से काम में दिक्कत आ रही है, लेकिन शीघ्र ही मलबा हटा दिया जाएगा।

### पांच घंटे रहा बंद टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग

**टनकपुर,अमृत विचार :** पहाड़ों और क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से शनिवार को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होता रहा। करीब 5 घंटे तक मार्ग बंद रहने से यात्रियों की भारी फजीहत हुई। स्वाला के पास बार-बार मलबा आने से दिक्कत बढ़ रही है। गल्लागांव-देवलीमाफी मोटर मार्ग मलबा आने से बंद हो गया है। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का संपर्क कट गया है। क्षेत्र के लोग पुरानी पंगडंडियों से पैदल लोहाघाट-बाराकोट मोटर मार्ग तक पहुंच रहे हैं। ग्रामीण जगदीश चंद्र तिवारी, दीवान राम, कमल कुमार, गिरीश चंद्र आदि ने बताया कि रोड के किमी संख्या पांच में शुक्रवार को पहाड़ी का बड़ा हिस्सा गिर गया था। शनिवार को और अधिक मलबा आने से रोड पूरी तरह बंद हो गई है। शनिवार सुबह लोनिवि ने लोडर मशीनों से बोल्डरों को हटाकर देवलकांडा तक सड़क खोल दी लेकिन उसके आगे आया मलबा नहीं हटाया। लोहाघाट-हल्द्वानी मोटर मार्ग में गर्सलेख के समीप पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने से खतरा बना हुआ है। देवीधुरा में जमनपौड़ के पास बरसाती नाला उफान पर आ गया है। शनिवार को यहां एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। शनिवार को गुमदेश के गुरेली गांव के सागर तोक निवासी नवीन भट्ट के मकान के सुरक्षा दीवार और मजपीपल के कैलाश राम के आंगन की दीवार ढह गई। इससे आवासीय मकान को खतरा पैदा हो गया है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मचा है।

मोहल्ला नगर पालिका निवासी 22 वर्षीय लव कौशिक गुरुवार की रात नौ बजे अपने घर जा रहा था। हाईवे पर रोडवेज की बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी थी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में लव कौशिक को सरकारी अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए अपने साथ ले गए थे। शनिवार को लव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी और दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि लव के पिता की तीन साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी।


**खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट रोल नंबर 0866451 / वर्ष 2014 एवं इंटरमीडिएट की मार्कशीट रोल नंबर 0721965 / वर्ष 2016 माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज वास्तव में कहीं खो गई है जिस किसी को मिले निम्न पते पर पहुंचाने की कृपा करें। पता कुमारी पवित्रा पुत्री राम सिंह निवासी अर्जुन सिंह लाम्बा खेडा बिजनौर (उ. प्र.)।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. यासीन एवं उसकी पत्नी हाफिया परवीन गलत संगत में पड़ गये है। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौंच करते रहते है। जिस कारण उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जब्बार पुत्र सत्तार निवासी ग्राम मिलक मिर्जा फय्याज, थाना भोट, जिला रामपुर (उ.प्र.)।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ZULFIKAR ALI से बदलकर ZULFIQAR ALI S/o MOHD SULEMAN मौहल्ला हाजीपुरा टांडा रामपुर रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से पहचाना जाये।


# धर्म छिपाकर की दोस्ती, बनाए शारीरिक संबंध

संवाददाता, रुद्रपुर

- असली नाम पता चलने पर अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल किया
- लव जिहाद का आया मामला पीड़िता ने सौंपी तहरीर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने धर्म छुपाकर युवती से पहले दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। असली नाम पता चलने पर युवती ने विरोध जताया तो युवक ने अश्लील फोटो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया। मामले का पता चलने पर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक की धुनाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसे कस्टडी में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



आरोपी युवक को पकड़कर ले जाते हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा की रहने वाली युवती ने बताया कि वर्ष 2021 में उसकी मुलाकात अल्मोड़ा स्थित एक बैंक में कार्य करने वाले युवक से हुई। उसने अपना नाम समीर बताया। धीरे-धीरे दोनों में दोस्ती हो गई। बताया कि कुछ माह बाद युवक उसे आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा वार्ड में लेकर आया और किराए के मकान में रहने लगा। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब उसे पता चला कि युवक का असली नाम समीर नहीं, बल्कि रामनगर निवासी सैफ अली है तो उसने युवक से नाराजगी जताई।

इसके बाद युवक ने उसे अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। शुक्रवार की शाम को जब यह बात हिंदूवादी संगठनों को पता चली तो कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर धुनाई कर दी और आवास विकास पुलिस के सुपुर्द कर दिया। साथ ही जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। पीड़िता की तहरीर पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि महिला दरोगा को प्रकरण की जांच सौंप दी गई है और पीड़िता के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। इसके अलावा आरोपी युवक से पूछताछ जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसओजी व पुलिस पर हत्या का फर्जी खुलासा करने का आरोप

संवाददाता, मसवासी

- मृतक के पिता ने एसपी को पत्र भेजकर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग

**अमृत विचार :** एसओजी और पुलिस पर जानी पाल हत्याकांड का फर्जी खुलासा करने का आरोप लगाते हुए मृतक के पिता ने एसपी को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी मिल कर्मी जॉनी पाल पुत्र होरीलाल की 17 मार्च को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। करीब डेढ़ किमी दूर गन्ने के खेत से उसका रक्तरंजित शव बरामद हुआ था। जानी काशीपुर स्थित चीमा पेपर मिल में काम करता था। पुलिस ने शक के आधार पर गांव निवासी सोनू, उसके भाई मोनू व नरेश को पूछताछ करने के लिए उठाया था और बाद में छोड़ दिया था। एसओजी और पुलिस ने बुधवार को फिर से तीनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। इसके बाद जानी पाल की हत्या में शामिल होने का झूठा खुलासा करते हुए जेल भेज दिया गया। एसओजी और पुलिस के इस कृत्य से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पत्र पर ओमप्रकाश, राजेंद्र आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।


प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी**

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

**बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट**

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने की मारपीट

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** प्रेम विवाह से नाराज युवती के परिजनों ने उसके पति और ससुर के साथ अभद्रता व मारपीट की। इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। युवती की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शिवराजपुर थाना कुंडा निवासी अंकिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जनवरी 2024 को उसने अपनी सहमति से संजीव कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। इसी कारण उसके परिवार के लोग उसके ससुराल वालों से रंजिश रखते हैं। विवाद के चलते पुलिस उसके पति और ससुर को भी पाबंद मुचलका कर चुकी है। आरोप है कि 26 जून को रात लगभग दो बजे सर्वेश कुमार और विजेन्द्र कुमार व सचिन, सतेन्द्र लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। इन लोगों ने उसके और उसके पति संजीव के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

### ट्रेन से फिसला युवक जवान ने बचाया

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर एक युवक चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इस बीच ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवान मोहर सिंह कुशवाहा ने उसे आवाज देकर ऐसा न करने को कहा, लेकिन युवक ने उसे अनसुना कर दिया। अचानक उसका पैर फिसला और वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गैप के अंदर चला गया। यह देख ड्यूटी पर तैनात जवान दौड़ कर वहां पहुंचा और फंसे हुए यात्री को किसी प्रकार खींचकर गाड़ी में सुरक्षित चढ़ा दिया।

# कार लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- बिहार में बेच दी कार, बरामदगी के प्रयास जारी

**अमृत विचार:** जून माह में तमंचा दिखाकर कार लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे 12 बोर का एक तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद की गई है। बावजूद पुलिस ने अभी तक लूटी गई कार बरामद नहीं की। बताया कि आरोपियों द्वारा लूटी कार को बिहार में बेच दिया गया है। उसकी बरामदगी के पुलिस प्रयास कर रही है।

शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल और सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 26 जून को ग्रीन पार्क निवासी जसविंदर सिंह ने बताया था कि उसका आवास-विकास नैनीताल हाईवे पर ओम साई कार बाजार का कार्य है। बताया कि उसकी दुकान पर अबरार अंसारी व वंश मखीजा नाम के दो युवक आए और नेक्सन कार संख्या यूपी-22 एजे-3033 को खरीदने की बात करते हुए टेस्ट ड्राइव के नाम पर किच्छा बाईपास तक ले गए। वे तमंचा दिखाकर कार लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप भारत सिंह और एसओजी प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

शनिवार को सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने सामिया लेक सिटी निवासी अबरार अंसारी, विवेकानंद आवास विकास रुद्रपुर निवासी वंश मखीजा और लूटकांड में सहयोग देने वाले ग्राम बेरिया दौलत थाना केलाखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 12 बोर का तमंचा व लूटी कार की आरसी बरामद हुई है।


प्रवेश प्रारम्भ

**बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली**

**फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्क्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज**

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

**रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

**रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज**

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# गरीब परिवारों को हर माह मिलेगा आयोडाईज्ड नमक

ब्यूरो, देहरादून

**योजना**

- मुख्यमंत्री धामी ने किया 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ
- गरीब परिवारों को मिलेगा आठ रुपये प्रति किलो

**अमृत विचार :** राज्य में अब गरीब परिवारों को हर माह आयोडाईज्ड नमक मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ किया। योजना में अंत्योदय और प्राथमिक परिवार योजना के करीब 14 लाख राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह आठ रुपये प्रति किलो की दर से आयोडाईज्ड नमक उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को आयोडाईज्ड नमक का वितरण भी किया।

हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, नींबूवाला में 'मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना' का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के हर गरीब और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का जीवन बेहतर और सार्थक बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत संपूर्ण देश में निःशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के 14 लाख गरीब परिवारों को हर महीने मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार जनता को शुद्ध और बेहतर पोषणयुक्त राशन देने के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कुछ लोगों द्वारा फोर्टिफाइड चावल को प्लास्टिक का चावल बताकर आमजन को भ्रमित किया जा रहा था, जो कि पूर्ण रूप से असत्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं शहरों से लेकर पर्वतीय क्षेत्र के अंतिम गांव तक पहुंच रही हैं। राज्य में गरीबी रेखा से बाहर निकलने के मामले में पर्वतीय जनपदों का बेहतर प्रदर्शन है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना गरीब परिवारों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने का एक प्रयास है। मुफ्त खाद्यान्न योजना से गरीब परिवारों के भरण-पोषण में मदद मिलती है। मुफ्त खाद्यान्न के साथ ही उसमें पोषण तथ्यों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो लोगों की मौत

संवाददाता, म्याऊं( बदायूं )

- थाना अलापुर क्षेत्र में म्याऊं-उसहैत मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** अलापुर थाना अंतर्गत म्याऊं-उसहैत मार्ग पर ढका गांव की पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। उनके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तकिया निवासी शाकिर (52) पुत्र पुत्तन की उसहैत निवासी अपनी बहन के घर पर दावत थी। शनिवार दोपहर वह दावत खाने बाइक से बहन के घर जा रहे थे। वहीं थाना अलापुर क्षेत्र के गांव यादव नगर निवासी भगवान सिंह पुत्र हीरालाल बाइक से अपनी मक्का की फसल के रुपये लेने के लिए कस्बा म्याऊं की ओर जा रहे थे। म्याऊं-उसहैत मार्ग के ढका की पुलिया के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई।

## सार-संक्षेप

### गोरखनाथ विवि में भी होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

**लखनऊ।** गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम के मेडिकल कॉलेज (श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर) में एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। नेशनल मेडिकल कॉउंसिल(एनएमसी) ने नीट काउंसलिंग के जरिए इस सत्र में प्रवेश लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने की मान्यता दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एमबीबीएस की मान्यता मिल जाने से वाराणसी और लखनऊ के बाद गोरखपुर में निजी क्षेत्र का पहला मेडिकल कॉलेज होगा।

### मुजफ्फरनगर दंगा: अदालत में पेश हुए मंत्री-पूर्व विधायक

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगे में भड़काऊ भाषण देने के सिलसिले में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान एवं अन्य आरोपी एक स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) में शनिवार को पेश हुए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है। अभियोजन अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि विशेष एमपी/एमएलए अदालत के न्यायाधीश देवेंद्र सिंह फौजदार ने इस मामले की आगे की सुनवाई के लिए 9 जुलाई की तारीख तय की है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच सीटीईटी का आयोजन आज

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित होने वाली सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीटीईटी) 2024 का आयोजन रविवार (7 जुलाई) को किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 5 जुलाई को जारी कर दिए गए हैं। बिना एडमिट कार्ड के उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि केंद्र पर रिपोर्टिंग का समय 7 बजे निर्धारित किया गया है। सीबीएसई सीटीईटी 2024 परीक्षा देश भर के 136 शहरों में 20 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पाली में होगी। पहली पाली में परीक्षा सुबह 9 :30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी।

### पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदले

**लखनऊ।** प्रदेश के पांच जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक ग्रेड के चिकित्सकों में बस्ती जिला अस्पताल में वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ.रामेश्वर मिश्र को बदायूं का सीएमओ, अयोध्या में तैनात डॉ.रजत कुमार चौरसिया को सिद्धार्थनगर, अमेठी के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार को बहराइच, सीतापुर में एसीएमओ डॉ.राजीव नयन को फतेहपुर का और शामली के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल कुमार को शामली का सीएमओ बनाया गया है।

### लोन दिलाने नाम पर ठगी, गिरोह के 11 शख्स गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर 49 थाने की पुलिस ने बैंक से लोन दिलवाने के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनके साथ ठगी करने वाले गिरोह के दो पुरुष एवं नौ महिलाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने आशीष कुमार उर्फ अमित, जितेंद्र कुमार वर्मा, निशा उर्फ स्नेहा, दिव्या, लक्ष्मी यादव, पूनम, पूजा सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि ये लोग लोगों को सस्ते दर पर लोन दिलवाने के नाम पर अपने झांसी में लेते थे तथा उनसे लोन की प्रक्रिया के विभिन्न कारण बताकर अपने खाते में रकम डलवा लेते थे। की है।

### एचटी लाइन का तार टूटकर गिरा, बाइक सवार जिंदा जला

**शिवली (कानपुर)।** धरमपुर गौरी गांव में रात को मसाला लेने जा रहे एक बाइक सवार युवक पर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर गिर गई। जिससे युवक बाइक समेत जिंदा जल गया। शिवली कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी सुदामा (36) सरसों बेचने का काम करता था। शुक्रवार की रात को वह बाइक से मसाला लेने पास के गौरी जा रहा था। वह धरमपुर व गौरी गांव के बीच पहुंचा था कि उसके ऊपर अचानक 11 हजार वोल्टेज का विद्युत का तार टूटकर गिर गया।

# किसी भी स्थिति में बख्शे न जाएं जमीन पर कब्जा करने वाले : मुख्यमंत्री योगी

## कहा- जनसमस्याओं के निस्तारण में नहीं चलेगी अफसरों की हीलाहवाली

- गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने सुनीं 400 लोगों की समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर



जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं से रूबरू मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जमीन कब्जाने वाले किसी भी दशा में न बख्शे जाएं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली नहीं चलेगी। अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का निस्तारण कराएं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 400 लोगों की समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों की ओर से जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया और गोशाला में जाकर गोसेवा की। गोवंश को उन्हें गुड़ खिलाया। गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

## बाढ़ से सुरक्षित हैं हम: मंत्री

- बाढ़ की परियोजनाओं पर चर्चा करने अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह

संवाददाता, अयोध्या



**अमृत विचार:** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को बाढ़ परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए अयोध्या पहुंचे। भारी बारिश के बीच रामनगरी पहुंचे स्वतंत्र देव ने तटीय इलाकों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि नेपाल में भारी बारिश के बाद सरयू समेत अन्य नदियों में बाढ़ की नौबत आ जाती है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ की 238 परियोजनाएं चल रही है, जिसमें लगभग सभी पूरी हो चुकी है। हमारी कोशिश है कि किसानों को किसी तरह की हानि न पहुंचे। इसके लिए परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। बस्ती से अयोध्या पहुंचे स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि परियोजनाएं पूर्ण होने के बाद पूर्वांचल का इलाका बाढ़ से सुरक्षित है। अयोध्या, देवीपाटन, आजमगढ़ मण्डल समेत गोंडा, बाराबंकी व अम्बेडकरनगर तक हमारी परियोजनाएं कार्य कर रही हैं। जिले स्तर पर लगातार समीक्षाएं चल रही हैं। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मां आशीर्वाद बनाये रखें।

### राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें अधिकारी: योगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बारिश के मौसम में अधिकारी राहत कार्य पर सतर्क नजर रखें और प्रभावित लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि पूरी तत्परता से राहत कार्य किए जाएं। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को राहत से जुड़े अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की सतत निगरानी की जाए। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाय, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

## राहुल गांधी देख रहे प्रधानमंत्री बनने का सपना : आठवले

- राजधानी पहुंचे केंद्रीय मंत्री को एक कार्यक्रम किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले शनिवार को राजधानी पहुंचे। रविन्द्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा को पूर्व से कुछ सीटें ज्यादा मिली हैं। इसके लिए दोनों पार्टियों ने संविधान बदलने का झूठा प्रोपेगेंडा फैला कर वोटरों को गुमराह किया।

आठवले ने कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे थे, उनका सपना इतनी जल्दी पूरा होने वाला नहीं है। अभी हमारी सरकार 20 से 25 वर्ष और सत्ता में रहेगी। जनता हमारे साथ है। हाथरस मामले पर आठवले ने कहा, पुलिस प्रशासन की लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। पुलिस को आगे से ध्यान रखना चाहिए।

## आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 15 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शनिवार को वे हाजिर नहीं हुए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख नियत की है। संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि संजय सिंह के खिलाफ जमानती वारंट जारी है।

## अयोध्या संग्रहालय के डिजाइन पर मंथन

- दो वर्ष में तैयार हो जाएगा अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम संग्रहालय

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय अगले दो वर्ष में विश्व स्तर के स्वरूप में तैयार हो जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इसका जीर्णोद्धार कर रही है। इसकी जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। संग्रहालय के निर्माण और गुणवत्ता की देखभाल भारत सरकार की संस्था इंजीनियर इंडिया लिमिटेड करेगी। डिजाइन वास्तु के अनुसार नोएडा की फर्म डिजाइन एसोसिएट करेगी।

मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम मंदिर की तर्ज पर अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय को भी भव्यता और दिव्यता दिए जाने पर मंथन हुआ। इसके लिए एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में संग्रहालय के कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजकीय निर्माण निगम के साथ भारतीय इंजीनियरिंग लिमिटेड के इंजीनियर के साथ दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय म्यूजियम के भी एक्सपर्ट मौजूद रहे। इस दौरान संग्रहालय के नवनिर्माण किए जाने पर मंथन किया गया।

बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि एक वर्ष पहले राम मंदिर संग्रहालय को लेने की इच्छा जताई थी। जिसे प्रदेश सरकार ने राम मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया था। कहा कि दो वर्षों में राम कथा संग्रहालय बनकर तैयार हो जाएगा।

## बिल्डर की फर्मों की जांच, सवा करोड़ वसूले

- विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ की कार्रवाई, गलत तरीके से आईटीसी क्लेम वसूला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** जीएसटी के 25 अफसरों की पांच टीमों ने लैंड डेवलप करने, प्लॉट विक्रय और अपार्टमेंट बनाकर बेचने वाले बड़े बिल्डर के पांच प्रतिष्ठानों पर एक साथ जांच की।

अलग-अलग जिलों में घंटों चली जांच में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। दस्तावेजों की जांच में तीन साल से गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) क्लेम सरकार से वसूलने की जानकारी सामने आई है। यही नहीं फर्म ने सालाना टर्नओवर कम दिखाकर जीएसटी चोरी कर बड़ा खेल भी किया है। विशेष अनुसंधान शाखा ने पेनाल्टी समेत कर चोरी का करीब सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। सूचना के आधार पर एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2 अमरेश त्रिपाठी ने ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह को एक बड़ी टीम गठन करने को कहा। संबंधित सभी जिलों के दलों को सक्रिय किया गया।

संयुक्त आयुक्त सिंह ने बताया कि एक साथ बिल्डर के लखनऊ गोमतीनगर के दो, बाराबंकी एक, सीतापुर (नैमिष) एक और नोएडा मिलाकर कुल पांच प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम ने कार्रवाई की। कई घंटे प्रतिष्ठानों में अभिलेखों को खंगाला गया, तो गलत तरीके से आईटीसी क्लेम कर सरकार को कई करोड़ का चूना लगाने की जानकारी हुई।

> बिल्डर के अलग-अलग जिलों के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी टीम की विशेष अनुसंधान शाखा ने एक साथ कार्रवाई की। इसमें गलत तरीके से आईटीसी क्लेम बिल्डर द्वारा वसूला जा रहा था। जांच में इसकी पुष्टि होने पर बिल्डर ने सवा करोड़ रुपया जमा कराया है। **- अमरेश त्रिपाठी,** एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2

## विस उप चुनाव में जीत के लिए कार्यकर्ता मजबूती से जुटें: संतोष


राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि विधानसभा उप चुनाव में जीत के लिए पार्टी नेता व कार्यकर्ता मजबूती से जुटें। वह शनिवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों, अभियानों व प्रदेश कार्यसमिति बैठक की तैयारियों पर चर्चा कर रहे थे।

राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि संगठन के विस्तार का कार्य निरंतर व अनवरत चलता है। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक कार्यक्रमों व अभियानों के साथ ही अपने सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग है। प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत स्थानीय नागरिकों को भी जोड़ने का काम करना है।

## वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय का निधन



**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय (66) का वाराणसी में शनिवार शाम को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वाराणसी के इंदिरा नगर निवासी अभय उपाध्याय ने बताया कि उनके बड़े भाई अजय उपाध्याय का शनिवार शाम 4 बजे उनके आवास पर निधन हो गया। उन्होंने बताया कि वह दिल्ली में रह रहे थे और तीन-चार दिन पहले उनसे (अभय से) मिलने आए थे।

## चुनाव आयोग को तलाश एक अदद अफसर की

- अफसरों के न भेजने पर आयोग ने फिर लिखा पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में नगर निकाय उप चुनाव कराने के लिए अब राज्य निर्वाचन आयोग को सिर्फ एक आईएएस अधिकारी की तलाश है। उप चुनाव के लिए मतदान आठ जुलाई को होना है, पर अभी तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी के तौर पर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त की तैनाती नहीं की गई है। पूर्व में मांगे गए अधिकारियों के न भेजने पर आयोग ने फिर सरकार को पत्र भेजा है।

प्रदेश में 29 जिलों में नगर निकायों के खाली पड़े सदस्यों की सीटों पर चुनाव होना है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने सरकार को पत्र भेजकर आयोग में निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया था कि आयोग में स्वीकृत अपर निर्वाचन आयुक्त, संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, उप निर्वाचन आयुक्त व सहायक निर्वाचन आयुक्तों की तैनाती की जाय, पर अभी तक इन अफसरों की तैनाती नहीं की गई है। अब आयोग ने दोबारा पत्र भेजकर संयुक्त निर्वाचन आयुक्त तैनात किए जाने की मांग की है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि चुनाव पर सतर्क नजर रखने के लिए जिले स्तर पर चुनाव प्रेक्षक तैनात किये गए हैं।

## राजस्व निरीक्षक-लेखपाल को पीटा

**संडीला, (हरदोई)।** राजस्व निरीक्षक और लेखपाल डीएम के आदेश पर अमल करने के लिए खेत की मेड़ बंदी करने पहुंचे। उसी बीच वहां पहुंचे लोग पहले तो राजस्व टीम को गाली-गलौज करने लगे, उसके बाद उनकी पिटाई शुरू कर दी। मामला कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंख का बताया गया है। पुलिस ने राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के आदेश पर अमल करने के लिए लेखपाल गिरिजा शंकर के साथ कासिमपुर थाने के दुलारपुर आंट पहुंचे, जहां भगौती प्रसाद व रामकिशोर के खेत की मेड़ बंदी करनी थी। उसी बीच गांव के फूल मियां, इज़हार अली, अकील आदि वहां पहुंच कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-123

**बाएं से दाएं**

3.1. किसी बात
4. घूमता हुआ, चक्कर खाता हुआ।
7.1. कोई चीज़ इतनी तेज़ी से फेंकना या ढकेलना कि वह चक्कर खाते हुए आगे बढ़े 2. लुढ़कने में प्रवृत्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रकार का विद्युत चुंबकीय विकिरण जिसकी आवृत्ति उप-आण्विक कणों के आपसी टकराव से निकलती है।
2.1. किसी कथन के पश्चात् होने वाली बातचीत (कथन) 2. वर्णन 3. बातचीत, बहस, चर्चा।
3.1. अपवित्र, अशुद्ध, नापाक, मलिन, गंदा 2. दुष्ट, ख़राब।
5. प्रेमिका, प्रेयसी।
6. खाने योग्य (पदार्थ)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| 3 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | | | 5 | |
| 6 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -122 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 से | ■ | 2 झों | 3 क | ना |
| 4 क | रा | वा | ■ | ट | ■ |
| म | ■ | ■ | 5 अ | ■ | ■ |
| 6 अ | प | र | द | न | ■ |
| स | ■ | ■ | ब | ■ | 7 अ |
| ल | ■ | ■ | दा | ■ | चे |
| ■ | ■ | 8 अ | ना | कृ | त |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 9 | | 8 |
| | | | 2 | | | 7 | | 3 |
| | | 6 | 1 | 8 | | 4 | | |
| 8 | | 7 | | 9 | | | | 4 |
| 5 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | 3 | | 6 | | 5 |
| | | 5 | | 4 | 6 | 2 | | |
| 9 | | 2 | | | 7 | | | |
| 6 | | 8 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू -35 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 8 जुलाई 04 .59 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लाभ उन्नति का अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में संलग्न लोगों को व्यापार को बढ़ाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा के योग हैं।

**वृष:** आज संघर्ष करने से भाग्य साथ देगा विरोधी गुप्त रूप से आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे। सावधानी बनाए रखें। सामाजिक कार्य में अभिरुचि बढ़ेगी। दूसरों की छोटी-मोटी बातों को तूल न देते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करना उचित रहेगा।

**मिथुन:** आज विरोधी पक्ष आपकी कमजोरी का लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। आपकी सूझबूझ से परिस्थितियों अनुकूल होने लगेंगे। कारोबार में विस्तार की योजना साकार होती हुई नजर आएगी। आर्थिक मामलों में शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** आज परोपकार, दया, धर्म में अभिरुचि बढ़ेगी। किसी पुराने कोर्ट कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। मजदूर वर्ग को रोजगार संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। किसी भी जोखिम भरी योजना में निवेश करने से बचना चाहिए।

**सिंह:** आज नौकरी की तलाश में इधर से उधर भटकना पड़ सकता है। आपको शारीरिक परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है। पहले के रुके हुए कार्य पर फोकस करना होगा। उद्योग धंधे से जुड़े लोगों को अपेक्षा से कम सफलता मिलेगी।

**कन्या:** आज किसी पुराने मुकदमे से छुटकारा मिलेगा। जेल से मुक्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी। व्यापार में नए मित्र बनेंगे। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए लंबी यात्रा पर जाना सफल होगा।

**तुला:** आज नौकरी में पदोन्नति के योग बनेंगे। भूमि, भवन आदि के कार्य में लगे लोगों को विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कोई काफी समय से रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है। राजनीति में मिली असफलता अपमान का सबब बनेगी। व्यापार में तनाव होने से मन खिन्न रहेगा। यात्रा में किसी अनजान व्यक्ति पर अधिक विश्वास करना हानिकारक सिद्ध होगा।

**धनु:** आज कोई महत्वपूर्ण कार्य धन के अभाव में बाधित हो सकता है। कृषि कार्य में रुचि कम रहेगी। सरकारी की कोई योजना आपके लिए उन्नति कारक सिद्ध होगी। निर्माण संबंधी कार्य में अकारण विघ्न आ सकते हैं। किसी व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर:** आज कार्यक्षेत्र में झूठे आरोप में जेल जाना पड़ सकता है। नौकरी में मनचाही जगह स्थानांतरण हो सकता है। राजनीतिक विरोधी षड्यंत्र रच कर फसा सकते हैं। किसी विश्वासपात्र व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। व्यापार में अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**कुंभ:** आज नौकरी में अधीनस्थ से तालमेल बैठाने का प्रयास करें। लंबित कार्य निपट सकेंगे। व्यापार में नए अनुबंध के लिए आपको कठिन प्रयास करना पड़ेगा। आध्यात्मिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को कोई सरकारी सहायता मिल सकती है।

**मीन:** आज दूर देश में लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। वाहन खरीदने की पुरानी इच्छा पूर्ण हो सकती है। शुभचिंतकों की सलाह की अनदेखी करने से बचना चाहिए अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
परदेशी बाबू — सुबह : 11.29
कोहराम — रात : 07.00

**Sony Pix**
वंडर वुमन — सुबह : 08.57
65 — रात : 07.25

**&pictures**
वलाटी — सुबह :11.22
कंजूस मखीचूस — रात : 08.00

**Zee Cinema**
फुकरे 3 — सुबह : 10.26
सूर्यवंशी — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
रुध्रन् — दोपहर : 01.13
हनुमान — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू- पापा 80 प्रतिशत आए हैं।
पापा- लेकिन मार्कशीट पर तो सिर्फ 40 प्रतिशत लिखा है?
चिंटू- बाकी के 40 प्रतिशत आधारकार्ड लिंक होने पर होने पर सीधे अकाउंट में आएंगे।
चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

मास्टर जी- बताओ कौन सी ऐसी चीज है, जो खींचने से छोटी होती है?
टिंकू- सर बीड़ी...
मास्टर जी- नशेड़ी की औलाद, तू निकल मेरी क्लास से बाहर!

## एक नजर

### अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री से बाढ़ के बारे में ली जानकारी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात कर राज्य में भारी बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री से बात कर वहां हुई भारी बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, भारी बारिश के कारण असम में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं. मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री से बात की। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं, राहत प्रदान कर रहे हैं और पीड़ितों को बचा रहे हैं। प्रधानमंत्री असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

### बीआरएस के 7वें विधायक कांग्रेस में हुए शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के गदवाल से विधायक बंदला कृष्णमोहन रेड्डी शनिवार को यहां जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। रेवंत रेड्डी ने कृष्णमोहन रेड्डी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन और संस्कृति मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव के साथ अन्य प्रमुख नेता उपस्थित थे। रेड्डी कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के सातवें विधायक हैं। अब तक छह बीआरएस विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है और उनमें कदियम श्रीहरि, दानम नागेंदर, तेलम वेंकट राव, पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, संजय कुमार और काले यादैया शामिल हैं। हाल ही में छह बीआरएस एमएलसी भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं।

### विभव की न्यायिक हिरासत 16 तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को 16 जुलाई तक बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के सामने पेश किया गया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। उन्हें उसी दिन एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पांच दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने पाया था कि गिरफ्तारी के कारण उनकी अग्रिम जमानत याचिका निरर्थक हो गई है।

# कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान, दो निशान समाप्त हो गए हैं : शाह

## 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित किया

**गांधीनगर, एजेंसी**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। शाह ने शनिवार को यहां 102वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सचिव, सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक



● कहा- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कारण बंगाल और कश्मीर आज भारत का हिस्सा

गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती है। आज अगर बंगाल और कश्मीर भारत का हिस्सा हैं, तो इसका एकमात्र कारण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ही एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेगे के आंदोलन का नेतृत्व किया और इसके लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से दो विधान, दो प्रधान और दो निशान समाप्त हो गए हैं और वहां तिरंगा बड़ी शान से लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज बाबू जगजीवन राम जी की भी पुण्यतिथि है, जिन्होंने देश के दलितों के लिए कई विकास कार्यक्रम चलाए और सामाजिक समरसता और धर्म परिवर्तन के विरोध की नींव रखी।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज सहकारिता क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों कार्यकर्ताओं के लिए कई प्रकार से एक बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। पिछली सरकारों ने कभी अलग सहकारिता मंत्रालय की आवश्यकता महसूस नहीं की। गुजरात की धरती से आने वाले मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद आज के समय में सहकारिता की ज़रूरत को समझकर 2021 में एक स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी।

## बसपा नेता की हत्या में आठ संदिग्ध पकड़े गए

**चेन्नई।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवंगत नेता के समर्थकों और नेताओं ने सवाल उठाया है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध क्या असली अपराधी हैं। आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने दावा किया कि उनकी हत्या योजना बनाकर की गई थी और उन्होंने 52 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। मोटरसाइकिल सवार छह लोगों के एक समूह ने चेन्नई नगर निगम के पूर्व पार्षद आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को पेरम्बूर में उनके घर के पास हत्या कर दी थी।

# सूरत में छह मंजिला आवासीय इमारत ढही

**सूरत, एजेंसी**

● मलबे में चार से पांच लोगों के फंसे होने की आशंका, तलाश व बचाव अभियान जारी

गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिसके बाद कम से कम चार से पांच लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूरत के जिलाधिकारी सौरभ पारधी ने बताया कि मलबे से एक महिला को जीवित बचा लिया गया है, जबकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है क्योंकि स्थानीय लोगों का दावा है कि चार से पांच लोग अब भी फंसे हो सकते हैं।

पारधी ने कहा, शहर के पाल इलाके में दोपहर के समय छह मंजिला इमारत ढह गई। हमें पता चला है कि इमारत में चार से पांच फ्लैट में लोग रहते हैं। एक महिला को बचा लिया गया है। चार से पांच लोगों के अब भी फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है। हमें उम्मीद है कि कुछ घंटे में अभियान खत्म हो जाएगा। बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंचे सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने पुष्टि की कि बचाव प्रयासों की शुरुआत में फंसे हुए लोगों की आवाज सुनी गईं। उन्होंने कहा कि इमारत का निर्माण 2016-17 में हुआ था। सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया इमारत में लगभग पांच फ्लैट में लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकतर कारखानों में काम करते हैं।

# संसद सदस्यों के लिए अपमानजनक टिप्पणियों को वापस लें : धनखड़



मेधावी छात्रों को उत्कृष्टता पदक प्रदान करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़। ● एजेंसी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सांसदों को अंशकालिक बताने वाली टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि यह अत्यधिक अपमानजनक है और इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। धनखड़ ने केरल के तिरुवनंतपुरम में भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के सदस्यों को अंशकालिक बताया जाना अपमानजनक है।

उन्होंने कहा कि संसद को ही कानून बनाने का अधिकार है। गौरतलब है कि चिदम्बरम ने एक साक्षात्कार में सांसदों को अंशकालिक बताया है। धनखड़ ने नाम लिए बिना वरिष्ठ सांसद के शब्दों को संसद की बुद्धिमत्ता का अक्षम्य अपमान बताया। उपराष्ट्रपति ने सवाल किया, क्या हम संसद में अंशकालिक लोग हैं? वरिष्ठ सांसद के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा, मेरे पास इस तरह की कहानी की निंदा करने के लिए पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचीं

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को ओडिशा के चार दिवसीय दौरे पर भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से यहां पहुंचीं। राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इसके बाद मुर्मू उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गईं। दास ने 1936 में ओडिशा के अलग राज्य के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को दोबारा खोलने की तिथि को लेकर होगा मंथन

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

● उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने समिति की बैठक के बाद जानकारी दी

ओडिशा सरकार द्वारा गठित उच्च-स्तरीय समिति रत्न भंडार को पुनः खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को बैठक करेगी। इस समिति का गठन जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में आभूषणों समेत कीमती वस्तुओं की सूची बनाने के काम की निगरानी के लिए किया गया है। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने शनिवार को पुरी में समिति की पहली बैठक के बाद यह जानकारी दी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान न्यायमूर्ति रथ ने कहा, उपलब्ध दस्तावेजों और ब्यौरे की जांच करने के बाद यह पाया गया कि रत्न भंडार की एक डुप्लिकेट चाबी पुरी सरकारी खजाने में है, इसलिए हमने रत्न भंडार को फिर से खोलने की तारीख तय करने के लिए नौ जुलाई को समिति की एक और बैठक आयोजित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को अगली बैठक में समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लिकेट चाबी पेश करने को कहा गया है।

रथ ने कहा कि चूंकि खजाने का आंतरिक कक्ष कई दशकों से नहीं खुला है और दरवाजे का ताला काम नहीं कर रहा होगा, इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी स्थिति में ताला तोड़ने के लिए सरकार की मंजूरी से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी।

## थापर पर हमला करने वाले दो निहंग गिरफ्तार

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को शिव सेना नेता संदीप थापर गोरा (58) पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को संदीप थापर पर उस समय हमला किया गया, जब वह सामवेदना ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष रविंदर अरोड़ा की चौथी पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने के बाद सिविल अस्पताल के पास स्थित ट्रस्ट कार्यालय से बाहर अपने स्कूटर पर आ रहे थे।

# केजरीवाल राजनीतिक षड़यंत्र के शिकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) गहरी राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी

**बोलीं सुनीता केजरीवाल**



के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो 'आप' नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में नहीं आना चाहेगा। उन्होंने दावा किया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे में ईडी को दिया अपना बयान बदल दिया।



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह-2024 के दौरान कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित कैप्टन अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति सिंह से बातचीत की। ● एजेंसी

## कारोबार/कृषि

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना :75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

### मेंथा भाव

**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

**चन्दौसी से मेंथा भाव :** शिवालिक-980 फ्लैग- 1130 बोल्ड- 1180 डीएमओ- 910

### सर्राफा

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 91,700 |


# महाराष्ट्र सरकार सेमीकंडक्टर संयंत्र के लिए तीन कंपनियों से कर रही बात : फडणवीस

## होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण की विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के बाद बोले

**नागपुर, एजेंसी**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवा''र को कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बुटीबोरी क्षेत्र में होरिबा इंडिया की चिकित्सा उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों की विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। होरिबा इंडिया, जापानी फर्म होरिबा लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है।

फडणवीस ने पुणे और नागपुर में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए होरिबा के चेयरमैन अतुशी



होरिबा को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के लिए होरिबा सहित तीन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने होरिबा को प्रस्ताव दिया है कि वह नागपुर में सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन आरक्षित रखी जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने शहर में अपना संयंत्र शुरू करने के लिए होरिबा इंडिया को धन्यवाद दिया। होरिबा इंडिया ने एक बयान में कहा कि नागपुर संयंत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और यह भारत में 30,000 से अधिक डायग्नोस्टिक लैब और अस्पतालों को सेवाएं देगा।

### आईवीपी सेमीकंडक्टर को राजस्व मिलने की उम्मीद

**चेन्नई।** फैबलेस सेमीकंडक्टर स्टार्टअप आईवीपी सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड ने घरेलू बाजार में सेमीकंडक्टर चिप का उत्पादन करने के अपने अभियान के तहत एक उत्पादन परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। आईवीपी सेमीकंडक्टर के सह-संस्थापक और सीईओ राजा मणिकम ने कहा कि कंपनी ने अपनी विस्तार योजनाओं के लिए 50 लाख अमेरिकी डॉलर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पहले घरेलू बाजार में ग्राहकों की सेवा करना और बाद में कंपनी का विस्तार करके उसे वैश्विक ब्रांड बनना है। मणिकम ने कहा, आज घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को कई वैश्विक कंपनियां सेवा दे रही हैं। मैं एक भारतीय कंपनी के रूप में उद्योग की सेवा करना चाहता हूं। आईवीपी सेमीकंडक्टर एक भारतीय कंपनी है। उन्होंने कहा, हम मौजूदा खिलाड़ियों के प्रतिस्पर्धी बनने जा रहे हैं, जिनमें से ज़्यादातर वैश्विक कंपनियां हैं।

## आर्थिक लचीलापन के लिए नवाचारी नीतियों की जरूरत : प्रो पांडे

**नयी दिल्ली।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विवि, लखनऊ के कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे ने शनिवार को कहा कि आर्थिक लचीलापन बढ़ाने में नवाचारी नीतियों पर जोर दिये जाने की जरूरत है। प्रो पांडे ने जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद द्वारा आज लचीली अर्थव्यवस्था का निर्माणः सतत विकास के लिए नीतियां और रणनीतियां पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ पर सतत विकास प्राप्त करने के लिए शिक्षा, उद्योग और नीति निर्माताओं के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में जापान के कोनान विवि के प्रो. केन निशिकावा और जैपुरिया टीम का नेतृत्व सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने किया।

# पीएनबी पर रिजर्व बैंक ने लगाया 1.31 करोड़ जुर्माना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना किया है। रिजर्व बैंक ने कल देर रात जारी आदेश में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर 'ऋण और अग्रिमः वैधानिक और अन्य प्रतिबंध' और अपने ग्राहक को जानें निर्देश, 2016 के निर्देशों के अनुपालन नहीं करने पर 1,31,80,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

केन्द्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया गया है। केन्द्रीय बैंक ने 31 मार्च, 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण किया गया था। उसके निर्देशों और

● बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत लगाया जुर्माना

उस संबंध में संबंधित पत्राचार का पालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई थी कि उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने पाया कि बैंक के खिलाफ आरोप सही पाए गए, जिसके लिए मौद्रिक दंड लगाया जाना उचित था।

# राइट टू रिपेयर पोर्टल से जुड़ेंगे वाहन विनिर्माता

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केन्द्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वाहन विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों को सामान्य मरम्मत करवाने के ग्राहकों के अधिकार को प्रभावी बनाने के अभियान में सक्रियता से जुड़ने पर बल दिया है। सरकार ने वाहन विनिर्माताओं से उपभोक्ताओं को खास कर उपभोक्ताओं को सड़क किनारे सहायता प्रदान करने पर भी जोर दिया है।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार वाहन उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने और मरम्मत को लेकर परेशानी के बारे में उभरती चिंताओं के समाधान के प्रयास के लिए उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव श्रीमती निधि खरे की अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई थी। इसमें ऑटोमोबाइल संघ और ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में राइट टू रिपेयर पोर्टल और उपभोक्ताओं को जीवंत बिक्री-पश्चात की सेवाएं प्रदान करने में अधिक सहयोगी दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति बनी है।

# रतन कुमार बंधन बैंक के अंतरिम एमडी व सीईओ

**कोलकाता, एजेंसी**

निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने अपने कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी रतन कुमार केश को 10 जुलाई से अंतरिम प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ के रूप में नियुक्त किया है। बैंक के वर्तमान एमडी और सीईओ तथा संस्थापक चंद्रशेखर घोष नौ जुलाई को सेवानिवृत्त होंगे।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि केश तीन महीने के लिए या नए पदाधिकारी के कार्यभार संभालने तक, जो भी पहले हो,



अंतरिम एमडी और सीईओ होंगे। केश की नियुक्ति बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। वह मार्च 2023 से बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी हैं। इससे पहले वह आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और एक्सिस बैंक में काम कर चुके हैं।

## एम3एम इंडिया को नयी परियोजना से 4,000 करोड़ की आय की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया को गुरुग्राम में नयी आवासीय परियोजना से 4,000 करोड़ रुपये की आय की उम्मीद है। कंपनी ने गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर एक नयी आवासीय परियोजना एम3एम एल्टीट्यूड शुरू की है, जहां वह 350 विशिष्ट अपार्टमेंट बनाएगी। एम3एम इस चार एकड़ की परियोजना को विकसित करने के लिए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि बिक्री से अनुमानित राजस्व करीब 4,000 करोड़ रुपये है। कंपनी इस परियोजना में 10 करोड़ रुपये से लेकर 30 करोड़ रुपये की कीमत वाले अपार्टमेंट बेच रही है।

# चीनी, नमक और संतृप्त वसा की जानकारी मोटे अक्षरों में देनी होगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लेबल पर कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा की पोषण संबंधी जानकारी मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में प्रदर्शित करनी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई के अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में पोषण संबंधी जानकारी के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया। इस संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने हेतु सशक्त बनाना है। प्रस्तावित संशोधन से संबंधित मसौदा अधिसूचना अब सुझावों एवं आपत्तियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से सार्वजनिक की जाएगी।

## हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं : पेटीएम संस्थापक

**नयी दिल्ली।** पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने शनिवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई से मिली सीख के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह व्यक्तिगत स्तर पर एक भावनात्मक झटका था, जबकि पेशेवर स्तर पर उन्हें जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने का सबक मिला। शर्मा ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, मैं कहूंगा कि पेशेवर स्तर पर हमें बेहतर करना चाहिए था, इसमें कोई छिपी बात नहीं है। हमारे ऊपर जिम्मेदारियां थीं, हमें उन्हें और बेहतर तरीके से निभाना चाहिए था।

## खेल डायरी

### विनेश ने जीता स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10–5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12–4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9–4 से मात दी।

### सबसे उम्रदराज ग्रैंडस्लैम चैंपियन विक का निधन

**लंदन।** विंबलडन विजेता और टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल विक सेक्सास का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह सबसे उम्ररदाज ग्रैंड स्लैम चैंपियन थे। सेक्सास की बेटी टोरी की पुष्टि के आधार पर उनके निधन की घोषणा की। उनका शुक्रवार को निधन हो गया। वह हॉल ऑफ फेम के सबसे उम्रदराज सदस्य थे और 1953 विंबलडन एकल खिताब जीतने वाले इस खिलाड़ी को इसमें 1971 में शामिल किया गया था।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** ओलंपिक की तैयारी में लगे भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने दूसरे दौर में पांच अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे वह 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने वाले भुल्लर का कुल स्कोर आठ अंडर है और वह शीर्ष पर चल रहे अमेरिकी खिलाड़ी जॉन कैटलिन से केवल एक शॉट पीछे हैं।

### अभय एशियाई स्क्वाश टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैम्पियनशिप में पुरूष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11–9, 11–2 से शानदार जीत सं पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी। फिर अभय ने तीसरी वरीय अनुभवी जोशना चिनप्पा ने मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चेंग नगा चिंग और लाई चेउक नाम मैथ्यू की हांगकांग की जोड़ी पर 11–8, 11–10 से जीत हासिल की। अब अभय और जोशना का सामना मिश्रित युगल फाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय टोंग त्सज विंग और टैंग मिंग हांग की जोड़ी से होगा।

### टाईब्रेकर में हारा भारत, कारुआना ने जीता खिताब

**बुखारेस्ट (रोमानिया)।** भारत के आर प्रज्ञाननंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई। अमेरिका के इस खिलाड़ी ने टाइब्रेकर में तीनों प्रतिद्वंदियों गुकेश, प्रज्ञाननंदा और अलीरेजा को हराकर 68500 अमेरिकी डॉलर का पहला पुरस्कार जीता।

# जिम्बाब्वे के घर में भारतीय युवा पस्त

## पहले टी-20 में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रन से हराया, रजा और चतारा ने झटके 3-3 विकेट



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान सिकंदर रजा के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर जिम्बाब्वे ने शनिवार को खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में भारत को 13 रनों से हराकर 8 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज की। बल्लेबाजों के लिए मुश्किल भरी पिच पर 116 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी के आगे भारतीय बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटते रहे और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। यह 2024 में भारत की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।

भारत की ओर से कप्तान शुभमन गिल ने 29 गेंदों में पांच चौके लगाते हुये सर्वाधिक (31) रनों की पारी खेली। 11वें ओवर में सिकंदर रजा ने गिल को बोल्ड का मैच का रुख पलटा। हालांकि इसके बाद वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ने एक बार फिर से टीम की वापसी करते हुये मैच रूख भारत के पक्ष में कर दिया था। आवेश ने 12 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये 16 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 27 रन बनाए। भारत के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। टी-20 मुकाबले में यह जिम्बाब्वे की भारत के खिलाफ तीसरी जीत है। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा और टेंडई चतारा ने तीन-तीन विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाट्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी और ल्यूक जॉन्गवे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारत के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया (शून्य) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्ले मधेवीरे और ब्रायन बेनेट ने दूसरे विकेट के लिये 34 रन जोड़े। छठें ओवर में रवि बिश्नोई ने ब्रायन बेनेट (22) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया।

बिश्नोई ने आठवें ओवर में वेस्ले मधेवीरे (21) को भी बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान सिकंदर रजा ने (17) डिओन मेयर्स (23) रन बनाकर आउट हुये। क्लाइव मडांडे ने 25 गेंदों में नाबाद (29) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी के आगे जिम्बाब्वे के पांच बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके। रवि बिश्नोई (चार विकेट) और वॉशिंगटन सुंदर (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को निर्धारित 20 ओवरों में 115 स्कोर रोक दिया था। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 12 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए और इस तरह टी-20 में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मुकेश कुमार और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला।




सिकंदर रजा की गेंद को समझने में नाकाम हुए कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | 115/9 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई | 21 | 22 | 3/0 |
| इनोसेंट केइया बो मुकेश | 0 | 1 | 0/0 |
| ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई | 22 | 15 | 5/0 |
| सिकंदर रजा का बिश्नोई बो आवेश | 17 | 19 | 1/1 |
| डियोन मायर्स का और बो सुंदर | 23 | 22 | 2/0 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 0 | 1 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे नाबाद | 29 | 25 | 4/0 |
| वेलिंगटन मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर | 0 | 0 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई | 1 | 3 | 0/0 |
| ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई | 0 | 2 | 0/0 |
| टेंडाइ छटारा नाबाद | 0 | 9 | 0/0 |

अतिरिक्त : 2, गेंदबाजी : खलील 3–0–28–0, मुकेश 3–0–16–1, बिश्नोई 4–2–13–4, अभिषेक 2–0–17–0, आवेश 4–0–29–1, सुंदर 4–0–11–2

| भारत | 102/10 (19.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| अभिषेक कैच मसाकाजा बो बेनेट | 0 | 4 | 0/0 |
| शुभमन गिल बोल्ड सिकंदर रजा | 31 | 29 | 5/0 |
| ऋतुराज कैच इनोसेंट बो मुजाराबानी | 7 | 9 | 1/0 |
| रियान पराग कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 2 | 3 | 0/0 |
| रिंकू सिंह कैच ब्रॉडेन बो छटारा | 0 | 2 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल कैच मडांडे बो जोंगवी | 7 | 14 | 1/0 |
| वॉशिंगटन कैच मुजाराबानी बो जोंगवी | 27 | 34 | 1/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा | 9 | 8 | 2/0 |
| आवेश खान कैच रजा बो मसाकाजा | 16 | 12 | 3/0 |
| मुकेश बोल्ड रजा | 0 | 3 | 0/0 |
| खलील अहमद नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : ब्रायन बेनेट 1–1–0–1, वेलिंगटन मसाकाजा 3–0–15–1, टेंडाइ छटारा 3 .5–1–16–3, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4–0–18–1, ल्यूक जोंगवी 4–0–28–1, सिकंदर रजा 4–0–25–3

# करो या मरो मुकाबले में वापसी करना चाहेगी भारतीय महिला टीम



**मैच का समय : शाम 07:00 बजे**

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम पहले मैच में 12 रन से मिली हार के बाद रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए दूसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण में सुधार करना चाहेगी। भारत को शुक्रवार को हुए पहले मैच में कैच छूटने और बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा जिससे टीम दक्षिण अफ्रीका के चार विकेट पर 189 रन के जवाब में 20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के इस मौजूदा दौरे में यह पहली जीत थी और इससे पहले उसे वनडे श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था जबकि एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से शिकस्त मिली थी। शुक्रवार के मैच के बाद दोनों टीमों के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। भारत की ऋचा घोष और दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स को क्रमशः सिर में चोट और मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। खिलाड़ियों के दिमाग में क्षेत्ररक्षण में फ्लॉप शो जरूर चल रहा होगा। विशेषकर पर तब जब मुख्य कोच कोच अमोल मजूमदार इस मामले में बेहद सख्त हैं।

### हमने गेंदबाजी में गलतियां की : राधा

**चेन्नई।** भारतीय स्पिनर राधा यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी–20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 12 रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों ने कुछ गलतियां की जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा। तजमिन ब्रिट्स (81) और मारिजान कैप (57) ने गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी जिससे दक्षिण अफ्रीका चार विकेट पर 189 रन बनाने में सफल रहा। जवाब में भारत चार विकेट पर 177 रन ही बना पाई। राधा ने कहा यह जानना महत्वपूर्ण था कि विकेट पर किस लेंथ और किस गति से गेंदबाजी करनी है। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में कुछ गलतियां की। हमने उन्हें 10 से 15 रन अधिक बनाने दिए। हमें उन्हें यॉर्कर लेंथ पर गेंद करनी चाहिए थी। हमें रणनीति पर अमल करना होगा और जल्द ही विकेट के व्यवहार को समझना होगा।



### विंबलडन सेंटर कोर्ट पर तेंदुलकर का अभिवादन

**लंदन।** चैंपियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का शनिवार को दोपहर में यहां पहुंचने पर विंबलडन सेंटर कोर्ट पर दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। बादामी रंग का सूट पहने तेंदुलकर ने हाथ हिलाकर सभी के अभिवादन का जवाब दिया। विंबलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन। सेंटर कोर्ट पर प्रस्तोता ने भी तेंदुलकर का स्वागत करते हुए कहा हमारे बीच भारत के महान क्रिकेटर, विश्व कप विजेता और क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लीजैंड हैं।



सचिन तेंदुलकर का स्वागत कीजिये। इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी रॉयल बॉक्स में बैठे थे। तेंदुलकर पिछले काफी साल से नियमित तौर पर विंबलडन देखने जाते हैं।

**पेरिस डायमंड लीग**

### साबले और जेना के सामने होंगे विश्व स्तरीय खिलाड़ी



**पेरिस।** भारत के शीर्ष स्टीपलचेस एथलीट अविनाश साबले और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना रविवार को एक दिवसीय डायमंड लीग के पेरिस चरण में अपनी ओलंपिक तैयारियों को बेहतर करने की उम्मीद करेंगे।

मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ समय से परेशान कर रही जांघ की समस्या के कारण इसमें हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। साबले और जेना दोनों ही फॉर्म में नहीं हैं और उन्होंने ओलंपिक से पहले ज्यादा प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं लिया है। पर अब वे पेरिस की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की कोशिश करेंगे। ओलंपिक में एथलेटिक्स स्पर्धायें एक अगस्त से शुरू होंगी। 29 वर्षीय साबले ने अभी तक दो 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धाओं में हिस्सा लिया है। उन्होंने पोर्टलैंड में 8:21.85 और पंचकुला में 8:31.75 का समय निकाला था जबकि उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:11.20 है। एशियाई खेलों के मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता ने कहा मैंने पिछले दो साल में गलतियां की हैं।

# सदस्य इकाइयों से डाउनलोड होंगे खिलाड़ियों के पहचान पत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया की ई-गवर्नेंस की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अब खिलाड़ी सदस्य इकाइयों के पोर्टल से सीधे अपने पहचान पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों के लिए डिजिटल पहचान पत्र को जारी करने की प्रणाली शुरुआत कर दी है। यह नई प्रणाली पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। यह कई प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करती है।

पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया में सदस्य इकाई पोर्टल पर खिलाड़ी पंजीकरण, सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण तथा दस्तावेज प्रस्तुत करना, सदस्य इकाई द्वारा प्रोफाइल की समीक्षा, हॉकी इंडिया को स्वीकृत प्रोफाइल प्रस्तुत करना, हॉकी इंडिया द्वारा अंतिम समीक्षा और अनुमोदन तथा आखिर में खिलाड़ियों को सदस्य इकाई पोर्टल पर अपना विवरण दर्ज करके सीधे अपना डिजिटल आईडी



कार्ड डाउनलोड करने की क्षमता शामिल है। इन सुविधाओं को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप सिंह टिर्की ने कहा, हमें आधार कार्ड मॉडल की तरह डिजिटल खिलाड़ी पहचान पत्र पेश करने पर बहुत गर्व है। यह एक अच्छी पहल है। हॉकी इंडिया का यह कदम न केवल हमारे खिलाड़ियों के लिए पहचान पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, बल्कि पहुंच और सुविधा को भी काफी हद तक बढ़ाता है। प्रशासनिक प्रक्रियाओं को आधुनिक तथा सरल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है।

# एंडर्स एंटोनसेन को हराकर राजावत सेमीफाइनल में

कैलगरी (कनाडा), एजेसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शीर्ष वरीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराकर कनाडा ओपन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने शुक्रवार रात एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी हालांकि क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। यह तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी चीनी ताइपे के पेई शान हसीह और एन-त्जु हंग से 18-21 21-19 16-21 से हार गई। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से



होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9–9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। एंटोनसेन ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी की लेकिन राजावत ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे गेम में राजावत एक समय 5-1 से आगे थे लेकिन एंटोनसेन इंटरवल तक 11-10 मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

# घुटने के दर्द से जूझते हुए जीते ज्वेरेव

लंदन, एजेंसी

जर्मनी के खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने घुटने की समस्या, मैराथन टाई-ब्रेकर और रॉयल बॉक्स में अपने आदर्शों में से एक को देखने की घबराहट पर काबू पाकर यहां विंबलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने शनिवार को सेंटर कोर्ट पर टाईब्रेकर में अपना छठा मैच प्वाइंट हासिल करने के बाद कैमरून नौरी को 6-4, 6-4, 7-6 (15) से हरा दिया। नौरी टूर्नामेंट में आखिरी ब्रिटिश खिलाड़ी थे। ज्वेरेव दूसरे सेट में गिरने के बाद बायें घुटने से परेशान रहे उन्हें कई बार उपचार की जरूरत पड़ी।

रॉयल बॉक्स में कई प्रमुख खेल हस्तियां बैठी थीं जिसमें से एक मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को देखकर वह थोड़े नर्वस भी थे। ज्वेरेव ने कहा, जब मैंने पेप को देखा तो मैं कुछ गेम के दौरान नर्वस हो गया था। बेन शेल्टन भी चौथे दौर में पहुंच गए। तीसरे पांच सेट के मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को हराया जिसे पहले सेट में बारिश के कारण रात भर के लिए स्थगित कर दिया था। वहीं, उगो हम्बर्ट ने ब्रैंडन नाकाशिमा को हराया जिससे अब उनका सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। महिला वर्ग में चीन की जिन्यू वांग ने ब्रिटेन की हैरियट डार्ट को हराया। जबकि येलेना ओस्टापेंको ने बर्नार्डा पेरा को 6-1, 6-3 से पराजित किया।




एलेक्जेंडर ज्वेरेव

- ज्वेरेव बोले- पेप को देखा तो हो गया था नर्वस
- चौथे दौर में पहुंचे बेन शेल्टन, उगो हम्बर्ट भी जीते
- महिला वर्ग में चीन की जिन्यू जीतीं

### बारिश ने बाधित किया खेल, डि मिनौर को वॉकओवर

**लंदन।** बारिश के कारण लगातार दूसरे दिन विम्बलडन में खेल बाधित हो गया और मौसम विभाग का कहना है कि यह मौसम दोपहर तक बना रह सकता है। नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर को चौथे दौर में वॉकओवर मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी फ्रांस के क्वालीफायर लुकास पोउली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया। दूसरे दौर में भारत के यूकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट्टी को जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से पुरुष युगल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# रोनाल्डो का सपना टूटा, फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंचा

हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनाई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना तोड़ दिया।

इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। फ्रांस को यूरो 2021 के अंतिम 16 में और विश्व कप 2022 के फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां किस्मत उसके साथ थी। पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।




यूरो 2024 में फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हार के बाद पेपे को गले लगाते पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

### मेरिनो के गोल से स्पेन सेमीफाइनल में, जर्मनी बाहर

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2–1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1–1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। मेरिनो ने गोल करने के बाद कॉर्नर फ्लैग के पास उसी तरह से जश्न मनाया जैसे उनके पिता मिगुएल मेरिनो ने 1991 में यूएफा कप में इसी स्टेडियम में खेले गए मैच में ओसासुना की तरफ से स्टुटगार्ट के खिलाफ गोल करने के बाद मनाया था। मेरिनो ने कहा मैं जानता था कि बहुत कम समय बचा है और यह हमारी तरफ से आखिरी हमला हो सकता है। कुछ सेकेंड तक तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मैंने गोल कर दिया है। मैं बेहद खुश हूं। हमने कड़ी मेहनत की थी और हमें अपने पर भरोसा था। मैच में तीनों गोल स्थानापन खिलाड़ियों ने किए।




जर्मनी के खिलाफ मैच में हेडर लगाता स्पेन का खिलाड़ी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### ट्यूनीशिया ने राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की

**ट्यूनिस।** ट्यूनीशिया में राष्ट्रीय चुनाव कराने वाली स्वतंत्र निकाय (आईएसआईई) ने अगले राष्ट्रपति चुनाव के लिये कार्यक्रमों की घोषणा की है। ट्यूनिस अफ्रीक प्रेस (टीएपी) ने शुक्रवार को बताया है कि आईएसआईई तीन सितंबर को राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा करेगा। चुनाव अभियान 14 सितंबर से शुरू होगा और चार अक्टूबर को समाप्त होगा। राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम परिणाम नौ नवंबर तक घोषित किए जाएंगे। देश के मौजूदा राष्ट्रपति कैस सईद 2019 में चुने गए थे। उन्होंने अभी तक 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की घोषणा नहीं की है।

### चीन में शक्तिशाली तूफान पांच लोगों की मौत

**जिनान।** पूर्वी चीन के शांदोंग प्रांत के हेज शहर में आए शक्तिशाली तूफान में पांच लोगों की मौत हो गयी है। हेज के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर को डोंगमिंग काउंटी और जुआनचेंग काउंटी में आए भयंकर तूफान में 88 लोग घायल हो गये। इनमें से पांच लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आपदा में कुल 2,820 घर, 60,900 म्यू (4,060 हेक्टेयर) फसलें और 48 बिजली आपूर्ति लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयीं।

### लेबनान-इजरायल सीमा पर बढ़ सकता तनाव

**संयुक्त राष्ट्र।** संरा ने ब्लू लाइन के नाम से मशहूर लेबनान-इजरायल सीमा पर तेज झड़पों पर शुक्रवार को गंभीर चिंता व्यक्त की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता के कार्यालय के एक नोट के अनुसार गुरुवार को हुई शत्रुता की यह हालिया वृद्धि, पूर्ण पैमाने पर युद्ध के खतरे को बढ़ाती है। नोट में संयम की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है, जिसमें कहा गया है, टकराव बढ़ने से बचा जा सकता है।

### पाकिस्तानी प्रांतों में बाढ़ की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एनडीएमए ने देश में जारी मूसलाधार वर्षा के कारण संभावित बाढ़ आने को लेकर चेतावनी जारी की है। एनडीएमए के राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि बारिश के कारण इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब के कुछ हिस्सों और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की स्थानीय नदियों में अचानक बाढ़ आने के आसार हैं।

# मानसून में एसी का इस्तेमाल करते वक्त जान लें ये जरूरी बातें, वरना हो सकता नुकसान

मानसून के मौसम में तापमान में गिरावट तो आती है लेकिन कई बार यह बारिश उमस भी बढ़ा देती है। उमस से बचने के लिए हम एसी का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस मौसम में एसी के रखरखाव की जरूरत बढ़ जाती है क्योंकि नमी वाले वातावरण में एसी आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल बारिश के समय बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इनके लिए एसी का नम तापमान सबसे मुफीद माना जाता है। इसलिए बरसात के मौसम में एसी का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। इसलिए मानसून के समय एसी को किस टेंपरेचर पर चलाना सही है, साथ ही जानेंगे कि एसी का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए



### मानसून में हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती है

बारिश की वजह से जब बाहर का मौसम ठंडा हो जाए तो कई घंटे तक एसी का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। मानसून के दौरान रात भर एसी चलाकर सोने से मसल्स में दर्द या थकान हो सकती है। एसी की ठंडक की वजह से सर्दी, जुकाम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। एक बार जब एसी से कमरा ठंडा हो जाए तो सीलिंग फैन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल जरूरी

बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वोल्टेज के घटने-बढ़ने की सामने आती है। ऐसे में एसी व घर के अन्य एप्लायंसेज की सेफ्टी के लिए वोल्टेज स्टेबलाइजर्स का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। यह बिजली की अचानक होने वाली कटौती और उतार-चढ़ाव से बचाता है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसेज की शेल्फ लाइफ को बढ़ाता है।

### एसी का टेंपरेचर पर ध्यान दें

मानसून के दौरान एसी को 24 से 30 डिग्री टेंपरेचर के बीच चलाने की सलाह दी जाती है क्योंकि बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा ठंडा रखना स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है। इस पर बिजली की खपत भी कम होती है। बारिश के समय एसी का इस्तेमाल करना सही है या नहीं यह यक्ष प्रश्न हमेशा लोगों के मन में उठता है, लेकिन हमेशा कम तापमान में एसी चलाने से बचना चाहिए।

### क्या बारिश होने पर एसी चालू करना सही है

सिर्फ बारिश से एयर कंडीशनर को कोई खासा नुकसान नहीं पहुंचता है क्योंकि अधिकांश एसी में मौसम के अनुसार ठंडा, गर्म, ड्राई करके का ऑप्शन दिया होता है। हालांकि तेज बारिश और आंधी-तूफान की स्थिति में एसी को बंद करना ही बेहतर है क्योंकि आंधी-तूफान से एसी यूनिट के आस-पास धूल-मिट्टी जमा हो सकती है। साथ ही बारिश की वजह से एसी के कॉइल गीले हो सकते हैं। इससे ओवरहीटिंग के कारण ब्रेकडाउन हो सकता है। अगर आउटर यूनिट वाली जगह कवर नहीं है तो एसी को नहीं चलाना चाहिए। विंडो एसी में भी अगर उसका पिछला हिस्सा खुली जगह में है तो तेज बारिश के दौरान उसे बंद रखना ही बेहतर है।

### ऐसे करें एसी का रखरखाव

- तेज बारिश आउटडोर यूनिट को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए आउटडोर यूनिट को बारिश के डायरेक्ट एक्सपोजर से बचाने के लिए उसके ऊपर टीन कवर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- बारिश के दौरान एसी में पानी का रिसाव, पानी की रुकावट और फिल्टर के जाम होने की समस्या पैदा हो सकती है। इसलिए मानसून से पहले एसी की मरम्मत कराना जरूरी है।
- मानसून के मौसम से पहले एसी की सर्विसिंग जरूर कराएं। सर्विसिंग से यह पता लगाया जा सकता है कि एसी के सभी पाट्र्स सही से काम कर रहे हैं या नहीं। शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है।
- बारिश के मौसम में ड्राई मोड का इस्तेमाल करना चाहिए। यह हवा से नमी को हटाता है और कमरे को ठंडा और ड्राई बनाता है।

# स्टार्मर बोले-एफटीए को जल्द करेंगे पूरा

## मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से फोन पर की बातचीत, शीघ्र भारत आने का दिया निमंत्रण

नई दिल्ली, एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर से शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर बात की और उन्हें शीघ्र भारत आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान स्टार्मर ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए वह तैयार हैं। भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी।

उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं ने जल्द से जल्द मिलने की उम्मीद जताई। जनवरी, 2022 में जब बोरिस जॉनसन ब्रिटिश प्रधानमंत्री थे, तब से दोनों पक्ष 38.1 अरब पाउंड की द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके बाद से वार्ता को ब्रिटेन में राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा। पहले लिज ट्रस को थोड़े समय के लिए प्रधानमंत्री बनाया गया, उसके बाद ऋषि सुनक ब्रिटेन के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री बने।

फोन पर बातचीत में दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। मोदी ने स्टार्मर को शीघ्र भारत की यात्रा पर आने का निमंत्रण दिया है तथा दोनों नेता आपस में बराबर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। यहां प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि मोदी ने प्रधानमंत्री स्टार्मर से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने बातचीत में भारत और ब्रिटेन के ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख किया और पारस्परिक व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराया।

**दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक भागीदारी को और विस्तार देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी**



### मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई, अगले सप्ताह नाटो की बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे

लंदन। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शनिवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई। स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में अपने नए आधिकारिक आवास के बाहर समर्थकों की मौजूदगी में कहा किसी देश को बदलना स्विच दबाने जैसा नहीं है। इसमें कुछ समय लग जाएगा। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बदलाव का काम तुरंत शुरू हो गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री अगले सप्ताह नाटो बैठक के लिए वाशिंगटन जाएंगे और 18 जुलाई को यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

### प्रधानमंत्री स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) शनिवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

### आलोक शर्मा उच्च सदन के सदस्य मनोनीत

लंदन। भारतीय मूल के पूर्व सांसद आलोक शर्मा को संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स का सदस्य मनोनीत किया गया था। शर्मा के मनोनयन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपनी मुहर लगा दी जिसके बाद वह हाउस ऑफ लार्ड्स के सदस्य बन गये हैं। ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने (दो दिन पहले) शर्मा समेत सात व्यक्तियों को उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री थेरेसा मे भी शामिल हैं। शर्मा ने कहा कंजरवेटिव पार्टी के कई अच्छे उम्मीदवारों का हारते देखकर दुख हुआ। आगरा में जन्मे शर्मा (56) को दो साल पहले सीओपी-26 जलवायु शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उनके नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने को लेकर उनके योगदान के लिए चार्ल्स तृतीय की नव वर्ष सम्मान सूची में सर आलोक की उपाधि दी गई थी।

# ईरान की जनता ने सुधारवादी नेता को स्वीकारा, कट्टरपंथी को नकारा

दुबई, एजेंसी

- सुधारवादी पेजेशकियान ने हिजाब कानून में ढील देने का किया वादा, आर्थिक प्रतिबंधों के संकट से बाहर निकालना होगा चुनौती
- हृदय रोग विशेषज्ञ हैं पेजेशकियन, चुनाव प्रचार के दौरान शिया शासन प्रणाली में परिवर्तन नहीं करने का किया था वादा

ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। सुधारवादी मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है, उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया है। पेजेशकियन ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और देश में अनिवार्य हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है।

ईरान में राष्ट्रपति का चुनाव ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर पश्चिम एशिया में व्यापक स्तर पर तनाव है और ईरान पिछले कई वर्षों से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पेजेशकियन का झुकाव पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी की ओर है, जिनके शासन के तहत तेहरान ने विश्व शक्तियों के साथ 2015 का ऐतिहासिक परमाणु समझौता किया था। हालांकि, यह परमाणु समझौता रद हो गया था और कट्टरपंथी नेता दोबारा सत्ता पर काबिज हो गए थे। पेजेशकियन (69) फिर से परमाणु समझौता करने और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने के पक्षधर हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रिय ईरानवासियों, चुनाव समाप्त हो चुके हैं और यह हमारे सहयोग की शुरुआत मात्र है। आगे का कठिन रास्ता आपके सहयोग, साथ और विश्वास के बिना आसान नहीं होगा। मैं अपना हाथ आपकी ओर बढ़ाता हूं और कसम खाता हूं कि मैं आपको इस रास्ते पर अकेला नहीं छोड़ूंगा। आप भी मुझे अकेला मत छोड़िएगा।



जीत का जश्न मनाते मसूद पेजेशकियान

### कौन हैं मसूद पेजेशकियान

29 सितंबर 1954 को जन्में मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और वह ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं। साल 1994 में एक कार हादसे में मसूद पेजेशकियान की पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी। पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। मसूद पेजेशकियान ने साल 2011 में पहली बार ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं।

# यूक्रेन पर परमाणु हमले के विकल्प खुले हैं

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन यदि यूक्रेन की मदद कर रहे पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को ऐसा कभी नहीं करेगा तो यह उनकी गलती है।

पुतिन ने यह संदेश ऐसे समय में दिया है जब यूक्रेनी सैन्य बलों को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश मदद पहुंचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। पुतिन ने इन नाटो सदस्यों को स्पष्ट संदेश दिया कि यूक्रेन को सैन्य सहायता मुहैया कराने पर उनका रूस के साथ संघर्ष हो सकता है जो परमाणु संघर्ष में बदल सकता है।

मॉस्को ने हाल में दक्षिणी रूस में सहयोगी बेलारूस के साथ मिलकर अपने परमाणु हथियार संबंधी सामरिक तैयारी के लिए अभ्यास किया। पश्चिमी देश यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती और रूसी क्षेत्र में सीमित हमलों के लिए उसे लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति देने पर विचार कर रहे हैं। रूस ने अपने सैन्य अभ्यास को पश्चिमी देशों के इसी कदम की प्रतिक्रिया बताया। पुतिन ने यूक्रेन में 24 फरवरी 2022 को हमला शुरू किया था और इसके बाद से वह युद्ध में पश्चिमी देशों के हस्तक्षेप को हतोत्साहित करने के लिए रूस की परमाणु ताकत का कई बार जिक्र कर चुके हैं।



- बोले- पश्चिमी देश सोचते हैं कि मॉस्को परमाणु का इस्तेमाल नहीं करेगा तो यह उनकी गलती

### पुतिन बोले- अगर हमला किया तो अमेरिका बचाने नहीं आएगा

पुतिन ने रूस की हालिया सैन्य सफलताओं के बीच कहा कि मॉस्को को यूक्रेन में जीत के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं है लेकिन यूरोप में खासकर छोटे देशों समेत नाटो के सदस्यों के प्रतिनिधियों को यह अंदाजा होना चाहिए कि वह किसके साथ खेल रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि रूस उन पर हमला करता है तो अमेरिकी सुरक्षा पर भरोसा करना उनकी गलती हो सकती है। पुतिन ने कहा लगातार तनाव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यदि यूरोप में ये गंभीर परिणाम होते हैं, तो सामरिक हथियारों के मामले में हमारी क्षमता को देखते हुए अमेरिका क्या कदम उठाएगा ? कहना मुश्किल है। क्या वे वैश्विक संघर्ष चाहते हैं।

### सीमा पार से दुश्मन कश्मीर में भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल कर रहा

**डोडा/जम्मू।** डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि सीमा पार से दुश्मन जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बरकरार रखने के मद्देनजर लोगों में भय का माहौल पैदा करने के लिए भाड़े के विदेशी सैनिकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। डीजीपी स्वैन ने कहा कि पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। डोडा जिले के गंदोह इलाके में हाल में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बहादुरी के लिए सात विशेष पुलिस अधिकारियों को पदोन्नत करने के बाद वह पत्रकारों से बातकर रहे थे।



# इजराइल-हमास संघर्ष विराम की राह की साफ

दीर-अल-बला, एजेंसी

- अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को प्रारंभिक मंजूरी दे दी, अहम मांग अभी छोड़ी

हमास ने अपनी अहम मांग छोड़कर गाजा में चरणबद्ध संघर्ष विराम समझौते के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को प्रारंभिक मंजूरी दे दी है। हमास और मिस्र के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि हमास ने अपनी इस प्रमुख मांग को छोड़ दिया है कि इजराइल युद्ध को पूरी तरह से समाप्त करने की सार्वजनिक प्रतिबद्धता जताए।

उग्रवादी समूह द्वारा किया गया स्पष्ट समझौता पिछले नवंबर से जारी लड़ाई को पहली बार रोकने में मदद करने के साथ नौ महीने के विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने पर आगे की बातचीत के लिए मंच तैयार कर सकता है। लेकिन सभी पक्षों ने आगाह किया कि समझौते की अब भी गारंटी नहीं है। इजराइल पर 7 अक्टूबर के हमले के साथ युद्ध शुरू होने से पहले हमास गाजा को नियंत्रित करता था। दोनों अधिकारियों ने कहा कि वाशिंगटन के चरणबद्ध समझौते में सबसे पहले छह सप्ताह का समग्र और पूर्ण संघर्ष विराम शामिल होगा, जिसमें सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों समेत कई बंधकों की रिहाई होगी। इन 42 दिनों के दौरान, इजराइली सेना गाजा के घनी आबादी वाले इलाकों से हट जाएगी और विस्थापित लोगों को उत्तरी गाजा में उनके घरों में लौटने की अनुमति देगी।




### मध्यस्थों से लिखित गारंटी चाहता है हमास

हमास अब भी मध्यस्थों से लिखित गारंटी चाहता है कि पहला चरण प्रभावी होने के बाद इजराइल स्थायी संघर्ष विराम समझौते पर बातचीत जारी रखेगा। हमास के प्रतिनिधि ने बताया कि समूह की मंजूरी मध्यस्थों से मौखिक प्रतिबद्धताओं और गारंटी प्राप्त करने के बाद आई है कि युद्ध फिर से शुरू नहीं किया जाएगा और स्थायी संघर्ष विराम तक बातचीत जारी रहेगी। इससे पहले संघर्ष विराम वार्ता नहीं हो सकी है क्योंकि हमास इस मांग पर अड़ा है कि किसी भी समझौते में युद्ध का पूर्ण अंत शामिल हो। नेतन्याहू ने लड़ाई को रोकने की पेशकश की है, लेकिन पूरी तरह से तब तक समाप्त नहीं किया जाएगा जब तक कि इजराइल हमास की शासन करने और सैन्य क्षमताओं को नष्ट करने तथा आतंकवादी समूह द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर लेता।

## बॉलीवुड हलचल

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के संगीत समारोह में मचाई धूम

**मुंबई।** मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह में अपनी प्रस्तुतियों से मनोरंजन जगत और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जस्टिन बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे थे। उन्होंने रात में नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। समारोह में सलमान खान, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, अर्जुन कपूर जैसी बॉलीवुड की हस्तियों के अलावा क्रिकेटर एम एस धोनी उपस्थित रहे।



### सलमान को पसंद आया विक्की कौशल का तौबा-तौबा डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान को विक्की कौशल का तौबा तौबा गाना पर डांस बेहद पसंद आया है। विक्की कौशल की आने वाली फिल्म बैड न्यूज से उनका गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कई सेलेब्स ने उनकी डांस मूव्स की तारीफ की। अब सलमान खान ने भी विक्की का डांस वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने उनके डांस मूव्स की तारीफ भी की है। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर वीडियो सॉन्ग 'तौबा तौबा' शेयर कर कैप्शन में लिखा,शानदार मूव्स विक्की, गाना बहुत अच्छा लग रहा है। बेस्ट विशेज। सलमान खान से तारीफ पाकर विक्की कौशल को बेहद खुशी हुई। विक्की ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, सो स्वीट ऑफ यू सलमान सर।



### अमिताभ ने फैंस के प्रति जताया आभार

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की सफलता के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के प्रति आभार जताया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। कल्कि 2898 एडी को समीक्षकों और दर्शकों से शानदार समीक्षा मिली है। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जो भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**हुंकार** बइडेन ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं व खराब प्रदर्शन से चुनावी दौड़ से बाहर होने की अटकले की खारिज

# केवल भगवान ही मुझे चुनाव लड़ने से रोक सकता है


वाशिंगटन, एजेंसी

- अटलांटा में 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद गिरी रेटिंग
- कई नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का किया था आग्रह

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुई पहली बहस में खराब प्रदर्शन के बाद, उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने को लेकर लगाई जा रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर ही उन्हें मुकाबले से बाहर होने के लिए राजी कर सकते हैं।

बाइडेन (81) ने यह बात एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार के दौरान कही। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी (डेमोक्रेटिक पार्टी) के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।

बाइडेन ने कहा कि राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई अपनी पहली बहस से पहले वह थके हुए और बीमार थे। साथ ही कहा कि केवल भगवान ही उन्हें 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर कर सकते हैं। बाइडेन ने दावा किया कि वह दुनिया को चला रहे हैं और राष्ट्रपति बनने के लिए उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का लक्ष्य लिए चुनावी मैदान में उतरे बाइडेन ने ट्रंप पर आदतन झूठा होने का आरोप लगाया। बाइडेन ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति पद के चुनाव के तहत हुई अपनी पहली बहस में अपने खराब प्रदर्शन को लेकर कहा मैं थक गया था। मैंने तैयारी के दौरान अपने मन की बात नहीं सुनी। अपनी पहली बहस के बाद किसी टेलीविजन चैनल के साथ उनका पहला साक्षात्कार था।



### मैं बीमार था और अस्वस्थ महसूस कर रहा था

उन्होंने कहा मैं बीमार था और बहुत अस्वस्थ महसूस कर रहा था। चिकित्सक मेरे साथ थे। मैंने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने मेरी कोविड-19 संबंधी जांच की है। वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे थे कि मेरे बीमार होने का कारण क्या है। उन्होंने मेरी कोविड जांच की लेकिन मुझे संक्रमण नहीं हुआ था। मुझे बस सर्दी लगी थी। बाइडेन ने कहा कि बहस में उनके खराब प्रदर्शन में किसी और की नहीं बल्कि मेरी गलती थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के किसी भी प्रमुख नेता ने उनसे चुनाव से हटने के लिए नहीं कहा है। बाइडेन ने इससे पहले विस्कॉन्सिन में एक रैली के दौरान कहा कि वह चुनावी दौड़ में हैं और वह फिर से चुनाव जीतेंगे।